

झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक





रांची, गुरुवार, 12 दिसंबर 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रुपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -174 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



हेमंत कुमार ओहदार
व्यवसाय , गुमला

जीवन में सफलता की सिर्फ एक ही कुंजी होती है , जिसे निस्वार्थ बिना रुके और थके किया जाता है और वह मेहनत होती है ,जो की बड़ी ही इमानदारी से करनी पड़ती है , तभी आप अपने जीवन में एक सफल व्यक्ति की पहचान बना पाते हैं ।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : 73,300
चांदी (प्रति किलो) : 97,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 81,526.14
निफ्टी :- 24,641.80

## मौसम

अधिकतम तापमान : 21 °
न्यूनतम तापमान : 10 °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 06:20
संध्या :- 17:04

## आज का इतिहास

आज ही के दिन 1789 को उत्तरी कैरोलिना विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका का सबसे पुराना सार्वजनिक विश्वविद्यालय, की स्थापना की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति भवन ने रांची सिविल कोर्ट के एडीजी के खिलाफ शिकायत पर लिया संज्ञान

**रांची/नयी दिल्ली।** रांची सिविल कोर्ट के एडीजे सात सह स्पेशल जज विशाल श्रीवास्तव पर लगाये गये आरोपों और उनके खिलाफ की गयी शिकायत पर राष्ट्रपति भवन ने संज्ञान लिया है. अवर सचिव गौतम कुमार ने भारत सरकार के न्याय विभाग के संयुक्त सचिव को स्वतः स्पष्ट याचिका को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया है. बता दें कि विशाल श्रीवास्तव के खिलाफ शिकायत में यह कहा गया है कि उन्होंने बड़कागांव के एक केस में सूचक द्वारा मात्र दो लोगों के खिलाफ लिखित केस करने की बात गवाही में स्वीकार करने के बाद अन्य लोगों को छह महीने की सजा दी. इसके अलावा एक अन्य केस में उन पर सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के विपरीत ट्रायल चलाने का आरोप लगाया गया है.

### नहाने के दौरान तालाब में डूबा युवक, 28 घंटे बाद मिला शव

**गिरिडीह।** जिले के सरिया थाना क्षेत्र के बलीडीह गांव में नहाने के दौरान एक युवक तालाब में डूबने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक को तालाब से निकालने की कोशिश की गई लेकिन उसका पता नहीं चला है तालाब में डूबे युवक का नाम मोहित राणा बताया जा रहा है। मोहित सुभाष राणा का पुत्र है और कोडरमा जिले का रहने वाला है। इन दिनों वह अपने मामा के घर बलीडीह आया हुआ था। मंगलवार शाम में गांव के तालाब में नहाने गया था। घटना के बाद काफी संख्या में स्थानीय लोग जुटे। जानकारी मिलने के बाद एसडीएम संतोष गुप्ता, एसडीपीओ धनंजय राम के साथ सरिया थाना प्रभारी और बीडीओ भी तालाब पहुंचे इस दौरान स्थानीय लोगों ने युवक को काफी ढूंढने की कोशिश की लेकिन युवक का कुछ नहीं पता चल सका। बताया गया कि बेरमो से एनडीआरएफ टीम को सूचना भेजी गई किसी भी समय टीम बुधवार को बलीडीह पहुंचेगी और डूबे युवक को निकालने की कोशिश करेगी ।

# झारखंड विधानसभा : पत्रकारों को मिलेगा पेंशन-बीमा, केंद्र से लिया जाएगा एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए का बकाया

## चालू वित्तीय वर्ष के लिए पेश हुआ 11697 करोड़ का अनुपूरक बजट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन राज्यपाल संतोष गंगवार का अभिभाषण हुआ. इसके अलावा वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11697 करोड़ रुपए का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया. इसके बाद सदन गुरुवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गया. राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि कई सदस्य पुराने हैं जबकि कई नये चेहरे भी चुनकर आये हैं. इस तरह से सदन में अनुभवी और नये चेहरों का समागम हुआ है. सबको मिलकर जनादेश का सम्मान करना चाहिए और जन भावनाओं के अनुसार काम करना चाहिए. विधानसभा की आदर्श परंपरा और कीर्ति को मिलकर आगे बढ़ाना है. इस दौरान सदन में स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, सीएम हेमंत सोरेन और कैबिनेट सहयोगियों के अलावा पक्ष, विपक्ष के नवनिर्वाचित विधायक भी उपस्थित थे.



### क्या है सरकार की तैयारी

राज्यपाल ने कहा कि केंद्र और राज्य के परस्पर सहयोग से राज्य की जनता का चहुंमुखी विकास होगा. केंद्र एवं उसकी कंपनियों के पास राज्य सरकार का एक लाख 36 हजार करोड़ का बकाया है, इसको वापस लाने को राज्य सरकार कानूनी रास्ता अपनाएगी. हो, मुंडारी, कुड़ुख और अन्य जनजातीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की पहल होगी. आदिवासी, मूलवासी के हित में स्थानीय नीति बनाकर तीसरे- चौथे श्रेणी की नौकरियों में शत-प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा. राज्य में निबंधित सभी पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण, बीमा और पेंशन का अधिकार सुनिश्चित किया जाएगा.

सहारा इंडिया के पीड़ितों को न्याय देने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक सरकार जाएगी. पांचवीं विधानसभा ने सर्वसम्मति से पिछड़े वर्ग को 27%, एसटी को 28% और दलित को 12% आरक्षण देने का विधेयक तथा सरना-आदिवासी धर्म कोड को पारित किया था जो फिलहाल गृह मंत्रालय के पास लंबित है. केंद्र से इन विषयों को स्वीकृत कराने का हर संभव प्रयास होगा.

राज्यपाल ने कहा कि राज्य में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना होगी. राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों की सरकारी पदों पर सीधी नियुक्ति की जाएगी. सभी जिला मुख्यालयों में बहुद्देशीय स्टेडियम सह खेल प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण के साथ ही एक-एक स्पोर्ट्स सेंटर ऑफ एक्सेलेंस का निर्माण किया जाएगा. फुटबॉल, हॉकी एवं तीरंदाजी जैसे खेलों में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए तीन बहुद्देशीय प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना की जाएगी.

### खेती, किसानी और शिक्षा को बढ़ावा

किसानों को 0% ब्याज दर पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाएगा. मनरेगा के तहत श्रमिकों को प्रतिदिन 350 रुपए मिल सके, इसके लिए सरकार अपनी निधि से सहयोग करेगी. राज्य की नदियों, डैम के पानी का सदुपयोग करने को लिफ्ट इरिगेशन योजना को आगे बढाते हुए 10,000 करोड रुपए की योजना प्रारंभ की जाएगी.

प्रखंड स्तर पर 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी. ऐसे सभी स्कूलों में खेल और संगीत शिक्षक की नियुक्ति की जाएगी. साथ ही 4500 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय प्रारंभ किए जाएंगे. केजी क्लास से पीएचडी तक निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी. प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज एवं प्रत्येक अनुमंडल में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय स्थापित किये जाएंगे. सभी प्रखंडों में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी सह शिक्षा सहयोग केंद्रों की स्थापना की जाएगी.

राज्य में 60000 पदों पर शिक्षकों, 15000 पदों पर हेडमास्टर, विभिन्न कार्यालयों में 2500 पदों पर लिपिक और विभिन्न थानों में 10,000 पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की जाएगी. 10,000 पदों पर भाषा शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी. राज्य में मदरसा बोर्ड का गठन किया जाएगा. अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड एवं उर्दू अकादमी का गठन किया जाएगा.

राज्य सरकार की सभी नियुक्तियों में महिलाओं के लिए 33% पद आरक्षित किये जाएंगे. सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत हर माह 2500 रुपए मिलेंगे. एसएचजी ग्रुप को 15,000 करोड़ रुपए का क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराते हुए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे.

# जेपीएससी के अध्यक्ष की नियुक्ति जल्द से जल्द करें झारखंड सरकार : हाई कोर्ट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में जेपीएससी 11 से 13 सिविल सेवा परीक्षा का साक्षात्कार एवं रिजल्ट जल्द प्रकाशन करने को लेकर दाखिल पवन कुमार वर्मा की रिट याचिका की सुनवाई की. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने झारखंड सरकार को जल्द से जल्द जेपीएससी अध्यक्ष के रिक्त पद को भरने का निर्देश दिया. कोर्ट ने कहा कि जेपीएससी में अध्यक्ष का पद पिछले 3 माह से रिक्त रहने से कई नियुक्ति प्रक्रिया बाधित हो रही है. झारखंड वेलफेयर स्टेट है यहां विधानसभा चुनाव होने के बाद एक पॉपुलर सरकार भी बन चुकी है, एक बेहतर स्टेट होने के नाते झारखंड में जेपीएससी अध्यक्ष के रिक्त पद को जल्द से जल्द भरे जाने की उम्मीद की जा रही है.

कोर्ट ने यह भी कहा कि आमतौर पर हाईकोर्ट राज्य सरकार की पॉलिसी मैटर पर हस्तक्षेप नहीं करती है लेकिन यहां मामला सैकड़ो अभ्यर्थियों की नियुक्ति से जुड़ा है जेपीएससी के अध्यक्ष नहीं होने से जेपीएससी 11 से 13 सिविल सेवा परीक्षा के साथ-साथ कई नियुक्ति प्रक्रिया भी लंबित पड़ी हुई है. इससे पहले प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि पिछले 3 माह से अधिक समय से झारखंड में जेपीएससी के अध्यक्ष का पद रिक्त है. जेपीएससी 11 से 13 की मेंस परीक्षा जून माह में पूरा होने के बाद सफल अभ्यर्थी साक्षात्कार एवं रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं लेकिन इस परीक्षा की नियुक्ति प्रक्रिया जेपीएससी अध्यक्ष के नहीं रहने से पूरी नहीं हो पा रही है. जेपीएससी के कैलेंडर के तहत अगस्त माह में साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी हो जानी थी जेपीएससी के अध्यक्ष के पद रिक्त होने से कई अभ्यर्थियों को उम्र सीमा के नुकसान होने एवं उनके करियर पर असर पड़ने की भी संभावना है. झारखंड में नई सरकार का गठन हो चुका है, कैबिनेट की बैठक भी हो रही है और सदन की कार्रवाई भी चल रही है. इसके अलावा संवैधानिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू हो गई है ऐसे में जेपीएससी के अध्यक्ष पद पर क्यों अब तक नियुक्ति नहीं हो रही है? सुनवाई के दौरान जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने कोर्ट को बताया कि जेपीएससी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के लिए उचित कार्रवाई कर रही है. ऐसे में जेपीएससी अध्यक्ष का रिक्त पद जैसे ही भरा जाएगा नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने की कार्रवाई तत्काल शुरू हो जाएगी.




## झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक में हेमंत सोरेन हुए शामिल

# लड़कर जीत हासिल की, कभी हार नहीं मानी : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में शामिल हुए. बैठक का आयोजन विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद आगे की रणनीति पर चर्चा करने के उद्देश्य से हुई. मौके पर झामुमो के सभी विधायक समेत पार्टी के सभी पदाधिकारी शामिल हुए. बैठक में पार्टी को दूसरे राज्यों में कैसे मजबूत बनाना है इसे लेकर मंथन हुआ . सीएम हेमंत सोरेन ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सभी कार्यकताओं का आभार जताते हुए आगे के शुभकामनाएं और बधाई दी



### कार्यकताओं को दी बधाई

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा संघर्ष से उपजी पार्टी है. इसी वजह से हमने हमेशा हक और अधिकार की लड़ाई लड़ी है. हमने लड़कर जीत हासिल की, कभी भी हार नहीं माना. उन्होंने कार्यकताओं को विधानसभा चुनाव में मिली जीत पर बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों की कड़ी मेहनत और करोड़ों राज्यवासियों के आशीर्वाद के फलस्वरूप झारखंड में मजबूत अबुआ सरकार का गठन हुआ. इसके आप सभी बधाई के पात्र हैं.

### हर कोने में मजबूत करना है झामुमो को- सीएम हेमंत सोरेन

हेमंत सोरेन ने आगे कहा कि हमें आने वाले समय में झामुमो को राज्य के हर कोने में मजबूत करने का काम करना है. वंचित, शोषित समेत समाज के सभी वर्ग को हक-अधिकार देने का काम करना है.

### बैठक के बाद पूर्व मंत्री मिथलेश ठाकुर ने मीडिया से की बातचीत

बैठक के बाद झारखंड के पूर्व मंत्री मिथलेश ठाकुर ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि ये बैठक कार्यकताओं का आभार जताने के लिए बुलायी गयी थी. इसमें जिले स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक के कार्यकर्ता शामिल हुए. उन्होंने कहा कि हमने जो इतनी बड़ी जीत हासिल की है वह कार्यकताओं की मेहनत का नतीजा है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने और अधिक जोश के साथ काम करने का निर्देश दिया है. इसके अलावा जो राज्यों में संगठन को मजबूत करने की बात कही गयी है.

# पीएम मोदी ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के प्रतिभागियों से वर्चुअल माध्यम से किया संवाद, बोले- युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के प्रतिभागियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद में कहा कि आज का भारत सबके प्रयास से ही आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवा इनोवेटर के पास 21वीं सदी के भारत को देखने का अलग नजरिया है, इसलिए आपके समाधान भी अलग होते हैं। ऐसे में जब आपको नई चुनौतियां मिलती हैं तो उनके नये और अनोखे समाधान खोजकर दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि वह पहले भी हैकथॉन में भाग ले चुके हैं और युवा इनोवेटर्स ने उन्हें कभी निराश नहीं किया। उन्होंने मनोबल बढ़ाया है। मोदी ने कहा कि हर बच्चा खास होता है और उसे बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए। किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए या खुद को उपेक्षित महसूस नहीं करना चाहिए।



इसे हासिल करने के लिए लगातार नए-नए समाधानों की जरूरत होती है। इनोवेटर्स की टीम के समाधान लाखों बच्चों के जीवन को बदल देंगे। आपकी पिछली टीमों द्वारा प्रस्तुत समाधान अब विभिन्न मंत्रालयों में उपयोग किए जा रहे हैं, जिससे पूरे देश में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने साइबर सुरक्षा को लेकर कहा कि भारत दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी में से एक है। हमारा देश बड़े पैमाने पर डिजिटली कनेक्ट हो रहा है, ऐसे में साइबर क्राइम का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है, इसलिए जिस समाधान पर आप काम कर रहे हैं, ये भारत के फ्यूचर के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में ड्रोन का अलग-अलग सेक्टर्स में बहुत इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने नमो ड्रोन दीदी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि ड्रोन आजकल रिमोट एरिया में दवाएं और जरूरी सामान पहुंचाने में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। इसके विपरीत देश के दुश्मन, भारत में हथियारों और ड्रग्स के तस्करी में ड्रोन का भरपूर उपयोग कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि युवा इनोवटर्स सभी, ऐसी चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के सातवें संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में स्टार्टअप की संख्या सैकड़ों में होती थी वो आज डेढ़ लाख तक पहुंच गई है। यूनिकॉर्न हमारे देश में बन रहा है। देश के सभी केंद्र शासित प्रदेशों के 10 हजार से अधिक विद्यार्थी इस फिनाले में हिस्सा ले रहे हैं। हैकाथॉन में 51 केंद्रों से 1300 विद्यार्थियों की टीम हिस्सा ले रही हैं।






# जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्नः उपायुक्त ने दिए त्वरित कार्यान्वयन के निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**गुमला:** आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं और सेवाओं का त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था।बैठक में उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत राशन और आधार कार्ड के मिसमैच से संबंधित समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान मित्रों की कार्यक्षमता पर नजर रखने और निष्क्रिय कर्मियों पर कार्रवाई करने को कहा। PVTG समुदाय के शत-प्रतिशत ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करने के साथ, आयुष्मान केंद्रों पर सुधार और सर्वेक्षण कार्य तेज करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में सिकल सेल एनीमिया जांच पर विशेष जोर दिया गया। जिले में अब तक 55% नागरिकों की जांच पूरी हो चुकी है, जबकि भरनो प्रखंड में 93% नागरिकों की जांच की प्रगति संतोषजनक पाई गई। उपायुक्त ने जिले को सिकल सेल एनीमिया जांच में राज्य का पहला जिला बनाने का संकल्प जताया और बिशुनपुर प्रखंड को 100% लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। साथ ही, सिकल सेल पीड़ित बच्चों को दिव्यांग प्रमाणपत्र प्रदान कर पेंशन और अन्य सुविधाओं से लाभान्वित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर दिया गया। ब्लड डोनेशन के संबंध में उपायुक्त ने जिले में न्यूनतम 1000 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य तय किया और सभी अधिकारियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। घाघरा और बसिया के डायलिसिस सेंटर की सुविधाओं को और अधिक सशक्त बनाने और HWC की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए गए। ममता वाहन सेवाओं की स्थिति और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्रों की कार्यक्षमता पर भी चर्चा हुई। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान पोषण ट्रैकर ऐप के अपडेट को प्राथमिकता देते हुए उउद्धड के प्रदर्शन में सुधार लाने की आवश्यकता जताई गई। आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण और जर्जर केंद्रों के पुनर्निर्माण की समीक्षा करते हुए शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, मातृ वंदना योजना और सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभार्थियों की सूची को अद्यतन करने और उन्हें योजनाओं का पूरा लाभ दिलाने की बात कही गई।सामाजिक सुरक्षा विभाग की योजनाओं की प्रगति पर चर्चा के दौरान नवंबर तक किए गए भुगतान की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मईया सम्मान पेंशन योजना से वंचित लाभार्थियों को चिह्नित कर, पंचायत और वार्ड स्तर पर संपर्क कर उनका पंजीकरण शीघ्र पूरा किया जाए। छोटे-छोटे अवरोधों को दूर कर सभी पात्र नागरिकों को योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया।आवास योजनाओं की समीक्षा में बिरसा आवास योजना , प्रधान मंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजनाओं पर चर्चा हुई साथ वन अधिकार योजनाओं के तहत आवंटित लाभार्थियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया गया। मल्टीपरपज सेंटर, सौर सिंचाई परियोजनाएं और साइकिल वितरण योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर भी चर्चा की गई।पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के तहत नाडेप और सोक पिट निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए लंबित उपयोगिता प्रमाणपत्र (UC) को समय पर भेजने का निर्देश दिया गया। अंजन, डुमरी और बनारी क्षेत्रों में किए गए कार्यों पर भी चर्चा हुई।बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी विभागों को समन्वय बनाकर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता को योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने और जिले को राज्य में अग्रणी बनाने के लिए सभी अधिकारी पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करें। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा सभी इंजीनियरिंग विभागों की भी समीक्षा की गई, राजस्व, भू अर्जन सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर भी चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयोज्य गुमला,परियोजना निदेशक PDITDA ,DRDA निदेशक,सिविल सर्जन गुमला सहित सभी जिला स्तरीय विभागीय पदाधिकारी ,कर्मी, सभी प्रखंडों से प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## उपायुक्त ने पतरातू में निशुल्क शौचालय एवं आर ओ पानी प्लांट का उद्धाटन किया गया



**पतरातु।** प्रखंड परिसर पतरातु मेन रोड पतरातु गेट एवं पीटीपीएस कटिया चौक में निशुल्क सामुदायिक शौचालय एवं आर ओ वॉटर प्लांट का उद्धाटन उपायुक्त चंदन कुमार ने फीता काट कर किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता, अंचलाधिकारी मनोज कुमार चौरसिया, पीवीयूएनएल महाप्रबंधक देव दीप बॉस, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, पतरातू मुखिया गिरजेश कुमार कटिया मुखिया किशोर महतो पंचायत समिति सदस्य ज्योति गुप्ता के साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।आधुनिक सुविधाओं से लैस निशुल्क शौचालय एवं आरो प्लांट का निर्माण पीवीयूएनएल के सौजन्य से एनजीओ श्री फाउंडेशन के माध्यम से किया गया। जहां पर लोगों की निशुल्क शौचालय के साथ शुद्ध पेयजल 50 पैसे प्रति लीटर लोगों के लिए उपलब्ध रहेगी। मौके पर परमानंद राजीव,आजसू जिला सहसचिव अजय रवि,संजोत दस,झुबैर राम,दिलीप ठाकुर,संतोष मुंडा,के साथ काफी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो से मिले संतोष चौधरी



**टाईगर जयराम महतो के नेतृत्व में 2029 में प्रचंड बहुमत से बनाएंगे सरकारः संतोष चौधरी**

**रामगढ़/गोला।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय महामंत्री संतोष चौधरी ने मिल कर जीत की बधाई दी। वही रामगढ़ विधानसभा के बीच विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया। श्री चौधरी ने कहा कि हमारे रामगढ़ जिला के सभी सक्रिय कार्यकताओं के साथ मिल कर झारखंड की ज्वलंत मुद्दा और आपके विचारों को जन जन पहुंचाने का काम करेंगे। आपसे आग्रह है कि समय निकाल कर हम सभी कार्यकताओं से क्षेत्र के प्रति समीक्षा करते रहेंगे। जिससे कार्यकताओं पर एक नया ऊर्जा के साथ मार्गदर्शन मिलेगा। आने वाले 2029 के विधानसभा के चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ झारखंड में आपके नेतृत्व में सरकार बनाएंगे। इसी तैयारी के साथ अभी से ही काम करेंगे और जनता को जागरूक करने का काम करेंगे।

# पोषण भी पढ़ाई भीः कार्यक्रम के लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण हुआ शुभारंभ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रामगढ़।** जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ़ द्वारा बुधवार को ःपोषण भी पढ़ाई भीः कार्यक्रम के तहत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रामगढ़ इन्दु प्रभा खलखो के द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं के प्रथम बैच के तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर होटल टी एंड ट्रीट कोठार रामगढ़ में किया गया। उनके द्वारा जानकारी दी गयी कि ये प्रशिक्षण कार्यक्रम पाँच बैच में चलाया जाना है, जो दिनांक 11.12.2024 से प्रारंभ होकर 04.01.2025 तक निर्धारित है। जिसमें 500 आंगनबाड़ी सेविकाएँ सम्मिलित होगी। देश भर में पोषण और प्रारंभिक बचपन की शिक्षा में सुधार के उद्देश्य से वर्ष 2022 में ःपोषण भी पढ़ाई भीः की शुरूआत की गयी है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 0-3 एवं 03 से 06 वर्ष के बच्चों के लिए नवचेतना एवं आधारशिला के अन्तर्गत प्रारंभिक बचपन की देखभाल, शिक्षा, पोषण, बच्चों के विकास के सभी आयामों, पोषण ट्रेकर एप, SAM/MAM बच्चे, MCP कार्ड, स्थानीय चीजों का प्रयोग कर आंगनबाड़ी केन्द्रों को लर्निंग सेन्टर के तौर पर विकसित करने के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इस अभियान के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति, साक्षरता और संख्यात्मक कौशल में एक मजबूत नींव तैयार किए जाने को लेकर प्राथमिकता तय की गयी है जिससे 0-6 वर्ष के बच्चों के सम्पूर्ण विकास पर फोकस किया जा सकें। प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेविकाओं को कौशल प्रदान करना ताकि 06 वर्ष से कम आयु के बच्चों को प्रारंभिक बाल्यावस्था में देखभाल और शिक्षा तथा पोषण सेवा प्रदान करने के लिए उनकी क्षमता का निर्माण किया जा सकें। इस दौरान मास्टर ट्रेनर के रूप में रीतू दुबे, प्रकाश कुमार, सुशीला कुमारी, बिमला कुमारी, उषा प्रसाद एवं प्रतिभागी के रूप में पतरातु परियोजना को आंगनबाड़ी सेविकाएँ उपस्थित थी।

## बालिका उच्च विद्यालय में विधायक ममता देवी की अध्यक्षता में शशि निकाय की बैठक संपन्न



**झारखंड सरकार द्वारा प्रदत अनुदान राशि का 15% विद्यालय विकास में होगा खर्च**

**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड के हरिहर साहू बालिका उच्च विद्यालय गोला के प्रांगण में प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक की गई। बैठक रामगढ़ विधायक ममता देवी की अध्यक्षता में किया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर विचार की गई विद्यालय विकास से संबंधित यह निर्णय लिया गया कि विभागीय प्रबंधन के तहत 15% राशि विद्यालय विकास में खर्च किया जाएगा। झारखंड सरकार द्वारा प्रदत अनुदान राशि 194400/ राशि सत्र 2023-24 प्राप्त हुआ है। कुल राशि का 15% यानी 29160/ रु को विकास कोष में रखकर शेष राशि 165240 को विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका कर्मचारियों के बीच वेतन के मध्य से वितरित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी जनार्दन पाठक रेणु कुमारी प्रधानाध्यापिका किरण कुमारी गीता महतो शैलेश कुमार मिश्रा सीमा कुमारी लखेश्वर कुमार मिहिर चंद्र पोद्दार बबीता कुमारी गुलाबी कुमारी राजेंद्र कुमार अमित कुमार सुनैना कुमारी सिकंदर राजवंश मनोज कुमार रजवार कमलेश कुमार महतो गौरीशंकर ऋषि तस्लीम अहमद जी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## न्यू मार्केट में शौचालय जीर्णोद्धार एवं आर ओ पानी प्लांट का किया गया उद्धाटन




**पतरातू।** पीटीपीएस कटिया पंचायत अंतर्गत न्यू मार्केट पतरातु में पी वी यू एन पतरातू के सौजन्य से शौचालय जीर्णोद्धार एवं आर ओ पानी प्लांट का उद्धाटन कार्यक्रम के उद्धाटन कर्ता सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल एवं ग्राम पंचायत कटिया के मुखिया किशोर कुमार महतो के हाथों फिता काट कर उद्धाटन किया गया। शौचालय एवं आरो ओ पानी प्लांट संचालन श्री फाउंडेशन के द्वारा किया जाएगा। वहीं सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल का भाजपा कार्यकताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। राजीव जायसवाल ने कहा कि पतरातू प्रखंड अंतर्गत न्यू मार्केट कटिया पंचायत पी वी यू एन और रामगढ़ उपायुक्त के पहल से सीएसआर फंड के तहत निशुल्क शौचालय और आरो पानी प्लांट का आधे मूल्य में पानी उपलब्ध कराया जा रहा है और इसकी मॉनिटरिंग श्री फाउंडेशन के द्वारा किया जाना यह एक अच्छी पहल है। आने वाले दिनों में अगर यह सक्सेस होती है तो पूरे रामगढ़ जिला में ऐसे सिस्टम को लागू किया जाएगा। वहीं मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा कि आज हम लोग ग्राम पंचायत कटिया बस्ती के अंतर्गत न्यू मार्केट में दो-दो शौचालय का उद्धाटन कर रहे हैं। साथ में आरो पानी प्लांट का भी उद्धाटन हुआ और यह शुरूआत है। इस योजना से काफी सुविधा जनता को मिलेगी ।मुख्य रूप से उपस्थित पी वी यू एन महाप्रबंधक देव दीप बोस अंचल अधिकारी मनोज चौरसिया अनीता जैन प्रिया नाथ मुखर्जी भाजपा नेता गणेश कुमार ठाकुर पारिजात कुमारी संगीता देवी किरण देवी तेरे देवी सुजीत पटेल उप मुखिया नंदकिशोर महतो गोपाल महतो सनी कुमार श्री फाउंडेशन से परवीन प्रवीण कुमार राजेंद्र कुमार गोपाल कृष्ण रंजीत कुमार जनार्दन मुंडा उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में निरीक्षण कार्य संपन्न

**पतरातू।** पतरातू थर्मल स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्या विकास समिति के चार सदस्यीय समिति के द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की शुरूआत वंदना सभा में भारत माता, ॐ और सरस्वती माता के चित्र पर पुष्पार्पण के साथ हुआ। निरीक्षण समिति सदस्यों के द्वारा विद्यालय के शैक्षिक गतिविधियों के साथ साथ खेल कूद, प्रयोगशाला, एटीएल लैब इत्यादि का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। निरीक्षण समिति में विद्या विकास समिति के सह सचिव नकूल कुमार शर्मा, विद्या विकास समिति के प्रकाशन प्रमुख अशोक कुमार शाह, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,मोरहाबादी के प्राचार्य आशीष कुमार झा, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, डकरा के प्रधानाचार्य गोपाल विश्वकर्मा शामिल थे। निरीक्षण समिति के साथ साथ विद्यालय के सचिव सूरज प्रसाद एवं सह सचिव संजीत कुमार भी निरीक्षण के दौरान मौजूद थे। नकूल कुमार शर्मा ने अपने उदबोधन के दौरान कहा कि सुलेख विद्यार्थी के साथ साथ आचार्यों के लिए भी महत्वपूर्ण है। आशीष कुमार झा ने कहा गृहकार्य रुचि के अनुसार देनी चाहिए न कि कॉपियों के पन्ने भरने के लिए। गोपाल विश्वकर्मा ने कहा कि क्रिया आधारित, गतिविधि आधारित एवं प्रयोग आधारित शिक्षण व्यवस्था होनी चाहिए।निरीक्षण समिति के द्वारा शैक्षणिक एवं आर्थिक पक्ष का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छात्र छात्राओं से भी मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जानने एवं उनके निराकरण करने का प्रयास किया।

# रैलीगढ़ा प्राचीन शिव मंदिर साधु कुटिया में हुई हत्याकांड का गिद्दी पुलिस ने खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातू।** रामगढ़ जिले के सीमावर्ती क्षेत्र रैलीगढ़ा प्राचीन शिव मंदिर साधु कुटिया में हुई हत्याकांड का गिद्दी पुलिस ने खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिसकी प्रेस कॉन्फ्रेंस हजारीबाग एसपी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की। बताते चलें कि गिद्दी थाना प्रभारी ने दो युवकों को गुप्त सूचना के आधार पर धर दबोचा। गिद्दी पुलिस को मिली थी अहम सुराग कई समान व हथियार जप्त कर किया खुलासा । जिसके बाद क्षेत्र के लोगों ने गिद्दी पुलिस को दी बधाई । ज्ञात हो कि साधु कुटिया के पीछे दीपक सिंह की गोली मार कर हत्या कर दिया गया था। इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव एवं पुलिस निरीक्षक, बड़कागांव अंचल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर इस कांड में शामिल संतोष कुमार उर्फ होरिल भुईया और यूरबी करमाली उर्फ अभिराज को गिरफ्तार किया गया। जिनके द्वारा बताया गया कि हजारीबाग जेल में बंद मिलन तुरी के द्वारा इस पूरी हत्याकांड की साजिश रची गई और यूरबी करमाली के मदद से संतोष कुमार उर्फ होरिल भुईयाँ के द्वारा इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। हत्या के बदले में मिलन तुरी को 25 हजार रुपए भेजा गया जिसमें से 17000-/ रूपया यूरबी करमाली ने संतोष कुमार उर्फ होरिल भुईयाँ को दिया। संतोष कुमार उर्फ होरिल भुईयाँ के पास से मृतक दीपक सिंह का मोबाइल और दिए गए पैसे निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार को बरामद किया गया है। अब तक के अनुसंधान में हत्या का मुख्य कारण पैसे के लेन देन और मिलन तुरी से दीपक सिंह का आपसी विवाद प्रकाश में आया है।

## भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**भाषा, संस्कृति और हम एक क्षेत्रीय विषय पर प्रशिक्षुओं ने दिया भाषण**




**रामगढ़/चितरपुर।** डॉ० एस० राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा के बहुउद्देशीय सभागार में भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का विषय भाषा, संस्कृति और हमः एक क्षेत्रीय उत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ० एस० राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप-प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलित महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० शिव कुमार राणा शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं द्वारा भाषण, कविता, कहानियाँ इत्यादि की प्रस्तुति दी गयी। जिसमें लक्ष्मी, संजू, सायका, सायमा, सत्येन्द्र, आकांक्षा, आर्या, स्नेहा, ज्योति, मुस्कान, ग्रेस, तमन्ना, सोनू, सुमित्रा, खूशबू, दीक्षा, शाहिन, असीमा और निशी के द्वारा किया गया। मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रशासक डॉ० सुशील कुमार उपाध्याय, द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ० अशोक राम, मो० परवेज अख्तर सुप्रिया वर्मन सुलेखा कुमारी, बाबूचन्द प्रसाद, डॉ० राजेश महतो, मुरारी कुमार दूबे, शिक्षकेत्तर कर्मचारी में इत्यादि उपस्थित रहे।

# शहीद स्थल बिजनेस करने का स्थान नहीं हैः जगदीश पाहन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में 28 और 29 दिसंबर को होने वाले पौष मेला को लेकर पाहन महासंघ ने कड़ी आपत्ति जताई है. बुधवार को महासंघ ने मोरहाबादी स्थित डॉ रामदायल मुंडा पार्क में मीडिया को संबोधित किया. इस मौके पर पहानों ने कहा कि मेला का आयोजन हुआ तो उग्र आदोंलन किया जाएगा. राज्य भर के पाहन संघ समेत आदिवासी संगठन के लोगों का सहयोग भी लिया जाएगा. क्योंकि यह स्थल देश के वीर शहीद बलिदानों की स्मृति स्थल है. जो राष्ट्र के गौरव का प्रतीक है. इस स्थान पर भगवान बिरसा मुंडा औ? उनके अनुयायियों ने आजादी के लिए अपने प्राणों के आहुति दी थी. कहा कि अब यह स्थल आदिवासियों के लिए श्रद्धा और आस्था का केंद्र बिंदु बन चुका है. शहीद स्थल को देखने हर हजारो लोग पहुंचते है. ऐसे में बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान पर जलसा या किसी प्रकार का रंगारंग कार्यक्रम करना उचित नहीं है. ऐसे स्थान का दुरूपयोग कर बिजनेस करने का जरिया बनाया जा रहा है. व्यापार करना शहीदों का अपमान करने के समान है. शहीद स्थल में जानबूझकर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. शहीदों के बलिदान स्थान पर मेला का आयोजन नहीं किया जा सकता है. इसे रोकने के लिए नगर निगम औ? उपायुक्त को लिखित रूप से आवेदन देने की बात कही गई. राष्ट्रीय पहान महासंघ के अध्यक्ष जगदीश पाहन और चंदन हलधर पाहन ने कहा कि आयोजन कर रहे संस्था से अपील किया है कि वह पौष मेला का आयोजन बिरसा मुंडा स्मृति स्थान के बजाय अन्य स्थान पर आयोजित किया जाए. क्योंकि यह ऐतिहासिक धरोहर है. यह स्थान मौज मस्ती की जगह नहीं है. लोग यहां वीर शहीदों से देश प्रेम की सद्भावना का प्रेरणा लेने आते हैं. उनके संघर्षो को याद करने आते हैं. पैसा कमाने के लिए शहीद स्थल का उपयोग किया जा रहा है. इसे बर्दास्त नही किया जाएगा. मौके पर पाहन संघ का अध्यक्ष चंदन पाहन, अशोक पाहन, अरविंद पाहन, विजय पाहन, किस्टो पाहन, निरज पाहन, राहुल पाहन व रंजन पाहन समेत अन्य मौजूद थे.

## आजसू विधायक निर्मल महतो ने विधानसभा परिसर में धरने पर बैठे जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग पर अड़े



**जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच होः निर्मल महतो**

**रामगढ़।** मांडू विधानसभा के आजसू विधायक निर्मल महतो विधासभा के बाहर धरने पर बैठे हैं। हाथ में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द की जाए का तख्ती पकड़े हुए हैं। दरअसल हजारीबाग में मंगलवार को जिस तरह से लाठीचार्ज हुआ है।उसको लेकर निर्मल महतो आक्रोशित है। उनका कहना है कि वर्तमान सरकार छात्रों को लेकर संवेदनशील नहीं है। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द की जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जेएसएससी सीजीएल रद्द करना पड़ेगा नहीं तो झारखंड जलेगा और इसकी जिम्मेदार सरकार होगी। उन्होंने इस मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है।

# बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्यों के प्रशिक्षण शिविर में 14 जिलों के 24 प्रशिक्षु हुए शामिल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रांची।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के तत्वावधान में झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था द्वारा बाल कल्याण समिति के नवचयनित अध्यक्ष एवं सदस्यों का 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हुआ. शिविर में किशोर न्याय कानून 2015, झारखंड नियम 2017 एवं मिशन वात्सल्य 2023 के प्रावधानों के अधीन कुशलतापूर्वक सर्वोत्तम बालहित में कार्यों को करने के संदर्भ में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया. कार्यक्रम का आयोजन 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक रांची के हेहल स्थित राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सई) में किया गया था. प्रशिक्षण में 14 जिले के कुल 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया.झारखंडी पर्यटन स्थल

**बाल श्रम कानून, बाल विवाह प्रतिरोध कानून, बाल तस्करी से संबंधित कानून की जानकारी दी गयी**

प्रतिभागियों को किशोर न्याय कानून में निहित 12 कोटी के जरूरतमंद बच्चों के (जिनकी उम्र 0-18 वर्ष (जिसने 18 वर्ष पूरे नहीं किये हों) हो) हितों की रक्षा के लिए वर्तमान में मौजूद कानून यथा बाल श्रम कानून, बाल विवाह प्रतिरोध कानून, पोक्सो एक्ट, बाल तस्करी से संबंधित कानून की जानकारी दी गयी. इसके अलावा शिक्षा का अधिकार कानून एवं सीएनसीपी कोटी के बच्चों के हितार्थ मौजूद कानून के संदर्भ में प्रशिक्षियों को जानकारी दी गयी. साथ ही अनाथ, दिव्यांग, आपदा प्रभावित, नशीली दवाओं से प्रभावित, रोगग्रस्त बच्चों एवं विविध कोटी के संकटाग्रस्त बच्चों के रेस्क्यू, राहत, पुर्नवास एवं सामाजिक, आर्थिक उन्नयन, कौशल प्रशिक्षक तथा विविध सरकारी योजनाओं का लाभ एक छतरी के नीचे आईसीपीएस के प्रावधानों में दिये जाने से संबंधित जानकारी प्रशिक्षुओं को दी गयी.

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समिरा एस शामिल हुई समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक सह सदस्य सचिव महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समिरा एस मौजूद थी. कार्यक्रम में उपसचिव विकास कुमार, सर्ड के अधिकारी रवि कुमार, कार्यक्रम प्रबंधक आभाश चौधरी, संरक्षण पदाधिकारी संस्थागत देख-रेख एवं सह प्रोग्राम ऑफिसर सरिता कुमारी मुख्य रूप से मौजूद थे. समापन समारोह में मुख्य अतिथि सचिव समिरा एस ने कहा कि आपलोग बाल हित में सर्वोतम कार्य करें, सोझ समझकर कानून के मुताबिक फैसले लें, क्योंकि आपकी समिति के एक कलम से किसी बच्चे का वर्तमान और भविष्य निर्भर करता है. कार्य के दौरान सभी से को-ओडिनेट बनाकर चलें, जिला और राज्य आपके कार्य में आने वाली बाधाओं को दूर कर सभी संबंधित सुविधाएं देने के लिए पूर्व की भांति तैयार है.

## किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहेः बाबूलाल




**रांची।** प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने किसानों से वादा किया था कि धान की खरीदी 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर की जाएगी. लेकिन चुनावी वादों पर अमल न होने से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं. बाबूलाल ने सोशल मीडिया पोस्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि चुनावी वादों के अनुरूप किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी करें. साथ ही किसानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान सुनिश्चित करें. सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं को नजरअंदाज करना सभी के भविष्य के साथ अन्याय है.

## रांची से चलने वाली ये ट्रेनें 15 से 26 दिसंबर के बीच रहेगी रद्द

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रांची :** कांटा टोली फ्लाईओवर के बाद रांची को जल्द ही एक और फ्लाईओवर जल्द मिलने वाला है. जी हां, राजधानी में सिरम टोली फ्लाईओवर का निर्माण जल्द होने वाला है. जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है. एजेंसी ने इसके निर्माण को लेकर रेलवे से पहले भी ब्लॉक करने की इजाजत मांगी थी. अब एक बार फिर से एजेंसी ने ट्रेन ब्लॉक करने अनुमति मांगी है. जिसे रेलवे ने अप्रूव कर दिया है. इस कारण रांची से चलने वाली कई ट्रेनें 15 से 26 दिसंबर के बीच रद्द रहेगी.

**क्या कहा है रांची रेल मंडल ने**

रांची रेल मंडल का कहना है कि चार लेन वाली सिरमटोली सड़क सह रेल के ऊपर पुल निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जाएगा. इस दौरान रांची से होकर चलने वाली कई ट्रेनें रद्द रहेगी.

कौन सी ट्रेन कब-कब रहेगी रद्द

15, 21 और 22 दिसंबर को वाराणसी-रांची एक्सप्रेस ट्रेन नंबर (18612) रद्द रहेगी.

16, 20 और 21 दिसंबर को रांची-वाराणसी एक्सप्रेस ट्रेन नंबर (18611) रद्द रहेगी

23 दिसंबर को वाराणसी-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस (18312 ) रद्द रहेगी

22 दिसंबर को विशाखापत्तनम-वाराणसी एक्सप्रेस (18311) रद्द रहेगी

16 से 26 दिसंबर तक हटिया-सांकी-हटिया मेमू (08617/08618), हटिया-खडगपुर-हटिया एक्सप्रेस (18036/18035) और हटिया-झारसुगुड़ा-हटिया एक्सप्रेस (18175/18176) रद्द रहेगी

16 और 18 से 22 दिसंबर तक रांची-बोकारो स्टील सिटी-रांची मेमू (08696/08695) रद्द रहेगी

16 से 26 दिसंबर तक हटिया-टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस (18602/18601) और हटिया-सांकी-हटिया मेमू (08196/08195) रद्द रहेगी

16 व 22 दिसंबर तक रांची-हावड़ा-रांची एक्सप्रेस (18628/18627) रद्द रहेगी

16 और 19 से 22 दिसंबर तक हटिया-टाटानगर-हटिया मेमू (08196/08195) रद्द रहेगी

## झारखंड में मदरसा बोर्ड के गठन के लिए बिहार, ओडिशा और तेलंगाना के नियम-कानूनों का हो रहा अध्ययनः हफीजुल



**रांची।** झारखंड में मदरसा बोर्ड के गठन की कवायद शुरू कर दी गई है. इसके लिए बिहार, ओडिशा और तेलंगाना के नियम-कानूनों का अध्ययन भी किया जा रहा है. बताते चलें कि बुधवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण में मदरसा बोर्ड के गठन का भी जिक्र है. इस मसले पर कैबिनेट मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि मदरसा बोर्ड के गठन को जल्द ही सरकार अंतिम रुप देगी. झारखंड में काफी समय से मदरसा बोर्ड की मांग की जा रही है. हफीजुल हसन ने कहा कि हज हाउस में गरीब बच्चों की पढ़ाई जल्द ही शुरू की जाएगी. इसकी भी प्रक्रिया पूरी की जा रही है. इस व्यवस्था के लिए टेंडर जारी किया जाएगा. जिस संस्था को टेंडर मिलेगा उस संस्था के माध्यम में बच्चों की पढ़ाई की शुरूआत की जाएगी. उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष से इसकी शुरूआत हो जाएगी.

## राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों की वरीयता सूची जारी



**रांची।** राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के 332 जवानों की वरीयता सूची जारी की गयी है. जैप डीआईजी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के एसपीसी उत्तीर्ण आरक्षियों का औपबंधिक राज्य वरीयता सूची प्रकाशित करते हुए आपत्ति की मांग की गयी थी. इसी के आधार पर राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के एसपीसी उत्तीर्ण आरक्षियों का राज्य वरीयता सूची मूल कोटि के आधार पर तैयार किया गया है.

## न्यूक्लियस मॉल, कैंब्रियन स्कूल, कोटक महिंद्रा बैंक को होल्डिंग टैक्स का बकाया देने का रांची नगर निगम ने दिया निर्देश



**रांचीः** रांची नगर निगम ने बुधवार को होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस जांच के लिए अभियान चलाया सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में निगम के राजस्व शाखा के पदाधिकारी, कर संग्रहण के कार्य में लगी एजेंसी के प्रतिनिधि तथा पीएमयू की एक संयुक्त टीम भी शामिल थी इस दौरान निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न भवनों, प्रतिष्ठानों में होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस की जांच की गयी कांके स्थित कैंब्रियन स्कूल में निगम की टीम ने पूरे परिसर की रि असेसमेंट करने का निर्देश दिया और इससे संबंधित नोटिस भी दिया कांके रोड स्थित न्यूक्लियस मॉल 2 में नोटिस जारी किया गया और जल्द से जल्द बकाया कर का भुगतान करने को कहा गया अन्तु चौक स्थित जानकी भवन के द्वारा वर्षों से होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं किया जा रहा था उसे निगम के द्वारा पूरे भवन का मापी किया गया एवं डिमांड भी निर्गत कराया गया इसके साथ ही भवन मालिक को जल्द से जल्द कर का भुगतान करने को कहा गया यशोदा टावर स्थित कोटक महिंद्रा बैंक में जांच अभियान के दौरान ट्रेड लाइसेंस नहीं पाया गया इसके बाद उन्हें 15 दिनों के अंदर लाइसेंस प्राप्त करने को कहा गया मौके पर सहायक प्रशासक ने कहा कि जिन भवनों में होल्डिंग टैक्स समय से बकाया है या व्यवसाय करने के उपरांत भी कमर्शियल होल्डिंग नहीं कराया गया है, उन्हें जल्द से जल्द कमर्शियल होल्डिंग कराते हुए कर का भुगतान करना अनिवार्य है जिन प्रतिष्ठानों में ट्रेड लाइसेंस की वैधता समाप्त हो गयी है, उन्हें भी जल्द रिन्युअल करा लें.

## खरमास के बाद नए बंगलो में होगा मंत्रियों का गृह प्रवेश



**रांची।** रांची के स्मार्ट सिटी में मंत्रियों के लिए नवनिर्मित बंगलो उनके वेलकम को तैयार है. जानकारी के अनुसार, खरमास के बाद मंत्रियों का इस नए बंगलो में गृह प्रवेश होगा. बताते चलें कि सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्मार्ट सिटी में मंत्रियों के लिए बने बंगलो का निरीक्षण भी किया था. इसके बाद सीएम ने अफसरों को 15 जनवरी 2025 तक आवास से जुड़े सभी कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया था. स्मार्ट सिटी में मंत्रियों के लिए 11 आवास बनाए गए हैं. बंगलो में मंत्रियों की तंदुरूस्ती का भी ख्याल रखा गया है. इसमें स्विमिंग पुल, जिम, प्ले जोन, बॉलीबॉल, बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए गए हैं. पूरे एरिया को हरा-भरा बनाया गया है. इसमें क्लब हाउस की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है.

## अवैध बालू उठाव के खिलाफ प्रशासन सख्त, रांची के 5 थाना क्षेत्रों आधी रात को की छापेमारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रांची ।** प्रशासन ने अवैध बालू उठाव के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी ने कई थाना क्षेत्रों में औचक निरिक्षण किया कुल 15 गाड़ी को जब्त किया. इस दौरान बालू लदे 12 गाड़ी और गिट्टी लदी 3 गाड़ियों को भी जब्त किया गया. वाहन मालिकों, ड्राइवरों और इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कारवाई की जा रही है.

**लगातार मिल रहे थे अवैध बालू उठाव की शिकायतें**

जानकारी के मुताबिक रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री को लगातार अवैध बालू उठाव को लेकर शिकायतें मिल रही थी. जिसके बाद उन्होंने पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया. इसके बाद रांची के जिला खनन पदाधिकारी और माइनिंग इंस्पेक्टर ने रात से ही औचक निरीक्षण करते हुए मेसरा थाना, दलादली टीओपी, टूपुदाना, बेड़ो, लापुंग थाना अंतर्गत कुल 15 गाड़ी पकड़ी.

**आरोपियों के खिलाफ FIR दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर रहा प्रशासन**

प्रशासन ने 5 थानों में कुल 45 आरोपियों के खिलाफ ऋकफ दर्ज किया है और कार्रवाई कर रही है. इसमें विभिन्न धाराओं के तहत गाड़ी मालिकों, ड्राइवरों और घटना में सम्मलित अन्य आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने में जुट गई है. वहीं इस मामले में रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि अवैध बालू उठाव रोकने के लिए जिला प्रशासन मुस्तैद है.

## किसानों से 3200 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीद का वादा निभाए सरकारः बाबूलाल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किसानों से धान की खरीद के मामले में राज्य सरकार को अपना वादा निभाने को कहा है. सोशल मीडिया के जरिए उन्होंने अपनी बात रखते कहा है कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने किसानों से वादा किया था कि धान की खरीदी 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर की जाएगी. लेकिन चुनावी वादों पर अमल न होने से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं. बाबूलाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध करते कहा है कि चुनावी वादों के अनुरूप किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी करें. साथ ही, किसानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान सुनिश्चित करें.सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं को नजरअंदाज करना सभी के भविष्य के साथ अन्याय है.

**क्या है स्थिति**

गौरतलब है कि किसानों से 15 दिसंबर से सरकार ने 2400 क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य तय किया है. वह 2400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से इसकी खरीद करेगी. हालांकि किसानों ने अपना धान बेचना शुरू कर दिया है. 1800-1900 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किसान अपना धान बिहार, यूपी के कारोबारियों को बेच रहे हैं. खेत में ही वे अपना धान बेच दे रहे हैं. कारोबारियों, बिचौलियों को धान बेचने से तत्काल पैसा मिल जा रहा है. बाबूलाल ने इस रेट पर धान बेचे जाने पर चिंता जताते सरकार से अपना वादा पूरा करने को कहा है.

# राज्य कमेटी की बैठक में निर्णय, रांची में सीपीएम का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन 9 जनवरी से

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**रांचीः** मेन रोड स्थित सीपीआई एम कार्यालय में पार्टी की राज्य कमेटी की बैठक हुई. बैठक में पार्टी के दो पोलित ब्यूरो सदस्य और पूर्व सांसद वृंदा करात व डॉ रामचंद्र डोम उपस्थित थे. बैठक में विधानसभा चुनाव की समीक्षा की गयी. झारखंड में भाजपा गठबंधन को पराजित कर राज्य में एक धर्मनिरपेक्ष सरकार के गठन का काम पूरा होने पर राज्य के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया. इस अवसर पर सीपीएम का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन 9 से 11 जनवरी तक नामकोम में आयोजित करने का निर्णय लिया गया. सम्मेलन में राज्य भर में जिला सम्मेलनों से निर्वाचित 347 प्रतिनिधि और 19 दर्शक शामिल होंगे. पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि वे राज्य भर में फैले सीपीएम के 5505 पार्टी सदस्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे.झारखंडी पर्यटन स्थल

**115 सदस्यीय स्वागत समिति का गठन**

सम्मेलन की तैयारी के लिए साहित्यकार और भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी व ट्राइबल रिसर्च संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ रणेन्द्र की अध्यक्षता में 115 सदस्यीय स्वागत समिति का गठन किया गया. स्वागत समिति में प्रगतिशील और जनवादी साहित्य कला एवं संस्कृति के क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों, ट्रेड यूनियनों, महिलाओं, युवाओं व छात्रों के जनसंगठनो व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है.

**प्रफुल्ल लिंडा स्वागत समिति के सचिव, दिवाकर मुंडा संयुक्त सचिव बने**

स्वागत समिति के सचिव पार्टी की रांची (पश्चिम) जिला कमेटी के जिला सचिव प्रफुल्ल लिंडा एवं संयुक्त सचिव रांची (पूर्वी) के जिला सचिव दिवाकर सिंह मुंडा तथा कोषाध्यक्ष अमल आजाद होंगे. सम्मेलन स्थल का नाम पार्टी के दिवंगत महासचिव सीताराम येचुरी के नाम पर होगा. सम्मेलन के सभागार का नाम पं. बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के स्मृति में रखा गया है. सम्मेलन के मंच का नाम शहीद सुभाष मुंडा मंच होगा.

## मिजाचौकी फाटक, बाजार के आस पास अतिक्रमण होने से आए दिन होती है जाम की समस्या, लोगों परेशानी



**मंडरो/साहिबगंज(उजाला)** ।मंडरो प्रखंड के मिजाचौकी फाटक, बाजार क्षेत्र अब धीरे धीरे अतिक्रमण के साथ जाम का शिकार होने लगा है । जिसके कारण आए दिन बाजार में खरीद बिक्री करने आए ग्राहक हो या आम आवागम करने वाले यात्री व रेलवे यात्रियों को उसका खमिज्याना भुगतना पड़ता है ।चुकी काफी दिनों से क्षेत्रीय अधिकारी का सड़क अतिक्रम को लेकर किसी भी प्रकार का ठोस कदम नहीं उठाना अतिक्रण का बढ़ावा देने जैसा है जिसके कारण सड़क के दोनों तरफ जाम जैसे स्थिति उत्पन्य हो जाता है ।सड़क के किनारे दुकानदार दुकान की सामग्री को सड़क पर लगा देते हैं तो वहीं कहीं कहीं सड़क किनारे टीन का छतरी जैसा निर्माण कर दिया है ।एसे में गाड़ी के आवागम को भारी दिक्कत का समाना करना पड़ता है ।क्षेत्रीय कुछ युवा के कथानो की माने तो मिजाचौकी क्षेत्र में विकास का सबसे बड़ा बाधक क्षेत्र का अतिक्रमण होना माना जा रहा है जिसको लेकर समय समय पर आम नागरिक के बीच चर्चा का विषय बन कर रह जाता है ,चुकी इस अतिक्रमण से निजात के लिए मिजाचौकी के युवा वर्ग शांतिपूर्ण माहौल के साथ निदान को आतुर है ।चुकी मिजाचौकी क्षेत्र पत्थर वयवसायी क्षेत्र है जिसके कारण दूसरे राज्यों के साथ क्षेत्र में भारी वाहनों का आवाहन होता रहता है ऐसे में जाम जैसे समस्या का होना क्षेत्र में पूर्व से लागू क्षेत्रीय नो एंट्री का पालन का न होना भी मुख्य कारण मान रहे हैं।

# तीनपहाड़ थाना का अपना भवन जल्द से जल्द हो :-रजनी कान्त यादव

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**तीनपहाड़/साहिबगंज(उजाला )**। (साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ थाना का जल्द से जल्द अपना भवन हो इसके लिए झामुमो क्रीड़ा मोर्चा के पूर्व केन्द्रीय सचिव रजनी कान्त यादव ने जिले के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर ध्यान आकृष्ट कराया है। वहीं उन्होंने पत्र की कॉपी मुख्य सचिव झारखंड सरकार,पुलिस महानिदेशक झारखंड एवं उपायुक्त साहिबगंज को भी भेजा है। श्री यादव ने कहा कि तीनपहाड़ थाना वर्षों से अब तक रेलवे के एक छोटे से क्वार्टर में चल रहा है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है,जबकि तीनपहाड़ थाना अन्तरराज्यीय सीमा के ख्याल से काफी नजदीक है जो कानून-व्यवस्था के मद्देनजर काफीं महत्वपूर्ण है इसलिए इसका अपना भवन समुचित व्यवस्था एवं आधुनिक तकनीकी के साथ न होना कभी कभी कानून व्यवस्था के लिए कमी साबित होता रहा है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के एक प्रमुख व्यवसायी की दिन-दहाड़े निर्मम हत्या कर अपराधी फरार हो गया जो अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है और परिजनों का हाल बुरा है एवं थाना क्षेत्र की आम जनता में भय का वातावरण व्याप्त है। श्री यादव ने कहा कि पिछले समय में थाना के अपने भवन के लिए उन्होंने पहल किया था उसके बाद जिले के तत्कालीन उपायुक्त के अगुवाई में पुलिस अधीक्षक, राजमहल अनुमन्डल पदाधिकारी एवं राजमहल अंचल पदाधिकारी ने तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बभनगामा मोड़ के पास हेल्थ सब सेन्टर के पास अवस्थित जमीन का निरीक्षण कर उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये थे,लेकिन कुछ दिनों के बाद किसने लापरवाही की ये विभागीय पदाधिकारी लोग ही बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि तीनपहाड़ थाना का अपना भवन जल्द ही हो ताकि जनता के साथ साथ थाने में कार्यरत पुलिस कर्मियों को भी अपना कर्तव्य को बखूबी निभा सके। साथ ही साथ उन्होंने ये भी बताया कि पत्र की प्रतिलिपि राज्य के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक एवं जिले के उपायुक्त महोदय को भेज दिया हूं और माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी को भी दूरभाष के माध्यम से अवगत करा दिया हूं।

## 33 हजार हाई टेंशन तार के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



**साहिबगंज(उजाला)** ।जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत 33 हजार हाई टेंशन तार के चपेट में आने से एक व्यक्ति का सदर अस्पताल ले जाने के दौरान मृत्यु हो गया। मृतक का पत्नी लीला देवी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि पति राजू मंडल उम्र 45 वर्षीय, पिता स्वर्ग खोका मंडल, छोटा पंचगढ़ जिरवाबाड़ी के रहने वाला सुबह 10 बज कर 15 मिनट में झंडा मेला के नीचे पोखर के पास एक शीशम का वृक्ष के ऊपर चढ़कर टहनी छाट रहा था, और 33 हजार का हाई टेंशन तार वृक्ष के बगल से गुजरा हुआ था। टहनी छाटने के दौरान हाई टेंशन तार पर टहनी जा गिरा जिससे मृतक राजू मंडल को 33 हजार हाई टेंशन करंट का झटका लगा और वह वृक्ष से जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। जहां परिजनों ने आनन फानन में सदर अस्पताल साहिबगंज लेकर आया जहां डॉक्टर केशव कृष्णा इलाज में तुरंत लग गए, वही डॉक्टर केशव कृष्णा एवं डीएस डॉक्टर मोहन मुर्मू ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। जिरवाबाड़ी थाना को घटना की सूचना दे दी गई थी, पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम की प्रक्रिया किया जा रहा था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## छोटा पचगढ़ ज्योतिया मोड़ में मृतक लालमोहन रिखियासन के मरणोपरांत श्रद्धांजलि सह शोक सभा का आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**साहिबगंज(उजाला)**। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के छोटा पचगढ़ ज्योतिया मोड़ के पास बुधवार को मृतक लालमोहन रिखयासन के मरणोपरांत श्रद्धांजलि सभा सह शोक सभा का आयोजन किया गया ।जहां इस कार्यक्रम को बौद्ध रीति रिवाज से भंते सुनीत पाल पालीगंज पटना के द्वारा संपन्न किया गया ।जिसमें मृतक की पत्नी विमला देवी,पुत्र लोकेश कुमार,पारस कुमार,पुत्री प्रतिभा कुमारी,ओनम कुमारी,भाई सुनील रिखयासन के अलावा जय नारायण बौद्ध रामदेव बौद्ध, कैलाश पासवान,मोतीलाल सरकार,आर.एस.के.रमन,मदन प्रसाद हरिजन,शंभू बौद्ध,खुशी लाल मंडल उर्फ विनोद बौद्ध, रामस्वरूप,विभीषण पासवान, रामेश्वर मंडल,रमेश चंद्र मंडल, फुल कुमार रजक,दारा पासवान, रणधीर प्रसाद चौरसिया,बलदेव राम,योगेंद्र पासवान,विश्वजीत पल्लव कुमार सुमन,प्रमोद कुमार मंडल के अलावे दर्जन लोग महिला पुरुष बच्चों ने उपस्थित होकर मृतक लालमोहन को पुष्प से पुष्पांजलि अर्पित एवं शोक सभा अर्पित किया ।इसको लेकर पटना पाली से आए हुए भिखू सुनीत पाल ने कहा कि आज हम लोग किसी व्यक्ति के मरने के उपरांत कर्ज लेकर श्राद्ध एवं मृत्यु भोज करते हैं जिसके कारण पीड़ित परिवार को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जबकि ऐसा करने से मृतक की आत्मा को कुछ भी नहीं मिलता है और परिवार कर्ज में डूब जाता है ।वहीं उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म में ऐसा कुछ भी नहीं है जहां अंधविश्वास में पड़ कर लोग मरने के बाद पुराने रीति रिवाज को आज भी पालन कर रहे हैं अगर उन खर्चों को किसी गरीब या अनाथालय में दिया जाए तो वह सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## चाकू से हमला कर जख्मी किए जाने के मामले में पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज




**उधवा/साहिबगंज(उजाला)**। राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर बेगमगंज गांव के चांदना देवी ने मारपीट एवं एक युवक पर चाकू से हमला कर जख्मी किए जाने के मामले में राधानगर पुलिस से शिकायत की है। उन्होंने आवेदन में पांच लोगों को नामजद आरोपी बनाया है ।मामले को लेकर आरोप लगाई है कि थाना क्षेत्र के दक्षिण बेगमगंज गांव के उपिन मंडल, प्रसेनजीत मंडल, चिरंजित मंडल, सरिता देवी समेत पांच लोगों ने मिलकर उसके पुत्र विशु मंडल के साथ मारपीट किया और चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। बीच बचाव चंदना देवी के साथ भी मारपीट कर गले से जेवर छीन लिया गय ।पीड़िता चंदना देवी के बयान पर कांड संख्या 230/24 के तहत पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बुधवार को छापेमारी अभियान चलाकर प्रसेनजीत मंडल व चिरंजीत मंडल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बुधवार को दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में केस के अनुसंधानकर्ता एसआई शिवानंद प्रसाद आदि पुलिस बल शामिल थे।

## क्रशर मालिक से मांगी 20 लाख की रंगदारी, प्राथमिकी दर्ज



**रांची**। बरियातू थाना क्षेत्र के हरिहर सिंह रोड निवासी क्रशर संचालक शैलेंद्र प्रताप नारायण सिंह उर्फ अनूप सिंह से देवा गिरोह के सदस्य अविनाश तिवारी ने 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगी है. रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की भी धमकी दी गई है. इस संबंध में शैलेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने बरियातू थाने में रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज कराई है. दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि वे विगत एक साल से टाटीसिलवे में क्रशर संचालन का व्यवसाय कर रहे हैं. कहा कि उनको मोबाइल पर कॉल कर धमकी देते हुए कहा कि वह देवा गिरोह का सदस्य अविनाश तिवारी बोल रहा है. उसने कहा कि तुम्हारा बच्चा संत थॉमस स्कूल धुर्वा में पढ़ता है और तुम अंजली अपार्टमेंट में घर लिए हो. उसने कहा कि एक सप्ताह के अंदर 20 लाख रुपए का इंतजाम करके रखो, वरना जान से मरवा दूंगा. इस साल सितंबर में भी उन्हें धमकी भरा फोन आया था. जिसके संबंध में उन्होंने सिकिदरी थाना में सनहा दर्ज कराया था. इधर बरियातू थाना में मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने मामले की जांच में जुटी है.

## स्वास्थ्य मंत्री से मिल कांग्रेस नेता सद्दाम हुसैन ने दी बधाई



साहिबगंज(उजाला) ।कांग्रेस के जिल सचिव मो सद्दाम हुसैन रांची में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मुलाकात कर उन्हें बुके देकर विभागीय प्रभार ग्रहण करने पर बधाई दी ।उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से जिले में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था कैसा हो इस पर चर्चा किया ।सद्दाम हुसैन ने जिले में डॉक्टर की कमी सहित अन्य समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया ।वही मंत्री ने सभी समस्याओं को दूर करने की बात कही।

## वृद्ध एवं दिव्यांगजनों के मेडिकल सहायक उपकरण वितरण हेतु जांच कैंप का हुआ आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**साहिबगंज(उजाला)** ।राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत साहेबगंज सदर प्रखंड कार्यालय में जिला प्रशासन तथा ALIMCO द्वारा वृद्ध एवं दिव्यांगजनों के मेडिकल सहायक उपकरण वितरण हेतु जांच कैंप आयोजित किया गया ।राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई) के तहत, बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों को शारीरिक सहायता और सहायक उपकरण मुफ़्त में दिए जाएंगे। इस योजना का मकसद, उम्र से जुड़ी किसी भी तरह की दिव्यांगता या कमजोरी से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों को मदद करना है। इस योजना के तहत, वरिष्ठ नागरिकों को ये सहायक उपकरण दिए जाते हैं:वॉकिंग स्टिक कोहनी बैसाखी

वॉकर या बैसाखी
ट्राइपॉड या क्वाडपॉड
श्रवण यंत्र
व्हीलचेयर
कृत्रिम डेन्चर
चश्मा

इस योजना के लिए, वरिष्ठ नागरिकों को इन शर्तों का पूरा करना होता है जिनमें वे बीपीएल परिवार से संबंधित हों।
उनके पास वैध बीपीएल कार्ड होना चाहिए। वे आयु से जुड़ी किसी बीमारी से पीड़ित हों। दृष्टि हानि, श्रवण हानि, दांतों की हानि, या लोको-मोटर विकलांगता जैसी दिव्यांगता हो ।इसका कार्यान्वयन कृत्रिम अंग निर्माण निगम ( ALIMCO ) करता है. वहीं आज दिनांक 12.12.2024 को नगर परिषद परिसर में यह कैंप आयोजित की जाएगी।

## बायोमेट्रिक उपस्थिति नहीं तो अनुपस्थित माने जायेंगे कर्मी: डीसी



**रांची**। रांची डीसी मंजूनाथ भजन्त्री लगातार प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं. इसी क्रम में डीसी ने बुधवार को नामकुम प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया. डीसी ने बायोमेट्रिक सेसभी पदाधिकारियों व कर्मियों की उपस्थिति की जांच की. उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जायेंगे, ससमय कार्यालय आयें और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें. अनाधिकृत रुप से अनुपस्थिति पर डीसी ने बीडीओ विजय कुमार एवं सीओ कमल किशोर सिंह को कारवाई करने के निर्देश दिये. निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सविता कुमारी वर्मा अनुपस्थित पायी गयीं, जिस पर डीसी ने उनकी अनुपस्थिति अधिकृत है या नहीं इसे सत्यापित करने का निर्देश दिया.

**सभी आवेदनों का त्वरित गति से करें निष्पादन: डीसी**

डीसी ने प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों की जांच की. उन्होंने लॉग बुक, आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, जनशिकायत, पेंशन तथा अन्य की जांच करते हुए कहा कि सभी आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करें, ताकि लोगों को अनावश्यक रुप से कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े. आमलोंगों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए उपायुक्त ने बीडीओ, सीओ एवं सभी कर्मचारियों को जिला प्रशासन द्वारा जारी किये गये व्हाट्सएप नंबर 9430328080 का प्रचार-प्रसार करने को कहा.

## दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम ?मनोन्याय ?का समापन



**साहिबगंज(उजाला)** ।मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक अक्षमता से ग्रस्त व्यक्तियों के मानवीय अधिकार एवं मौलिक स्वतंत्रता के संबंध में, नालसा के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 10 दिसंबर से व्यवहार न्यायालय परिसर साहिबगंज स्थित लोक अदालत भवन में अखिल कुमार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के मार्गदर्शन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया । 11 दिसंबर को उक्त कार्यशाला का समापन किया गया। उक्त कार्यशाला में विश्वनाथ भगत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज, अधिवक्ता लालबाबू यादव, सरदार आनंद गोपाल सिंह, गौतम प्रसाद सिंह, कूल्हेंदु प्रसाद, संजय मिश्रा, मुनीलाल मंडल, अजय कुमार, संजय कुमार , एल ए डी सी रविंद्र श्रीवास्तव ,कामिनी शर्मा सहित साहिबगंज, बोरिया,बरहेट, तालझारी प्रखंड, सी डब्लू सी ,साहिबगंज नगर एवं मुफस्सिल थाना , सरकारी अस्पताल से संबंधितदर्जनों पीएलवी उपस्थित थे।

## विद्युत सर्किल कार्यालय मे बैठक का हुआ आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**साहिबगंज(उजाला)** ।बुधवार को विद्युत सर्किल कार्यालय मे दुमका विद्युत आपूर्ति क्षेत्र महाप्रबंधक राकेश प्रसाद के नेतृत्व में एक बैठक बुलाई गई थी ।जिसमे दुमका के महाप्रबंधक राकेश प्रसाद ने विद्युत विभाग के अधीक्षक अभियंता कार्यालय में समीक्षा बैठक की ओर चल रहे योजना आरडीएसएस, मुजे ,पीएम जुगा योजना,स्कीम में चल रहे कामों के बारे में जानकारी हासिल की ।जिसमें कार्य कर रहे एजेंसियों को बुलाकर छुटे हुए टोला ग्रामीण शहर चल रहे कार्यों को निर्धारित समय के पूर्व में काम करने का निर्देशित किया ।साथ ही ग्रामीण में शहरी क्षेत्र में अधिक आबादी वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर जल्द से जल्द कामों को निपटारा करने को कहा गया ।ओर उन्होंने यह भी कहा कि यह सभी कामों को दिसंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा ।उन्होंने यह भी कहा कि जिस गांव मोहल्ले में बिजली लाइन का पॉल एवं तार चर्च स्थिति में अगर है तो उसे इस स्कीम के तहत जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा ।इस बैठक में मौजूद विद्युत आपूर्ति क्षेत्र दुमका के महाप्रबंधक राकेश प्रसाद ने विशेष कर राजस्व को लेकर विद्युत विभाग के सभी कार्यपालक अभियंता,सहायक अभियंता कनीय अभियंता के साथ विभिन्न योजनाओं में चल रहे कार्यों की समीक्षा के बारे में विशेष कर राजस्व,बिलिंग,आदि की उगाई पर पूरा ज्यादा ध्यान देने को कहा।

## आदिवासी महिलाओं को महुआ के लड्डू, मड़ुवा की निमकी, बालुशाही बनाने का प्रशिक्षण दिया गया

**रांची:** सरना समिति झारखंड की इकाई महिला मंडल झारखंड की ओर से नगड़ी सपारोम स्थित धुमकुड़िया (बहुदेशीय)भवन रोहतास नगर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का विषय पारम्परिक आदिवासी वनोपज से निर्मित व्यंजन था. कार्यशाला में गुमला की पांच आदिवासी महिला गीता उरांव, सीता उरांव, रीता उरांव, सरस्वती उरांव, औ? जितेश मिंज ने प्रशिक्षण दिया.झारखंडी पर्यटन स्थल

**आदिवासी महिलाओं को स्वावलंबी बनाना समिति का मुख्य उदेश्य**

उन्होंने कहा कि आदिवासी महिलाओं को स्वावलंबी बनाना समिति का मुख्य उदेश्य है, बताया कि झारखंड में अधिक मात्रा में मड़ुवा, मक्का, और महुआ फूल होते हैं. आदिवासी महिलाओं को महुआ के लडडू, मड़ुवा की निमकी, बालुशाही बनाना सिखाया गया. उन्होंने कही कि आदिवासी महिलाएं इस अनाज का सही उपयोग करना नहीं जानती. इस वजह से किसान ये अनाज व्यापारियों को सस्ती दर बेच दे रहे है. कार्यशाला में सुषमा मिंज, रंजीता कुमारी, जितेश मिंज, सरिता उरांव, आशियान कुजूर, सुदर्शन लकड़ा, डॉ विनीत कुमार भगत ,सरिता उरांव समेत अन्य शामिल थे.

# विधायक निशात आलम ने सीएम से मिलकर अंचल कार्यालय में कार्यों में हो रही समस्याओं को लेकर समाधान हेतु लिखी चिट्ठी

**पाकुड़ में अगस्त 2024 के महीने से अब तक भूमि का दाखिल खारिज पंजी 2 सुधार एवं ऑनलाइन जमाबंदी प्रविष्टि आदि का कार्य पूर्ण रूप से है बाधित**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** जिला पाकुड़ अंतर्गत वर्ष 2017 से भूमि का नामांतरण लगान आदि कार्य झारभूमि वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन निष्पादन किया जा रहा है. जुलाई महीना 2024 तक झारभूमि वेबसाइट को किसी भी स्थानीय लोकल नेटवर्क लोकल वाई-फाई नेटवर्क जिओ नेटवर्क एयरटेल नेटवर्क आदि की कनेक्टिविटी से नामांतरण लगन आदि का कार्य किया जा रहा था उक्त तिथि के पश्चात राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड रांची के पत्रांक -01/-29/2018-246 दिनांक 8 8 2024 द्वारा पूर्व की व्यवस्था में बदलाव करते हुए झारभूमि वेबसाइट को केवल झारनेट के कनेक्शन के अंतर्गत सीमित कर दिया गया है.झारनेट का कनेक्शन कार्यालय में केबल के माध्यम से है जो एक ही स्थान पर फिक्स्ड है. परिणाम स्वरुप पूर्व की भांति झारभूमि वेबसाइट को अन्य किसी भी नेटवर्क के माध्यम से नहीं चलाया जा सकता है. झारनेट का कनेक्शन पाकुड़ जिला मुख्यालय सहित केवल प्रखंड सह अंचल कार्यालय में ही उपलब्ध है. अंचल के तहसील कार्यालय में झारखंड की सुविधा उपलब्ध नहीं है. पाकुड़ अंचल सहित जिला के अन्य अंचल कार्यालय में झारखंड की स्पीड बहुत ही धीमी है. पाकुड़ अंचल कार्यालय में झारनेट की स्पीड बहुत ही कम है जिसके कारण अंचल कार्यालय पाकुड़ में अगस्त 2024 के महीने से अब तक भूमि का दाखिल खारिज पंजी 2 सुधार एवं ऑनलाइन जमाबंदी प्रविष्टि आदि का कार्य पूर्ण रूप से बाधित है. पाकुड़ जिला के झारखंड प्रभारी द्वारा कई बार अंचल कार्यालय पाकुड़ में आकर अपेक्षित सुधार करने का प्रयास किया गया परंतु झड़ने की स्पीड में सुधार नहीं होने के कारण साइट नहीं खुलता है एवं झारभूमि वेबसाइट पर भूमि संबंधित सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्य पूर्ण रूप से बाधित है. अन्य अंचलों में भी यही स्थिति बनी हुई है. अंचल कार्यालय का कार्य 10:30 से 5:00 तक निर्धारित है कार्यालय अवधि में जाति निवास एवं आई प्रमाण पत्र भूमि विवाद एवं अन्य भूमि संबंधी विषयों का निष्पादन किया जाता है. उक्त अवधि में यदि झरने कार्यशील भी रहे तो आम जनों की भीड़ के कारण उक्त अवधि में कार्यालय में दाखिल खारिज पंजी तू सुधार आदि जैसे संवेदनशील कार्यों का समय त्रुटि रहित निष्पादन व्यावहारिक तौर पर संभव नहीं होगा.उक्त कठिनाई के निराकरण हेतु अपर समाहर्ता पाकुड़ के पत्रांक 883 दिनांक 5 9 2024 द्वारा मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जैप आईटी रांची को पत्राचार किया गया है. उपरोक्त कठिनाई के कारण आम जनों को भू राजस्व संबंधी ऑनलाइन कार्य बाधित है. इस विषय को लेकर पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक निसात आलम ने मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से तत्काल इस विषय पर संज्ञान लेते हुए निराकरण हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित करने की बात कही. श्रीमती आलम ने कहा कि बहुत जल्द आम जनों को संबंधित कार्यों की परेशानी से छुटकारा मिल जाएगा.

## आंगनबाड़ी रहते हुए मजदूर भवन में बच्चे को पढ़ा रही है सेविका

**गोड्डा :** जिले के मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में एक अजब गजब खेल सामने आया है।यहां शिक्षा बाटने वाली सेविका एक बड़ा ही मजेदार खेल-खेल रही है।बताया जाता है सरकार द्वारा संचालित सरकारी स्कूल के पीछे आंगनबाड़ी भवन बनाया गया है। लेकिन भवन में एक दिन भी आंगनबाड़ी के बच्चे नहीं पढ़े और न ही किसी ने सरकारी आंगनबाड़ी में सेविका को पढ़ाते हुए देखा।इतना ही नहीं जब सेविका की मनमानी पर ग्रामीणों ने आवाज उठाई तो सेविका अपनी जाति अधिकार का नियम बताते हुए केस ने फसाने का धमकी दे देती है।लेकिन आज तक ऐसे मामले पर गोड्डा डीसी ठोस कार्रवाई नहीं किए।और न ही वैसी सेविका पर लगाम लग पाया है।इतना ही नहीं सेविका कि गुंडई के कारण गांव के एक निजी ट्रस्ट के बच्चे भी उस मजदूर भवन में पढ़ पा रहे है।बताया तो यह भी जाता है कि सेविका सेविका अपनी गुंडई वाली बातचीत करते हुए मजदूर भवन का चाभी देने से इनकार कर देती है।हालांकि ऐसी सेविका पर क्या कार्रवाई होती है यह देखना दिलचस्प होगा।

## सिकरी ओ पी थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह के द्वारा चलाया गया हेलमेट चेकिंग अभियान

**जागेशवर कुमार झारखंड उजाला ब्यूरो।**



**केरेडारी/ हजारीबाग।** सिकरी ओ पी थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह के द्वारा चलाया गया हेलमेट चेकिंग अभियान। हजारीबाग एसपी अरबिंद कुमार सिंह के आदेश अनुसार राजा बागी में हेलमेट एवं दोपहिया कागजात चलाया गया इसमें मुख्य रूप से हेलमेट नहीं पहनने वाले को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया साथ ही लगातार दो दिन चलाए गए हैं उसके दूसरे दिन भी पुनः चेकिंग अभियान चलाया नहीं पहनने वालों पर कड़ी से कड़ी की कार्रवाई लगभग 15 व्यक्तियों का काटा चलान । क्योकी रोज सड़क दुर्घनाएं बढ़ रही है इसमे 90 फीसदी लोगों की मौत बगैर हेलमेट के कारण हो रहा है सिकरी ओ पी थाना प्रभारी के द्वारा आजाद करते हुए कहा गया कि आप बाइक चालक है जब भी घर से निकलें हेलमेट लगाकर निकलें।इसी संदर्भ में कल मंगलवार को एसपी के निर्देश पर पूरे हजारीबाग जिले में बिना हेलमेट बाइक चेकिंग की गई अधिकतर बाइक जब्त भी किये गए, केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार ने भी शसक्त पुलिस बल के साथ कई बाइक बिना हेलमेट चालक होने के कारण जब्त की है कुछ को हिदायत देकर छोड़ा गया कुछ की पेपर जांच की जा रही है। जब आपकी बाइक पकड़ी जाती है वेवजह पैरवी के लिये जनप्रतिनिधयों व पत्रकारों को परेशान करते हैं। इसलिये आप बिना हेलमेट घर से बाइक लेकर नहीं निकलें।

# मृदा मानचित्रण में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस के उपयोग पर डॉक्टर ब्रह्मदेव यादव का व्याख्यान

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिंदरी /धनबाद।** बी० आई० टी० सिन्द्री के असैनिक अभियंत्रण विभाग में झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार परिषद राँची द्वारा प्रायोजित रिमोट सेंसिंग और जीआईएस का अनुसंधान में अनुप्रयोग विषय पर चल रहे पाँच दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन दो सत्रों में एक्सपर्ट लेक्चर सीरीज का आयोजन किया गया। लेक्चर सीरीज के पहले सत्र में रिसोर्स पर्सन के रूप में बी० आई० टी० सिन्द्री के सहप्राध्यापक डॉ० ब्रह्मदेव यादव ने मृदा मानचित्रण में रिमोट सेंसिंग और जी आई एस का अनुप्रयोग विषय पर प्रकाश डालते हुए शहरी क्षेत्रों में भू-तकनीकी समस्याओं के लिए जी आई एस , मृदा क्षरण जोखिम मूल्यांकन₹ जैसे विभिन्न विषयों पर केस स्टडी के माध्यम से अनुभव साझा किया। इस सत्र के दूसरे रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ० प्रधान ने जलग्रहण क्षेत्र योजना और प्रबंधन में रिमोट सेंसिंग और जी०आई०एस० के अनुप्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं दूसरे सत्र में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े एस एंड डब्ल्यू सी इंजीनियरिंग आईसीएआर-आई आई एस डब्ल्यू सी से जुड़े वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ० उदय मंडल ने ग्राउंड वॉटर पोटेंशियल जोन मैपिंग में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस का अनुप्रयोग विषय पर अपना व्याख्यान दिया। इसी क्रम में एन आई टी राउड़केला के डॉ० रत्नाकर स्वाइन ने बाढ़ प्रबंधन में एस०ए०आर० इमेजरी के अनुप्रयोग पर अपना विचार साझा किया। कार्यक्रम के अगले चरण में जल संसाधन अभियंता आई सी ए आर डी एकार्डो इजिप्ट से डॉ० सतीप्रसाद साहू ने विजुअल इंटरप्रिटेशन ऑफ मल्टी स्पेक्ट्रल, इमेज क्लासीफिकेशन विषय के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण सत्र संचालित किया। कार्यशाला के संयोजक एवं विभाग अध्यक्ष डॉक्टर जीतू कुजूर ने सफलतापूर्वक चल रहे कार्यशाला के लिए आयोजन समिति का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के विभिन्न विभागों से शिक्षक संकायों, सभी स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के साथ साथ दूसरे संस्थानों की विद्यार्थियों की पूर्ण भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम की सफलता में प्रो० (डॉ०) उदय कुमार सिंह, प्रो० प्रफुल्ल कुमार शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सिंदरी महाविद्यालय में फिट इंडिया के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिंदरी /धनबाद।** बुधवार को फिट इंडिया वीक के दूसरे दिन सिंदरी महाविद्यालय , सिंदरी में एनएसएस यूनिट 1 एवं यूनिट 2 के द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता का विषय रहा - स्वास्थ्य, योगा एवं ओलंपिक। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर के .के. पाठक ने की । क्विज प्रतियोगिता में कुल चार टीम प्रस्तुत हुए।प्रतियोगिता कुल छः चरणों में संपन्न हुई ,जिसका संचालन वाणिज्य विभाग से डॉक्टर सुमिरन कुमार रजक ने किया । कार्यक्रम का परिणाम फल घोषित करते हुए डॉ नीतू गौरव कुमार ने विजयी टीम की घोषणा की, जिसके तीन प्रतिभागी रहे - सचिन कुमार (सेमेस्टर -2),शिबू कुमार (सेमेस्टर -1 ), और विनोद कुमार (सेमेस्टर -1)।कार्यक्रम मे निम्नलिखित शिक्षकों की सहभागिता प्रशंसनीय रही - डॉ मनोज तिवारी, प्रोफेसर मनमोहन सिंह, डॉ विशु मेंघनानी, डॉ शर्मिष्ठा आचार्या ,डॉ आरती यादव ,डॉ अनुराधा दास ,डॉ रंजीत प्रसाद रजक, प्रोफेसर निशांत दुबे ,प्रोफेसर अंकित, प्रोफेसर पूजा, प्रोफेसर रमोला जोजो , डॉ शुभाशीष दत्ता, डॉ राजेश गुप्ता । इसमें छात्र-छात्राओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की समाप्ति डॉ सनत कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुई।

# विद्यालय में बच्चों का हर सप्ताह होगा प्रोजेक्ट परख के तहत आकलन : डीसी

**यासिर अराफात@झारखण्ड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** बुधवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने जिले के सभी हाईस्कूल के शिक्षकों के साथ समाहरणालय स्थित सभागार में बैठक की।बैठक में उपायुक्त ने प्रोजेक्ट परख की जानकारी दी तथा कहा कि इसका उद्देश्य अगले साल होने वाली बोर्ड परीक्षा में रिजल्ट सुधार लाना है। इसके तहत सभी विद्यालयों में स्मार्ट बोर्ड को क्रियाशील करना है तथा बच्चों का साप्ताहिक परीक्षा लेकर उनके बुद्धिमत्ता एवं पढ़ाई के प्रति अभिरुचि का आकलन करना है। उपायुक्त ने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को प्री टेस्ट छात्रों का एक घंटे का लिया जाएगा। सभी शिक्षको को विद्यालय में न्यूजपेपर स्टैंड एवं साईकिल स्टैंड बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में मेडिकल रुम की व्यवस्था की जाएगी ताकि किसी छात्रों को तबीयत खराब होने पर तुरंत उसका उपचार किया जा सके। साथ ही सभी प्रखंडों के एक विद्यालय में ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। 13 दिसम्बर को होने वाले परख टेस्ट को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को अंग्रेजी एवं गणित का प्रश्न सेट करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी शिक्षकों को परख व्हाट्सअप ग्रुप से जुड़ने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी शिक्षकों को ई-विद्या वाहिनी में प्रतिदिन ससमय अटेंडेंस बनाने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने कहा कि वैसे छात्र जिनका अटेंडेंस शून्य है उन्हें बोर्ड परीक्षा का फार्म नहीं भरने दिया जाएगा। सभी आईसीटी लैब को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों के प्रांगण में गमलों में फूल के पौधे लगाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि सभी शिक्षकों का मानिटरिंग परख टास्क फोर्स के द्वारा किया जाएगा। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभूवन कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त का लगा जनता दरबार, फरियादियों ने लगाई गुहार



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैन्सी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं को सुना। उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं के बाबत कहा कि इनकी परेशानियों को हल करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। आज के जनता दरबार में शहरी सहित विभिन्न प्रखंडों से लगभग 1 दर्जन आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित कर समाधान की मांग की। जिनमें मकान मुआवजा, रोजगार, गंभीर बीमारी में मदद, ऑनलाईन रसीद, लंबित म्यूटेशन, प्रमाण पत्र, आवास, सेवानिवृति पावना, राशनकार्ड, बकाया मानदेय, इत्यादि मामले शामिल रहे। मौके पर आये सभी आवेदनों को उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत उचित एवं त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# लॉटरी माफियाओं का मास्टरमाइंड (कंपनी ) की धर पकड़ कब?

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** पाकुड़ के तमाम प्रखंडों सहित पाकुड़ बाजार एवं हिरणपुर में झारखंड प्रदेश में प्रतिबंधित एटीएम लॉटरी की टिकट का काला धंधा लॉटरी माफियाओं द्वारा जोरों शोरों से चल रहा है. जिसके प्रलोभन में आकर युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकार में जा रहा है. अक्सर युवा पीढ़ी कम समय में करोड़पति बनने के चक्कर में अपने ही परिवार में दुख भरा जीवन जी रहे हैं. इन लॉटरी माफियाओं को कानून का खौफ तो है ही नहीं साथ ही ऐसा सेटअप करके रखते हैं कि इस काले धंधे को अंजाम देने के लिए किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होती. लॉटरी माफिया का कई नाम चिन्ह चेहरा लाखों और करोड़ों की अवैध संपत्ति अब तक अर्जित की है. जो गंभीर जांच का विषय है.लेकिन जल्द से जल्द अमीर बनने के चक्कर में आम लोगों का जीवन में रोजाना झगड़ा होता रहता है,वह भी परिवार के गुजर बसर के लिए. क्योंकि अक्सर भोली भाली युवा पीढ़ी जो भी रोजगार करते हैं उनमें से अधिकतर लॉटरी खरीदने में ही खर्च कर देते हैं. जिसके चलते परिवार में भी दुख का साया बना रहता है. सूत्रों की जानकारी के अनुसार हिरणपुर का एक नाम चिन्ह चेहरा इसका मास्टरमाइंड बताया जाता है. उसे इस काले धंधे का कंपनी कहा जाता है,जो पूरे जिला को कंट्रोल करता है. हालांकि कई बार हिरणपुर थाना प्रभारी कई लॉटरी माफियाओं को जेल की हवा अब तक खिला चुके हैं. और वे इस मामले में काफी कठोर कार्रवाई भी करते हुए देखे गए हैं.जो वाकई में काबिले तारीफ है.परंतु बावजूद इसके लॉटरी माफिया का मास्टरमाइंड कहे जाने वाले कानून की गिरफ्त से अभी भी कोसों दूर है. शायद यह बंदा झुनझुनी के इंतजार में है.

## तेज रफ्तार बाइक की पेड़ से जोरदार टक्कर, हुई मौत

**पाकुड़ :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत बलिहारपुर झिकरहाटी मुख्य सड़क पर इडेन गैस गोदाम समीप तेज रफ्तार जा रही बाइक पेड़ से जा टकरायी । जिससे बाइक चालक और बाइक में सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है की पश्चिम बंगाल मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत एलीजावेद निवासी मोहम्मद एस दानी और बैरिस्टर नामक व्यक्ति किसी काम के लिए पाकुड़ की ओर आया था और जाने के क्रम में सीधे पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक ड्राइव करने वाले व्यक्ति समेत बाइक सवार व्यक्ति की भी मौके पर ही मौत हो गई। वही सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़. सदर अस्पताल सोनाजोड़ी भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आगे की कारवाई कर रही थी।

## राजस्व बढ़ाने के लिए प्रमंडलीय आयुक्त ने दिए अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**



**हजारीबाग।** आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग श्री पवन कुमार ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिला आंतरिक संसाधन समिति तथा जिला टास्क फोर्स की समीक्षा की। उन्होंने खनन, कमर्शियल टैक्सेस, निबंधन, परिवहन, वन विभाग, मत्स्य विभाग तथा नगर निगम सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने सभी विभागों को शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करने तथा राजस्व बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश दिए। खनन विभाग की समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने खनिज संपदा के अवैध कारोबार पर त्वरित कार्रवाई करने तथा विभिन्न कोलियरी में कोयले के भंडारण का औचक वॉल्यूमैट्रिक जांच करने के निर्देश दिए। एक्साइज विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने अवैध शराब निमार्ता पर कड़ी कार्रवाई करने तथा लाइसेंसी बार में औचक जांच करने के निर्देश दिए। कमर्शियल टैक्सेस की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने डिफॉल्टरों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा मोबाइल चेकिंग कर राजस्व बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में उत्तरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त श्री पवन कुमार, अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार, नगर आयुक्त श्री रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिवाकर सी द्विवेदी, जिला खनन पदाधिकारी श्री रितेश राज तिग्गा सहित सभी अंचल अधिकारी व अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# हाइब्रिड मोड़ में समजशास्त्र विभाग में व्याख्यान माला सम्पन्न

# ट्रांसजेंडर समुदाय का जन्म से मृत्यु तक के सभी मानवाधिकारों का हनन होता है : डॉ रेशमा

अशिक्षा, आर्थिक और सामाजिक पिछड़ेपन मानवाधिकार के हनन के प्रमुख कारण- मधु कुमारी

मानवाधिकार व्यतियों के सम्पूर्ण जीवन का स्रोत है- प्रो राज मोहन

**अरविंद अग्रवाल, झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**



**छत्तरपुरः** वर्तमान परिपेक्ष्य में मानवीय मुल्यों के संरक्षण की नितांत आवश्यकता है। मानव मुल्यों के जीवन विधि में व्यहारिक जीवन जीने की आवश्यकता है। उक्त बातें गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा हाइब्रिड मॉड में भारत में मानवाधिकारः जागरूकता, समस्या और समाधान विषय पर आयोजित एक दिवसीय व्याख्यान माला में पटना विश्विद्यालय, पटना के सिनेट सदस्य डॉ रेशमा प्रसाद बोल रही थी। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार का हनन यदि सबसे ज्यादा होता है तो ट्रांसजेंडर समुदाय का क्योंकि उन्हें मनुष्य समझा ही नहीं जाता। इनके जन्म से मृत्यु तक के सारे अधिकारों का हनन होता है।

उक्त व्याख्यान माला का शुभारंभ सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। विशिष्ट वक्ता मधु कुमारी (शोध छात्रा, राजनीति विज्ञान विभाग- एन पी यू, मेदिनीनगर) ने कही की हमारे भारतीय संविधान में प्रस्तावना, नीति निर्देशक तत्व, मौलिक अधिकारों में मानवाधिकार के सुरक्षा की गारंटी देता है। श्रीमती कुमारी ने कही की इसके बाउजूद भारत में अशिक्षा, आर्थिक, सामाजिक पिछड़ापन के कारण अपने अधिकारों के जागरूकता के अभाव के कारण आम जनों के मानवाधिकारों का हनन होता है। स्वागत भाषण देते हुए परीक्षा नियंत्रक प्रो अमित कुमार ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में मानवाधिकारों के अधिकार और हनन पर सार्थक गोष्ठी होनी ही चाहिए। सामाजिक संगठन और कार्यकर्ता समाजिक जागरूक के लिए प्रयासरत है उनके साथ चलने की जरूरत है।

विषय प्रवेश करते हुए समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो राज मोहन ने कहा कि मानवाधिकार व्यक्ति के सम्पूर्ण जीवन का स्रोत है। मानव के जन्म के उपरांत से ही सभी प्रकार के मिलने वाले अधिकार से है, जो मनुष्य के नाते सभी प्रकार के अधिकार स्वतः प्राप्त होते है। उक्त व्याख्यान माला में प्रो मुन्नी देवी, प्रो रोहित कुमार, प्रो सुनीता कुमारी, प्रो अपराजिता प्रकाश, सुषमा कुमारी, सिमा कुमारी, रिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी, मनीष कुमार, सोनाली, कौशल्या, गौतम कुमार, मिथलेश कुमार कंचन कुमारी सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस कार्यक्रम में ऑनलाइन और ऑफलाइन लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन आयोजक प्रो राज मोहन और धन्यवाद ज्ञापन प्रो मुन्नी देवी ने किया।

# 25 दिवसीय विशेष घटक योजना अन्तर्गत पारंपरिक चित्रकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम, चुरचू व बड़कागांव प्रखंड में हुई शुरूआत

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**हजारीबाग।** बुधवार को हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखंड के जमडीहा एवं बड़कागांव के नयाटांड़ (गोसाई बलिया) में विशेष घटक योजना अन्तर्गत अनुसूचित जाति के सोहराई पेटिंग शिल्पकारों के लिए 25 दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। इस अवसर पर जिला समन्वयक श्रीश त्रिपाठी ने बताया कि सोहराई पेटिंग को जी.आई.टैग केन्द्र सरकार द्वारा दी गई है जिससे इसकी पहचान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर मिली है। हजारीबाग की अनेक महिलाएँ सोहराई पेटिंग के क्षेत्र में देश- विदेश में जाकर प्रशिक्षण भी दे रही हैं। प्रशिक्षण मुख्यमंत्री लघु एंव कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सौजन्य से हो रहा है। प्रशिक्षण का कार्यक्रम दिनांक 10.12.2024 से दिनांक 04.01.2025 तक आयोजित होगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक चित्रकारी ( सोहराई पेटिंग) के कारीगरों का कौशल विकास करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर जिला उद्यमी समन्वयक ने सभी कारीगरों को प्रशिक्षण संबंधित विस्तृत जानकारी दी। ट्रेनिंग एजेंसी भारतीय लोक कल्याण संस्थान के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर- राज कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में सोहराई पेटिंग की विभिन्न प्रकार की पेटिंग सिखाई जाएगी जो की आधुनिक डिजाइन की होगी । इस अवसर पर प्रशिक्षण संबंधित टुल किट वितरण भी किया गया। प्रखंड समन्वयक चुरचू असीम रंजन ने सोहराई पेटिंग के महत्व को समझाया एवं उसकी मार्केटिंग संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान सभी ट्रेनी को स्टाइपेंड के रु 180 रु प्रतिदिन के हिसाब से प्रशिक्षण समापन के उपरांत उनके बैक खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी।



# विश्व की ऐतिहासिक धरोहर में शामिल है इंडिया गेट


**इंडिया गेट जो विश्व की ऐतिहासिक धरोहर में शामिल एक द्वार है और यह दिल्ली में स्थित है. हर साल लाखों सैलानी इस द्वार को देखने आते हैं. हर साल 26 जनवरी के दिन इंडिया गेट के सामने गणतंत्र दिवस की परेड कराई जाती है.**

जी हां दोस्तों आज का हमारा लेख इंडिया गेट से संबंधित है. आज हम आपको इंडिया गेट से जुड़े वे सभी रोचक तथ्य बताने जा रहे हैं जो आपने आज से पहले शायद ही कहीं पढ़े होंगेतो चलिए जानते हैं

- इंडिया गेट की ऊंचाई 43 मीटर है विश्व का सबसे बड़ा युद्ध स्मारक है.
- क्या आप जानते हैं इंडिया गेट को प्राचीन समय में किंग्सवे के नाम से जाना जाता था और इसका डिजाइन सर एडवर्ड लुटियन्स ने बनाया था.
- इंडिया गेट के सामने स्थापित छतरी में जार्ज पंचम की एक मूर्ति स्तापित थी जिसे बाद में यहाँ से हटाकर कोरोनेशन पार्क में स्थापित कर दिया गया था.
- आपको जानकर गर्व होगा इंडिया गेट का निर्माण प्रथम विश्वयुद्ध में शहीद हुऐ 80,000 से अधिक भारतीय सैनिकों की याद में किया गया था.
- क्या आप जानते है इंडिया गेट पर 13300 अधिकारियों और सौनिकों के नाम अंकित हैं.
- इंडिया गेट के नीचे चारों कोनों पर अमर जवान ज्योति हमेशा जलती रहती है जिसे वर्ष 1971 में भारत पाक युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों की याद में स्तापित किया गया था.
- क्या आप जानते है इंडिया गेट की नींव 1921 में ड्यूक ऑफ कनॉट ने रखी थी और इस स्मारक को बनने में पूरे 10 वर्षों का समय लगा था.
- इंडिया गेट को देखने के लिए भारतीय टूरिस्टो के साथ साथ विदेशी सैलानी भी इस द्वार पर आते है.
- शाम के समय इंडिया गेट के चारों ओर लगी रोशनियों से इसे जगमगा दिया जाता है. जिससे एक भव्य दृश्य बनता है जो हमारी आँखों को एक सुखद अहसास देता है.
- आप इस स्मारक के पास से राष्ट्पति भवन को भी निहार सकते है.

# अब मछली नहीं उड़ती

बहुत पुरानी बात है। उन दिनों मछलियां तैरने के साथ उड़ भी सकती थीं। मछली का मन करता, तो वह दूर आसमान में जा उड़ती। तैरने का मन करता, तो नदी के अंदर चली जाती।
एक दिन बगुले का जोड़ा कहीं जा रहा था। बगुला मछली से बोला, हमारे अंडों का ध्यान रखना। हम किसी से मिलकर आते हैं।
दोपहर हुई, तो मोर ने मछली से कहा, मोरनी न जाने कहां चली गई? उसे ढूंढ़ने जा रहा हूं। हमारे अंडों का ध्यान रखना। उन सबके लौटने तक मछली ने अंडों का ध्यान रखा।
शाम हुई, तो चुहिया ने मछली से कहा, मैं घूमने जा रही हूं। मेरे बच्चे अकेले हैं। मछली पहरा देने लगी। चुहिया रात को लौटी। मछली जाने को हुई, तो गिलहरी ने आवाज लगाई, अमरूद पक गए होंगे, तो मुझे बताना।
मछली उड़ी और अमरूद के पेड़ के फल देख आई। फिर गिलहरी को बताया, अमरूद पक चुके हैं।
मछली जाने लगी, तो एक सांप ने पूछा, कहां जा रही हो?
मछली बोली, अब थक गई हूं। पानी में तैरने जा रही हूं।
सांप ने हंसते हुए कहा, आज की थकान तो दूर हो जाएगी। मगर कल क्या होगा?
मछली ने चौंकते हुए पूछा, मतलब?
सांप ने जवाब दिया, मतलब यह है कि हर कोई तुम पर रोब जमाता है। मोर, बगुले, चुहिया, गिलहरी तक तुम से अपना काम करा लेते हैं। क्यों?
मछली सोच में पड़ गई।
सुबह हुई। बगुले का जोड़ा मछली के पास आया और वही बात कहकर उड़ चला। मछली को सांप की बात याद थी। उसने मुंह बनाया, हुंह! मैं नदी में तैरने जा रही हूं। शाम तक बाहर नहीं आऊंगी।
बस फिर क्या था। सांप को इसी पल का इंतजार था। बगुलों के वापस आने से पहले वह उनके अंडे खा चुका था।
दोपहर हुई, तो मोर ने मछली से कहा, मोरनी न जाने फिर कहां चली गई। मैं उसे ढूंढ़ने जा रहा हूं। अंडों का ध्यान रखना। मछली ने मोर की बात को अनसुना कर दिया। वह घने पेड़ के पीछे आराम करने लगी। सांप ने मोरनी के अंडों को भी चट कर डाला।
शाम हुई, तो चुहिया ने मछली को बुलाया। रोज की तरह वह टहलने चली गई। मछली उड़ी और आसमान में गायब हो गई। अब सांप चुहिया के बच्चों को निगल गया।
रात हुई, तो गिलहरी ने मछली से कहा, अमरूद पक गए हैं। मैं भी कुछ अमरूद खा आती हूं। मेरे बच्चों का ध्यान रखना। गिलहरी के जाते ही मछली ने नदी में गोता लगाया। वह तैरती हुई नदी के दूसरे तट पर जा पहुंची। सांप ने गिलहरी के बच्चों को भी अपना निवाला बना लिया।
सुबह हुई, तो सभी ने मछली को घेर लिया। बगुला आगबबूला होकर चिल्लाया, मेरे अंडे कहां हैं?
चुहिया और गिलहरी ने अपने बच्चों के बारे में पूछा। मछली ने जवाब दिया, मुझे क्या पता?
बगुले को गुस्सा आ गया। उसने मछली को दबोच लिया। मछली ने डरते-डरते सारा किस्सा सुनाया।
किस्सा सुनकर चुहिया बोली, एक सांप की बातों में आकर तुमने हमारा भरोसा तोड़ा है। मैं तुम्हें उड़ने लायक नहीं छोड़ूंगी। चुहिया ने मछली के पंख कुतर डाले। गिलहरी ने कहा, आज से तुम उड़ नहीं पाओगी। मछली नदी में जा छिपी। बगुला बोला, कहां जाती हो। मैं तुम्हें पानी में भी नहीं छोड़ूंगा। तभी से बगुला मछली की ताक में रहता है। वहीं मछली अब उड़ नहीं पाती है।






**बादलों का सीना चीरकर उड़ने वाले पक्षी बाज के बारे में आप भली-भांति जानते होंगे. बाज एक ऐसा पक्षी है जो बादलों से भी ऊपर उड़ सकता है और इसके साथ ही यह पक्षी बहुत तेज रफ्तार से उड़ता है. उदाहरण के तौर पर बाज 380 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक उड़ सकता है.**

# आसमान का राजा बाज

बाज आसमान में लगभग 12000 फीट ऊंचा उड़ सकता है यह बारिश के दिनों में हमेशा बादलों के ऊपर उड़ता है शायद इसीलिए इसे आसमान का राजा भी कहा जाता है. बाज हवा में एक जगह मंडरा सकते हैं जैसे एक पतंग हवा में एक जगह उड़ती रहती है. एक वैज्ञानिक शोध के अनुसार बाज की नजर बहुत तेज होती है यह अपने शिकार को 5 किलोमीटर दूर से ही देख सकता है साथ ही इनकी आंखों में इन्फ्रारेड सिस्टम विकास हो गया है जिसकी वजह से यह है शिकार के शरीर से निकलने वाली गर्मी को पहचान कर उसका शिकार कर सकता है. बाज की नजर का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि बाज को आसमान से ही पानी में तैरती हुई मछली दिखाई दे जाती है और बाज पानी में गोता लगाकर मछली को पकड़ सकता है.
बाज की चोंच एक अलग तरह से बनी होती है इनकी चोच 90 डिग्री के कोण पर मुड़ी हुई होती है चोच के दोनों तरफ एक छोटा दांत बाहर निकला हुआ होता है. यह अपने शिकार को देखते हैं लगभग 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शिकार की तरफ बढ़ते है. और जैसे ही कोई मेंढक या चूहा पकड़ते है तो उसकी गर्दन पर ऐसी जगह पर वार करते है जिससे उसका नर्वस सिस्टम काम करना बंद कर देता है. जिसे शिकार मुकाबला नहीं कर पाता है और मारा जाता है. बाज अपने से दो गुना बड़े शिकार को पकड़ सकता है, कभी-कभी यह अपने से इतने बड़े शिकार को पकड़ लेते हैं कि एक बार में उसे खा भी नहीं पाते है. क्थद्दद्यद्द शिकार करके अपने भोजन को ऊंची पहाड़ियों में बने अपने घोसलों में छोड़ देते है. और बाद में जब इन्हें भूख लगती है तब यह उस शिकार को आ कर खा लेते है. बाज की आंखें अपने शिकार को बिना पलक झपकाए अधिक समय तक देख सकती हैं इसी कारण ये अपने शिकार से कम ही चुकते है.
बाज एक मांसाहारी पक्षी होता है इसका भोजन सांप, मछली, मेंढक, खरगोश, चूहे और छोटे पक्षी होते है. यह पक्षी लगभग पूरी दुनिया में ही पाया जाता है यह ज्यादातर ऊंची पहाड़ियों और चट्टानों पर अपना घोंसला बनाते है लेकिन ज्यादातर बाज पक्षी दूसरे पक्षियों के घोंसलों पर कब्जा करके यह रहते है. विश्व भर में इसकी 60 से भी अधिक प्रजातियां पाई जाती है. एक वयस्क बाज का वजन लगभग 10 किलो तक हो सकता है. इसके फल का आकार में बहुत बड़े और पतले होते हैं जिसके कारण यह ज्यादा देर तक हवा में उड़ पाते है. मादा बाज पक्षी साल में एक बार 3 से 4 अंडे देती है और जब तक उनमें से उसके बच्चे नहीं निकल आते है वह उनके ऊपर बैठी रहती है. बाज के बच्चे अंडे में से औसतन 35 से 40 दिनों के अंदर बाहर निकल आते है. एक बाज की औसतन आयु 60 से 70 वर्ष होती है. उनके पंख और सोच लगातार बढ़ती रहती है इसलिए जैसे-जैसे यह व्यस्त होते है. इन्हें अपनी चोच से भोजन खाने में दिक्कत होने लगती है इसीलिए यह चट्टानों पर जाकर अक्सर अपनी चोच घिसते रहते है. इनके पंजों की बात करें तो पैर के पंजे बहुत ही ताकतवर और नुकीले होते हैं जिससे यह किसी भी सांप या मछली को अगर एक बार पकड़ ले तो उसके बाद छोड़ते नहीं है. यह पक्षी ज्यादातर अकेले रहना ही पसंद करता है.





- बाज पक्षियों में सबसे बड़ा पक्षी होता है.
- बाज एक मांसाहारी पक्षी है.
- यह मुख्य रूप से भोजन में सांप, मछली, चूहा, मेंढक इत्यादि खाते है.
- बाज आसमान में बिना पंखों को हिलाएं हवा में अधिक समय तक उड़ सकता है.
- यह लगभग दुनिया के हर देश में पाया जाता है और दुनिया भर में इसकी 60 से अधिक प्रजातियां अभी तक खोजी जा चुकी है.
- यह पक्षी अकेले में जंगलों में पहाड़ियों के ऊपर रहना पसंद करता है.
- क्या आप जानते हैं जब भी पक्षियों के राजा की बात आती है तो उनमें बाज का नाम सबसे पहले लिया जाता है. क्योंकि यही एक मात्र ऐसा पक्षी है जो तेज रफ्तार के साथ ही शारीरिक रूप से भी सर्वाधिक शक्तिशाली माना जाता है.
- बाज मांसाहारी जीवो की श्रेणी में आता है और इसका जीवनकाल लगभग 40 वर्ष से लेकर 70 वर्ष का होता है.
- बाज तेजी से उड़ने और सतह पर चलने की लिए भी जाना जाता है. यह पक्षी सतह पर भी गजब की तेजी से दौड़ता है.
- बाज के शरीर की बनावट जैसे छाती की मजबूत मांसपेशियाँ , लम्बे पंख और स्ट्रीमलाइन आकार के फाल्कन सही मायने में इस पक्षी को गजब की रफ्तार देने के लिए ही बने है.
- बाज के शरीर की लंबाई 13 से 23 इंच तक हो सकती है तथा बाज क पंखो लंबाई 29 से 34 इंच तक होती है. इसके साथ ही मादा बाज का आकार नर बाज से बड़ा होता है.
- बाज के पसंदीदा शिकारो में चिड़िया, कबूतर, चूहा व बत्तख इत्यादि का शिकार ज्यादातर करता है.
- बाज आकाश में 12000 फीट की उंचाई तक उड़ान भर सकता है
- क्या आप जानते है बाज की अब तक लगभग 2000 प्रजाति खोजी जा चुकी है.
- अगर आप बाज को नहीं पहचानते तो इसे जानने के लिए नीली स्लेटी और उसी रंग के लम्बे नुकील पंखो और पेट पर सफेद एवं काले धब्बो से पहचाना जा सकता है.
- आपको जानकर हैरानी होगी द्वितीय विश्व युद्ध में कबूतरों द्वारा भेजे संदेशो को रोकने के लिए घुमन्तु बाज का इस्तेमाल किया जाता था.
- जंगलो में रहने वाले आदिवासी ज्यादातर छोटे -छोटे पक्षियों के शिकार के लिए बाज का सहारा लेते हैं.
- बाज एक ऐसा पक्षी है जो अंटार्टिका के इलावा समूचे विश्व में पाया जाता है.
- बाज ही एकमात्र ऐसा शिकारी पक्षी है जो शिकार के लिए इंसान के 2 साल के बच्चे को भी उठा कर ले जा सकता है.
- मादा बाज 1 से लेकर 3 अंडे देती है और लगभग बाज 34 से 36 दिनों तक अण्डों पर बैठती है जिसके बाद अण्डों में से बच्चे बाहर निकल आते हैं
- क्या आप जानते है एक स्वस्थ बाज 6 किलोग्राम वजन को उठा कर हवा में उड़ सकता है.
- जिस तरह बाज तेजी का प्रतिक माना जाता है ठीक इसी प्रकार बाज के बच्चे का भी बहुत तेजी से विकास होता हैं यह 6 सप्ताह में 3-4 किलो हो जाता हैं.
- बाज की नजर भी बहुत तेज होती है उदाहरण के तोर पर यह अपने शिकार को 5 किलोमीटर की दूरी पर भी देख लेता है.



# प्रति सेकंड 130 फ्रेम देख सकता है पेरग्रिन बाज

पशु-पक्षियों की दुनिया में पेरग्रिन बाज की दृष्टि सबसे तेज होती है। एक अध्ययन के अनुसार, दुनिया के सबसे सामान्य परभक्षी पक्षियों में शुमार यह बाज एक सेकंड में लगभग 130 फ्रेम देख सकता है। स्वीडन की लुंड यूनिवर्सिटी सहित कई शोधकर्ताओं का कहना है कि इसकी तुलना में इंसान प्रति सेकंड अधिकतम 50-60 फ्रेम ही देख पाते हैं। उन्होंने कहा कि कोई शख्स मूवी थिएटर में बतौर फिल्म प्रति सेकंड 25 छवियों की गति ही देख सकता है। वह भी उसे छवियों की शृंखला के रूप में नहीं देख सकता है। जर्नल ऑफ एक्सपेरिममेंटल बायोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, पेरग्रिन बाज की दृष्टि सबसे तीव्र होती है। तेज प्रकाश वाले वातावरण में उसकी दृष्टि 129 एचजेड (प्रति सेकेंड पलक झपकाना) होती है। इन्हीं परिस्थितियों में सेकर बाज 102 एचजेड और हैरिस की देखने की क्षमता 77 एचजेड होती है। ऐसा पहली बार है, जब वैज्ञानिकों ने परभक्षी पक्षियों की दृष्टि की गति का अध्ययन किया है। इसके लिए उन्होंने यह गणना की कि वे कितने दृश्यों का अनुभव कर सकते हैं। अध्ययन के सह लेखकों में एक लुंड यूनिवर्सिटी के एल्मट केल्बर ने कहा, 'मेरे सहयोगी साइमन पोटियर और मैंने सेकर और हैरिस प्रजाति के बाजों का अध्ययन किया। इस दौरान यह भी गणना की कि ये कितनी तेज रोशनी में झपकी ले सकते हैं।' शोधकर्ताओं ने कहा कि परभक्षी पक्षियों की नजर शिकार की जरूरत के हिसाब से हरकत करती है। आमतौर पर बाज तेज गति से उड़ने वाली पक्षियों का शिकार करते हैं और अपनी तीव्र दृष्टि से उन पक्षियों के सचेत होने से पहले ही उन्हें पकड़ लेते हैं।

## 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शिकार करता है

शोधकर्ताओं ने बताया कि हैरिस नामक बाज के पास अत्यधिक ऊंचाइयों पर शिकार करने के लिए बहुत तेज दृष्टि नहीं होती है, क्योंकि वह जमीन पर छोटे और धीमी गति वाले जानवरों का शिकार करते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार, पेरग्रिन बाज के पास अलग-अलग दृश्यों में खुद की दृष्टि को समायोजित करने की क्षमता होती है, क्योंकि यह एक फॉर्मूला वन रेसिंग कार की गति यानी 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अपने शिकार पर हमला बोलती है।

## पिंजरे में रखे गए पक्षियों की स्थिति समझने में मिलेगी मदद

यह अध्ययन छोटे कीटों को खाने वाली पक्षियों की देखने की क्षमता का पता लगाने के लिए किया गया है। शोधकर्ताओं ने का कहना है कि बाजों के शिकार की कला यह भी बताती है कि परभक्षी पक्षियों की दृष्टि बहुत तीव्र होती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इस अध्ययन से मिली नई जानकारी से कैद में रखे गए पक्षियों की स्थिति को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी।

# अजीब है कस्तूरी बैल

**बैल के बारे में आप लोग तो कुछ न कुछ जानते ही होंगे। लेकिन आप लोगों को आज एक ऐसे बैल के बारे में बताते हैं, जिसके बारे में शायद ही आप लोग जानते हों। यह बैल है कस्तूरी बैल। है न रोचक बात! आप लोग मस्क डीयर यानी कि कस्तूरी हिरण के बारे में जानते होंगे, लेकिन कस्तूरी बैल के बारे में नहीं। यह बैल भले ही अपने यहां नहीं पाया जाता, लेकिन यह कुछ एक देशों में पाया जाता है।**

कस्तूरी बैल बिल्कुल याक जैसा दिखता है। यह वृक्षहीन टुन्ड्रा प्रदेश और आर्कटिक प्रदेशों का निवासी है। पूर्वी अलास्का से लेकर उत्तरी कनाडा तक और ग्रीनलैंड में पाया जाता है। इसकी दो प्रजातियां होती हैं। एक ग्रीनलैंड मस्क ऑक्स या व्हाइट फेस्ड मस्क ऑक्स। दूसरी प्रजाति केनेडियन हाई-आर्कटिक मस्क ऑक्स होती है।

## दिखता है याक जैसा

यदि आप इसे दूर से देखो तो आप को भ्रम हो जाएगा। आपको लगेगा कि यह याक है, लेकिन ऐसा होता नहीं है। इसका शरीर काफी गठीला होता है। उस पर फर की दोहरी परत होती है। बाहरी परत लम्बे-लम्बे फर वाली होती है। कभी-कभी इसके बाल इतने लम्बे होते हैं कि जमीन को भी छूने लगते हैं। इनके मोटे फरों का रंग गहरा भूरा होता है। इनके फर ही बर्फीले आर्कटिक की शीत लहरों में ठंड से बचाव करते हैं। इनके बाल भेड़ के बालों की तरह ऊन बनाने के काम आते हैं। इनके फर गर्मी के मौसम में झड़ने लगते हैं।

## विशालकाय शरीर

इसके कंधों पर कूबड़ होता है। इसके सींग लम्बे,चौड़े और मुड़े हुए होते हैं। इसके खुर बैलों से काफी बड़े होते हैं। इसके विशालकाय शरीर का वजन 200 किलोग्राम से 400 किलोग्राम तक हो सकता है, जबकि शरीर की लम्बाई छह फुट से साढ़े सात फुट के मध्य होती है और ऊंचाई पांच फुट तक होती है। इसके गठीले शरीर के कारण ही शिकारी जानवर जल्दी हमला नहीं कर पाते। ये अक्सर झुंड में ही रहते हैं, इसलिए शिकारी जानवरों पोलर बीयर, आर्कटिक फॉक्स और आर्कटिक भेड़ियों से अपनी रक्षा कर लेते हैं।

## नहीं खाता मांस

आप लोग सोच रहे होंगे कि बर्फ में रहने की वजह से इसका भी भोजन मांस होगा, लेकिन ऐसा नहीं है। यह बिल्कुल भी मांसाहारी नहीं है। घास, आर्कटिक फूल, मरकट और बहुत प्रकार की वनस्पति खाता है। वैसे इसे 'विलो प्लांट' खाना ज्यादा अच्छा लगता है। यह अपना भोजन चबाता नहीं है, बल्कि उसे निगल जाता है।



# अनुच्छेद 370 पर आये फैसले ने भारत की संप्रभुता और अखंडता को बरकरार रखा



गुंजन सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

लो

**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**सर्वोच्च न्यायालय** ने अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त करने पर 11 दिसंबर को ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में भारत की संप्रभुता और अखंडता को बरकरार रखा है, जिसे प्रत्येक भारतीय द्वारा सदैव संजोया जाता रहा है। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना पूरी तरह से उचित है कि 5 अगस्त 2019 को हुआ निर्णय संवैधानिक एकीकरण को बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया था, न कि इसका उद्देश्य विघटन था। सर्वोच्च न्यायालय ने इस तथ्य को भी भलीभांति माना है कि अनुच्छेद 370 का स्वरूप स्थायी नहीं था।

जम्मू, कश्मीर और लद्दाख की खूबसूरत और शांत वादियां, बर्फ से ढके पहाड़, पीढ़ियों से कवियों, कलाकारों और हर भारतीय के दिल को मंत्रमुग्ध करते रहे हैं। यह एक ऐसा अद्भुत क्षेत्र है जो हर दृष्टि से अभूतपूर्व है, जहां हिमालय आकाश को स्पर्श करता हुआ नजर आता है, और जहां इसकी झीलों एवं नदियों का निर्मल जल स्वर्ग का दर्पण प्रतीत होता है। लेकिन पिछले कई दशकों से जम्मू-कश्मीर के अनेक स्थानो पर ऐसी हिंसा और अस्थिरता देखी गई, जिसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। वहां के हालात कुछ ऐसे थे, जिससे जम्मू-कश्मीर के परिश्रमी, प्रकृति प्रेमी और स्नेह से भरे लोगों को कभी भी रू-ब-रू नहीं होना चाहिए था। लेकिन दुर्भाग्यवश, सदियों तक उपनिवेश बने रहने, विशेषकर आर्थिक और मानसिक रूप से पराधीन रहने के कारण, तब का समाज एक प्रकार से भ्रमित हो गया। अत्यंत बुनियादी विषयों पर स्पष्ट नजरिया अपनाने के बजाय दुविधा की स्थिति बनी रही जिससे और ज्यादा भ्रम उत्पन्न हुआ। अफसोस की बात यह है कि जम्मू-कश्मीर को इस तरह की मानसिकता से व्यापक नुकसान हुआ।

देश की आजादी के समय तब के राजनीतिक नेतृत्व के पास राष्ट्रीय एकता के लिए एक नई शुरूआत करने का विकल्प था। लेकिन तब इसके बजाय उसी भ्रमित समाज का दृष्टिकोण जारी रखने का निर्णय लिया गया, भले ही इस वजह से दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करनी पड़ी।



मुझे अपने जीवन के शुरूआती दौर से ही जम्मू-कश्मीर आंदोलन से जुड़े रहने का अवसर मिला है। मेरी अवधारणा सदैव ही ऐसी रही है जिसके अनुसार जम्मू-कश्मीर महज एक राजनीतिक मुद्दा नहीं था, बल्कि यह विषय समाज की आकांक्षाओं को पूरा करने के बारे में था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नेहरू मंत्रिमंडल में एक महत्वपूर्ण विभाग मिला हुआ था और वे काफी लंबे समय तक सरकार में बने रह सकते थे। फिर भी, उन्होंने कश्मीर मुद्दे पर मंत्रिमंडल छोड़ दिया और आगे का कठिन रास्ता चुना, भले ही इसकी कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। लेकिन उनके अथक प्रयासों और बलिदान से करोड़ों भारतीय कश्मीर मुद्दे से भावनात्मक रूप से जुड़ गए। कई वर्षों बाद अटल जी ने श्रीनगर में एक सार्वजनिक बैठक में इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का प्रभावशाली संदेश दिया, जो सदैव ही प्रेरणा का महान स्त्रोत भी रहा है।

सरल शब्दों में कहें तो, अनुच्छेद 370 और 35 (ए) जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के सामने बड़ी बाधाओं की तरह थे। ये अनुच्छेद एक अटूट दीवार की तरह थे तथा गरीब,वंचित, दलितों-पिछड़ों-महिलाओं के लिए पीड़ादायक थे। अनुच्छेद 370 और 35(ए) के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों को वह अधिकार और विकास कभी नहीं मिल पाया, जो उनके साथी देशवासियों को मिला। इन अनुच्छेदों के कारण, एक ही राष्ट्र के लोगों के बीच दूरियां पैदा हो गईं। इस दूरी के कारण, हमारे देश के कई लोग, जो जम्मू-कश्मीर की समस्याओं को हल करने के लिए काम करना चाहते थे, ऐसा करने में असमर्थ थे, भले ही उन लोगों ने वहां के लोगों के दर्द को स्पष्ट रूप से महसूस किया हो।

एक कार्यकर्ता के रूप में, जिसने पिछले कई दशकों से इस मुद्दे को करीब से देखा हो, वो इस मुझे मुद्दे की बारीकियों और जटिलताओं से भली-भांति परिचित था। मैं एक बात को लेकर बिल्कुल स्पष्ट था- जम्मू-कश्मीर के लोग विकास चाहते हैं तथा वे अपनी ताकत और कौशल के आधार पर भारत के विकास में योगदान देना चाहते हैं। वे अपने बच्चों के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता चाहते हैं, एक ऐसा जीवन जो हिंसा और अनिश्चितता से मुक्त हो।

इस प्रकार, जम्मू-कश्मीर के लोगों की सेवा करते समय, हमने तीन बातों को प्रमुखता दी- नागरिकों की चिंताओं को समझना, सरकार के कार्यों के माध्यम से आपसी-विश्वास का निर्माण करना तथा विकास, निरंतर विकास को प्राथमिकता देना।

मुझे याद है, 2014 में, हमारे सत्ता संभालने के तुरंत बाद, जम्मू-कश्मीर में विनाशकारी बाढ़ आई थी, जिससे कश्मीर घाटी में बहुत नुकसान हुआ था। सितंबर 2014 में, मैं स्थिति का आकलन करने के लिए श्रीनगर गया और पुनर्वास के लिए विशेष सहायता के रूप में 1000 करोड़ रुपये की घोषणा भी की। इससे लोगों में ये संदेश भी गया कि संकट के दौरान हमारी सरकार वहां के लोगों की मदद के लिए कितनी संवेदनशील है। मुझे जम्मू-कश्मीर में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मिलने का अवसर मिला है और इन संवादों में एक बात समान समान रूप से उभरती है - लोग न केवल विकास चाहते हैं, बल्कि वे दशकों से व्याप्त भ्रष्टाचार से भी मुक्ति चाहते हैं। उस साल मैंने जम्मू-कश्मीर में जान गंवाने वाले लोगों की याद में दीपावली नहीं मनाने का फैसला किया। मैंने दीपावली के दिन जम्मू-कश्मीर में मौजूद रहने का भी फैसला किया।

जम्मू एवं कश्मीर की विकास यात्रा को और मजबूती प्रदान करने के लिए हमने यह तय किया कि हमारी सरकार के मंत्री बार-बार वहां जायेंगे और वहां के लोगों से सीधे संवाद करेंगे। इन लगातार दौरों ने भी जम्मू एवं कश्मीर में सद्भावना कायम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मई 2014 से मार्च 2019 के दौरान 150 से अधिक मंत्रिस्तरीय दौरे हुए। यह अपने आप में एक कीर्तिमान है। वर्ष 2015 का विशेष पैकेज जम्मू एवं कश्मीर की विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इसमें बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, पर्यटन को बढ़ावा देने और हस्तशिल्प उद्योग को सहायता प्रदान करने से जुड़ी पहल शामिल थीं। हमने खेलशक्ति में युवाओं के सपनों को साकार करने की क्षमता को पहचानते हुए जम्मू एवं कश्मीर में इसका भरपूर सदुपयोग किया।

विभिन्न खेलों के माध्यम से, हमने वहां के युवाओं की आकांक्षाओं और उनके भविष्य पर खेलों से जुड़ी गतिविधियों के परिवर्तनकारी प्रभाव को देखा। इस दौरान विभिन्न खेल स्थलों का आधुनिकीकरण किया गया, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए और प्रशिक्षक उपलब्ध कराए गए। स्थानीय स्तर पर फुटबॉल क्लबों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाना इन सबमें एक सबसे अनूठी बात रही।

# आज का राशिफल



**स्वामी रत्नेश जी**
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं।

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना कीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा।

# द्विवेदी युग के प्रतिनिधि कवि : मैथिलीशरण गुप्त

मैथिलीशरण गुप्त भारतीय संस्कृति और संस्कार के उन्नायक कवि हैं। बारह दिसम्बर को उनका उनसठवाँ पुण्य तिथि है। पुण्य तिथि के अवसर पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का पुनरावलोकन करने के साथ-ही उनके काव्यादर्शों को आत्मसात कर हिन्दी साहित्य में फिर से स्थापित करने की आवश्यकता है। उनकी कविताओं में राष्ट्रीय भावना,वैष्णवी आस्था और समन्वय की विराट चेष्टा है। समाज की उन्नति में पारिवारिक जीवन मूल्यों की बड़ी भूमिका होती है। गुप्त जी अपनी कविताओं में पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण के प्रति अधिक तत्पर दिखते हैं। उनकी यह तत्परता 'साकेत' में सर्वत्र दिखाई पड़ती है, जिसके कारण उन्हें कौटुम्बिक कवि भी कहा गया है। वे सच्चे अर्थों में आस्था और विश्वास के कवि हैं। अपने काव्य गुरु आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के उपकार को स्वीकारते हुए 'साकेत' की भूमिका में लिखते हैं--

यदि उन्हें महावीर का मिलता नहीं प्रसाद। गुप्त जी साहित्य में हो रहे उत्तरोत्तर परिवर्तनों को अभिव्यक्त करने में सफल कवि थे। मैथिलीशरण गुप्त ने दो प्रबंध काव्य 'साकेत' और 'जय भारत' एवं उन्नीस खंड काव्यों की रचना की है। इसके पीछे द्विवेदी युगीन संस्कार और उनकी मयार्दावादी दृष्टिकोण रहा है। उनकी प्रसिद्धि का आधार ग्रंथ 'साकेत' में उन्होंन रामकथा को दुहराया ही नहीं है बल्कि रामकथा का पुनर्मूल्यांकन किया है। इसके साथ ही उर्मिला और कैकेयी के जैसे उपेक्षित पात्रों को अपनी सहानुभूति से अधिक संवेदनशील और युगानुकूल बनाया है। चित्रकूट की सभा में कैकेयी कहती हैं - युग युग तक चलती रहे यह कठोर कहानी, रघुकुल में भी थी एक अभागिन रानी। निज जन्म जन्म तक सुने जीव यह मेरा धिक्कार! उसे था महास्वार्थ ने घेरा। कैकेयी का यह चरित्र कवि की मौलिक प्रतिभा का परिचायक है। इतना ही नहीं गुप्त जी के राम वाल्मीकि और तुलसी के राम से भिन्न हैं। उनके राम इस भूतल को ही स्वर्ग बनाने आये हैं। राम स्वयं कहते हैं- मैं आया उनके हेतु जो कि तापित हैं,

जोविवश,विकल,बलहीन,दीन,शापित हैं।भव में में नव वैभव व्याप्त कराने आया, नर को ईश्वरता प्राप्त कराने आया इस भूतल को ही स्वर्ग बनाने आया। मैथिलीशरण गुप्त को उपेक्षितों के कवि कहा गया है। उन्हें ऐसा कहना उचित भी है। उन्होंने भारतीय साहित्य में उपेक्षित नारी पात्रों को देखने की एक नई दृष्टि दी है। उसी का परिणाम है कि उनके प्रसिद्ध काव्य 'साकेत' में उर्मिला के चरित्र को विशेष प्रतिष्ठित मिली है। वहीं 'यशोधरा' काव्य में गौतम की पत्नी यशोधरा को। 'विष्णुप्रिया' काव्य में चेतनदेव की पत्नी विष्णुप्रिया को और 'रत्नावली' काव्य में तुलसीदास की पत्नी रत्ना आदि की वेदना को सशक्त सहानुभूति दी है। साथ - ही नारी स्वाभिमान की अभिव्यक्ति भी करायी है। यह बड़ा व्याघात। आगे फिर यशोधरा कहती हैं। हम क्षत्राणी हैं और क्षत्रिय धर्म की निर्वाह करना जानते हैं। हमें दुख इस बात की है कि मेरे पति ने मुझे पहचाना परन्तु जाना नहीं । क्षात्र धर्म के नाते सखी, वह मुझसे कहकर जाते । कविवर मैथिलीशरण गुप्त साहित्य को केवल मनोरंजन की वस्तु नहीं मानते हैं,बल्कि उसमें जीवन के लिए संदेश भी होना चाहिए। 'भारत-भारती' में वे कहते हैं-केवल मनोरंजन न कवि का कर्म होना चाहिए-? उसमें उचित उपदेश का भी मर्म होना चाहिए।

# देश में चौड़ी होती अमीर और गरीब की खाई



देश में अमीर और गरीब के बीच की खाई चौड़ी होती जा रही है। 2021 में देश की कुल राष्ट्रीय आय का करीब 20 फीसदी महज एक फीसदी लोगों के हाथों में है। दूसरी ओर निचले तबके की आधी आबादी कुल राष्ट्रीय आय की महज 13.1 फीसदी कमाई करती है। यह जानकारी विश्व असमानता रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में आर्थिक सुधार और उदारीकरण का ज्यादातर लाभ शीर्ष एक फीसदी लोगों को मिला है।

दुनिया भर में असमानता पर साक्ष्य आधारित शोध करने वाली फ्रांस की विश्व असमानता लैब द्वारा तैयार की गई इस रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारत में काफी गरीबी और असमानता है, जबकि यहां का एक वर्ग अकूत संपत्ति का मालिक है।'

इस रिपोर्ट को विश्व असमानता लैब के सह-निदेशक लुकस चांसेल ने तैयार किया है, जिसमें फ्रांस के अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी आदि ने सहयोग किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में भारत में एक फीसदी अमीरों के पास देश की कुल आय का 22 फीसदी है। शीर्ष 10 फीसदी अमीरों के पास कुल आय का 57 फीसदी है।

2021 में भारत में वयस्क आबादी की औसत राष्ट्रीय आय 2,04,200 रुपये सालाना रही। हालांकि रिपोर्ट में इसे स्पष्ट किया गया है कि औसत राष्ट्रीय आय असमानता को ढक देती है। 2020 में शीर्ष 10 फीसदी और निचले तबके की 50 फीसदी आबादी की आय का अंतर 1 से 22 फीसदी रहा। रिपोर्ट से पता चला है भारत दुनिया में सर्वाधिक असमानता वाले देशों में से एक है। ब्रिक्स देशों में दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील में भारत की तुलना में आय की असमानता कहीं ज्यादा है। दक्षिण अफ्रीका में शीर्ष 10 फीसदी और नीचे के 50 फीसदी की आय में अंतर 63 फीसदी है जबकि ब्राजील में यह अंतर 29 फीसदी है। चीन और रूस में यह अंतर 14 फीसदी है। दुनिया की बात करें तो कुल आबादी के 10 फीसदी अमीरों के पास अभी वैश्विक आय की 52 फीसदी आय पहुंचती है, जबकि निचले तबके वाली 50 फीसदी आबादी के हिस्से महज 8.5 फीसदी आय आती है।

हालांकि 2018 विश्व असमानता रिपोर्ट में भी भारत के शीर्ष एक फीसदी के पास कुल आय का 22 फीसदी हिस्सा जाता था और 2014 में शीर्ष 10 फीसदी के हाथों में करीब 56 फीसदी कमाई होती थी। इसका मतलब है कि आय का वितरण तब से लेकर अब तक कमोबेश उतना ही बना हुआ है। निचले तबके के 50 फीसदी परिवारों के पास तकरीबन नगण्य संपत्ति है। मध्य वर्ग भी अपेक्षाकृत गरीब है और कुल संपत्ति का 29.5 फीसदी उनके पास है, जबकि शीर्ष 10 फीसदी के पास 65 फीसदी और एक फीसदी के हाथों में कुल संपत्ति का 33 फीसदी है। देश में लोगों की औसत संपत्ति 4,200 डॉलर है। मध्य वर्ग की औसत संपत्ति 26,400 डॉलर (7,23,930 रुपये) है। शीर्ष 10 फीसदी लोगों के पास औसतन 2,31,300 डॉलर (63.54 लाख रुपये) और एक फीसदी के पास औसतन 61 लाख डॉलर (32.44 करोड़ रुपये) है।

रिपोर्ट के अनुसार भारत में असमानता का स्तर ब्रिटिश राज की तुलना में कहीं ज्यादा हो गया है। उस समय शीर्ष 10 फीसदी आबादी के पास कुल राष्ट्रीय आय का करीब 50 फीसदी था। आजादी के बाद यह हिस्सेदारी घटकर 35 से 40 फीसदी पर आ गई। 1980 के दशक के मध्य से उदारीकरण की नीतियों से दुनिया भर में आय और संपत्ति की असमानता बढ़ी है। आर्थिक सुधारों से सबसे ज्यादा लाभ शीर्ष एक फीसदी लोगों को हुआ है जबकि मध्य और कम आय वर्ग के लोगों को इसका कम लाभ मिला और गरीबी की स्थिति जस की तस बनी रही। रिपोर्ट में सरकार द्वारा जारी आंकड़ों की पारदर्शिता पर भी प्रतिकूल टिप्पणी की गई है।

# भाजपा के खिलाफ 27 में फिर बदलेगा सियासी समीकरण

कांग्रेस और सपा के बीच दूरियां तब और बढ़ गईं जब सपा कि तरफ से कहा जाने लगा कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस की जगह तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को दिए जाने पर सपा को एतराज नहीं है। उत्तर प्रदेश में बीजेपी के खिलाफ एक बार फिर से सियासी समीकरण काफी तेजी के साथ बदल रहा हैं। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और योगी सरकार की विरोध की हांडी नहीं पक पाने के कारण प्रदेश में एक बार फिर से नए सियासी समीकरण उभरते नजर आ रहे हैं। इस नये समीकरण में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी का अहम रोल हो सकता है। इसी वजह से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की कमान ममता बनर्जी को दिये जाने की मांग का भी समर्थन कर रहे हैं। हो सकता है 2027 के विधानसभा चुनाव के समय तक समाजवादी पार्टी कांग्रेसी पंजे से अपना हाथ छुड़ाकर ममता बनर्जी के कहने पर एक बार फिर से मायावती के सात बुआ भतीजे वाला रिश्ता निभाते नजर आए। ऐसा होता है तो यूपी में कांग्रेस को बड़ा झटका लग सकता है। यह संभावना है इसलिए बढ़ रही है क्योंकि पिछले कुछ दिनों या महीनों से कांग्रेस समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश कर रही है। सपा-कांग्रेस के बीच दूरियां लगातार बढ़ने के साथ एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक मंचों से बयानबाजी भी हो रही है। महाराष्ट और हरियाणा के चुनाव में कांग्रेस की नाकामी भी इसमें एक अहम कड़ी समझा जा रहा है। यही दूरियां ही हैं कि संसद के अंदर भी सपा-कांग्रेस विभिन्न मुद्दों पर मजबूती से एक साथ नहीं दिख रहे हैं।सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में दरार आई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। हाल यह है कि जेल में बंद सपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने भी इंडिया ब्लॉक को जेल से एक संदेश भेजा है। इसमें उन्होंने कहा है कि इंडिया ब्लॉक को मुसलमानों पर हो रहे हमलों पर अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी को भी लिखा कि संभल की घटना के जैसे ही रामपुर में हुए अत्याचार का मुद्दा भी संसद में उतनी ही मजबूती से उठाना चाहिए।

कांग्रेस और सपा के बीच दूरियां तब और बढ़ गईं जब सपा कि तरफ से कहा जाने लगा कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस की जगह तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को दिए जाने पर सपा को एतराज नहीं है। बता दें लोकसभा चुनाव के बाद कई चुनावों में कांग्रेस की लगातार हार के बाद इंडिया गठबंधन में अंतर्विरोध बढ़ रहे हैं। उधर दूसरी तरफ चर्चा यह भी है कि यूपी की राजनीति एक बार फिर पलट सकती है। सपा और कांग्रेस के बीच आई दूरियों के बीच मायावती का रुख नई राजनीतिक समीकरणों को जन्म दे सकता है। बहराल, सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में असहजता पैदा हुई है।



# लेटर भेजकर महाबोधि मंदिर को उड़ाने की धमकी

## झारखंड के गैंगस्टर प्रिंस खान के नाम से भेजा लेटर; कुख्यात के घर धनबाद पहुंची गया पुलिस

**गया।** के महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। यह धमकी मंदिर समिति को पत्र भेजकर दी गई है। धमकी मिलते ही मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस की जांच में पता चला है कि धमकी भरा लेटर झारखंड के गैंगस्टर प्रिंस खान के नाम पर भेजा गया है। प्रिंस पर झारखंड सरकार ने 30 लाख का इनाम रखा है। उसके खिलाफ रेड और ब्लू कॉर्नर नोटिस भी जारी है, लेकिन वह अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। अब तक की जांच में उसका मोबाइल लोकेशन दुबई में मिला है। इधर धमकी मिलने के बाद गया पुलिस मंगलवार को धनबाद के वासेपुर







स्थित गैंगस्टर के घर भी पहुंची, लेकिन वहां प्रिंस खान नहीं मिला। धनबाद पुलिस ने पहले ही प्रिंस का पासपोर्ट रद्द करवा चुकी है। उसके खिलाफ प्रिंस खान साल 2021 में जमीन कारोबारी नन्हे खान की हत्या के बाद से फरार है। जांच एजेंसियां हर पहलू पर कर रही जांच धमकी मिलने के बाद महाबोधि मंदिर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जांच एजेंसियां हर पहलू पर काम कर रही हैं। बुधवार को गया के सिटी एसपी प्रेरणा कुमार ने कहा कि 'लेटर भेजकर धमकी दी गई है, जिसकी सत्यता की जांच की जा रही है। अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। मामले में गोपनीयता बरती जा रही है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि धमकी असली है या किसी ने प्रिंस खान का नाम इस्तेमाल कर साजिश रची है।' 7 जुलाई, 2013 को आतंकवादियों ने महाबोधि मंदिर और बोधगया के आसपास के तीर्थस्थलों पर विस्फोट किए थे। 30 मिनट में 9 विस्फोट किए गए थे। इस हमले में दो भिक्षु सहित 5 लोग घायल हुए थे। 19 जनवरी 2019 में भी हुई थी कोशिश बोधगया को दोबारा दहलाने की साजिश 19 जनवरी 2019 को की गई थी। आतंकियों ने महाबोधि मंदिर परिसर के आसपास तीन जगहों पर विस्फोटक रखे थे। उस समय दलाई लामा बोधगया में ही प्रवास पर थे। हालांकि, गया पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर तीनों विस्फोटक बरामद कर किया था। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया था।

## संक्षिप्त डायरी

### गेटमैन के शराब पीने मामले में अल्कोहल की पुष्टी नहीं



**मोतिहारी।** में रेलवे और पुलिस के बीच विवाद होने का मामला सामने आया है। दरअसल पुलिस का कहना है बनकटवा में तैनात रेलवे गेट मैन शराब के नशे में डयूटी कर रहा था। जबकि गेट मैन का कहना है कि पुलिस गुमटी खोलवाने के लिए दबाव बना रही थी। ऐसा नहीं करने पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मालूम हो कि जितना थाना थाथानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह 28 नवंबर को गश्ती पर थे। इस दौरान गेट मैन पवन कुमार को शराब के नशे में डयूटी करते पकड़ा था। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया गया था। वहीं गेट मैन पवन कुमार ने एसपी से शिकायत करते हुए लिखा था कि पुलिस उस पर दबाव बना रही थी कि वे गेट को खोल दे। गेट नहीं खोलने पर झूठा केस लगा दिया। जबकि डीआरएम की ओर से कराए गए जांच में शराब पीने की पुष्टि नहीं हुई है। इसके अलावा एसपी ने बताया कि फाटक कर्मी का ब्लड सैंपल रेलवे ने एक दिन बाद लिया था। एक दिन के बाद ब्लड लेने पर रिपोर्ट में अल्कोहल की पुष्टि नहीं हो सकती है। अनुसंधान में यह रिपोर्ट मान्य नहीं होगा।

### थाना अध्यक्ष सहित 60 कर्मियों का वेतन बंद



**मोतिहारी।** SP ने क्राइम मीटिंग में समीक्षा के बाद कार्य में लापरवाही को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। एक थाना के 60 कर्मियों का वेतन बंद कर दिया है। वही थाना के अपर थाना अध्यक्ष को निलंबित कर दिया है।एसपी स्वर्ण प्रभात ने नगर थाना के इंस्पेक्टर से लेकर सिपाही तक सभी कर्मियों का वेतन रोक दिया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि क्राइम मीटिंग के दौरान सभी थानों के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान नगर थाना में सौ से अधिक वारंटी, कुर्की और इश्तहार के निष्पादन में कर्त्तव्य हीनता सामने आई। इसको लेकर अपर थाना अध्यक्ष रविराज को निलंबित कर दिया गया। वहीं नगर थाना के थाना अध्यक्ष से लेकर सिपाही तक के वेतन को बंद करने का आदेश दिया गया है।

### भाजपा नेता की पत्नी ने की दूसरी शादी, फोटो वायरल



**किशनगंज।** में भाजपा नेता राकेश कुमार गुप्ता (30) ने अपनी पत्नी पर 5 लाख रुपए लेकर फरार होने का आरोप लगाया है। पत्नी की दूसरी शादी की तस्वीर भी सामने आई है। इसको लेकर राकेश ने अपहरण का मामला दर्ज कराया गया है। मामला किशनगंज सदर थाना क्षेत्र का है। राकेश गुप्ता भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी है। मंगलवार को राकेश कुमार गुप्ता और उनके परिजन लड़की के घर पहुंचे तो हंगामा हुआ। लड़का पक्ष के लोगों का आरोप है कि लड़की पांच लाख कैश लेकर भाग गई है। इससे पहले लड़की की मां ने कई बार में 35 लाख रुपए लिए है।वहीं, इस संबंध में लड़की के पिता ध्रूप मोदक ने बताया कि राकेश गुप्ता से बेटी की शादी नहीं, बल्कि सगाई हुई थी। 6 दिसंबर को वे डॉक्टर से दवा लेने सिलीगुड़ी गए थे। वहां से वापस आने के बाद घर में बेटी नहीं मिली। पिता ने राकेश गुप्ता से रुपए लेने की बात से इनकार किया है।वहीं, धर्मगंज निवासी राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि गंगा बाबू चौक की रहने वाली लड़की पिंकी (25) से अरेंज मैरिज हुई थी। 29 अप्रैल 2024 को जिला न्यायालय में दोनों ने शादी की थी। इस दौरान दोनों के परिजनों भी मौजूद थें। कोर्ट में शादी के बाद पांजीपारा के मंदिर में भी हिंदू रीति रिवाज से परिजनों की उपस्थिति में दोनों की शादी हुई थी। राकेश का आरोप है कि शादी के बाद लड़की की मां ने बेटी को उनके साथ भेजने से मना कर दिया। मां का कहना था कि अभी आपका घर ठीक नहीं है। पहले घर बनवा लें, फिर लड़की को विदा करेंगे। ससुराल वालों की बात मानते हुए मैंने भी लड़की को साथ ले जाने के लिए दबाव नहीं बनाया। हालांकि, लड़की का मेरे घर आना-जाना लगा रहता था। साथ घूमने भी जाते थे। इसी बीच लड़की और उसकी मां ने तरह-तरह से मुझ पर दबाव डालना शुरू कर दिया। कभी जमीन लेने के लिए तो कभी घर की रजिस्ट्री के नाम पर मुझ से लाखों रुपए लिए। दो युवक मेरी पत्नी को लेकर गए पुलिस को दिए आवेदन राकेश गुप्ता ने बताया कि 6 दिसंबर को डॉक्टर को दिखाने के लिए वह अपने ससुर और सास के साथ पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी गए थे। इस दौरान पत्नी ने हाल-चाल जानने के लिए फोन किया था।

## दानापुर अस्पताल कैंपस में लगा पोल टांसफार्मर के साथ गिरा



**पटना।** के दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में लगा टांसफार्मर, पोल सहित उखड़कर गिर गया। इसके कारण बिजली सप्लाई बाधित हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अस्पताल के चारदीवारी निर्माण को लेकर गड्ढा खोदा गया था। इसके कारण यह घटना हुई। मजदूर के साथ ठेकेदार भी फरार प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो उस समय ठेला लेकर गुजर रहा एक शख्स बाल-बाल बच गया। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि करीब 12 बजे घटना हुई। मौके पर मौजूद लोग इधर उधर देखकर भागने लगे। बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना के बाद चारदीवारी का काम रहे सभी मजदूर के साथ ही ठेकेदार फरार हो गए। अचानक हुई इस घटना के बाद दानापुर अनुमंडल अस्पताल में तीन घंटे तक बिजली बाधित रही। घटना की सूचना पाकर मौके बिजली विभाग के कनीय अभियंता अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। अनुमंडल अस्पताल की मैनेजर सीमा ने बताया कि तीन घंटे से बिजली बाधित है। फिलहाल जरनेटर से बिजली अस्पताल में बिजली आपूर्ति की जा रही है। कनीय अभियंता रवि भूषण ने बताया कि चारदीवारी निर्माण को लेकर गड्ढा खोदा गया था, जिससे हादसा हुआ है। घटना ठेकेदार की लापरवाही के कारण हुई है। गड्ढा खोदने को लेकर पहले विभाग को सूचना नहीं दी गई थी।

## हमारी सरकार बनी तो कांग्रेस के दो डिप्टी सी.एम होंगे

### बिहार कांग्रेस प्रभारी बोले- उसमें एक मुस्लिम होगा; तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री होंगे

**पटना।** 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी सभी राजनीतिक दलों ने शुरू कर दी है। महागठबंधन में शामिल कांग्रेस ने चुनाव और हार-जीत के फैसले से पहले ही बड़ी डिमांड रख दी है। बिहार कांग्रेस के प्रभारी शाहनवाज आलम ने कहा- '2025 में महागठबंधन की सरकार बनी तो कांग्रेस पार्टी से दो डिप्टी सी.एम होंगे। एक डिप्टी सी.एम मुस्लिम समाज से होगा और दूसरा डिप्टी सी.एम सामान्य वर्ग से होगा।' खगड़िया में शाहनवाज आलम ने कहा कि 'बिहार विधानसभा का चुनाव महागठबंधन तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ेगा। बहुमत मिलने के बाद तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री होंगे।'इससे पहले कांग्रेस प्रभारी ने ममता बनर्जी को नेतृत्व देने वाले लालू यादव के बयान पर कहा था-



'कांग्रेस पार्टी एक अखिल भारतीय पार्टी है। जो लोग इस तरह का दावा कर रहे हैं कि बिहार, यूपी, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का वजूद नहीं है, वह पूरी तरह से बेतुका है। अगर आप सिर्फ एक राज्य में मजबूत हैं तो उसके आधार पर आप दूसरे दल पर सवाल खड़ा नहीं कर सकते। हर किसी की महत्वाकांक्षा होती है, लेकिन उसे कंट्रोल में रखना चाहिए।'एक दिन पहले ही लालू यादव ने I.N.D.I.A गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी को सौंपने की बात कही थी। उनके इस बयान के बाद कांग्रेस में खलबली मच गई थी। हालांकि, कांग्रेस की ओस रे कहा गया कि 'नेतृत्व का निर्णय I.N.D.I.A गठबंधन के सभी घटक दल मिलकर करेंगे।' वहीं खगड़िया में मीडिया से बात करते हुए बिहार कांग्रेस प्रभारी शाहनवाज आलम ने इशारों में लालू परिवार और ममता बनर्जी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था, 'पिछले दिनों देश के एक बड़े पूंजीपति के घर में शादी हुई थी, तो जो-जो लोग उस शादी में गए थे, वही लोग उन पर सवाल उठा रहे हैं जो उस शादी में नहीं गए थे।
गांधी परिवार को पूरे देश के लोग स्वीकार करते हैं।'
बता दें कि मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में लालू परिवार और ममता बनर्जी ने शिरकत की थी।

## बेटे की अस्थियां लेकर लौट रहा,न्याय के लिए लड़ूंगा

**समस्तीपुर।**'2019 में मेरे बड़े बेटे अतुल की शादी निकिता सिंघानिया से हुई थी। शादी के बाद से अतुल कभी खुश नहीं रहा। हर वक्त उसकी पत्नी उसे प्रताड़ित करती रहती थी। अतुल को लगता था कि सब एडजस्ट हो जाएगा। फिर एक साल बाद मेरा पोता हुआ, लेकिन फिर भी सब ठीक नहीं हुआ।' '2021 की शुरूआत में मेरी बहू अपने मायके चली गई। वहां जाने के बाद उसने अतुल समेत मेरे पूरे परिवार पर केस कर दिया। मेरे बेटे को लगता था कि कोर्ट से उसे न्याय जरूर मिलेगा। अभी बेंगलुरु एयरपोर्ट पर बेटे की अस्थियां गोद में लेकर बैठा हूं। अब मैं अपने बेटे के लिए लड़ूंगा और न्याय दिला कर रहूंगा।' ये बातें बेंगलुरु से समस्तीपुर लौट रहे अक इंजीनियर अतुल सुभाष के पिता पवन कुमार दैनिक भास्कर से कहीं। फोन पर बात करते हुए पिता ने रोते-रोते पूरी कहानी बताई। बेटे को खो चुके पवन कुमार ने कहा, 'उसकी शादी के बाद एक बार जो परेशानियां शुरू हुईं, वो फिर खत्म नहीं हुई। एक केस खत्म होता तो दूसरा शुरू हो जाता।'अतुल सुभाष के पिता



पवन कुमार ने बताया, '26 अप्रैल 2019 को अतुल की शादी हुई। अतुल की पत्नी शादी के बाद सिर्फ एक दिन हमारे घर यानी पूसा रोड रही है। अगले ही दिन यानी 28 अप्रैल को वो अतुल के साथ बेंगलुरु चली गई।' 'इसके बाद वो कभी हम लोगों के पास नहीं आई। अतुल की पत्नी बेंगलुरु में किसी कंपनी में काम करती थी। उस वक्त अतुल महिंद्रा एंड महिंद्रा में जॉब करता था। दोनों साथ ही बेंगलुरु गए थे।' 'एक साल बाद जब पोता हुआ, तो कुछ ही दिनों के बाद बहू की मां बेंगलुरु आई और पता नहीं क्या सिखाया कि बहू बेटे को लेकर मायके लौट गई। फिर तो सब बिल्कुल ही बदल गया।' 'आप सोच कर देखिए कि पूरे परिवार पर हत्या की कोशिश का, दहेज का... हमारे यहां दहेज का कोई प्रथा नहीं चलता है। इसके बाद भी मेरी बहू ने इतनी बड़ी समस्या में हम लोगों को डाल दिया।' 'स्थिति ऐसी हो गई कि बेटे को सुसाइड करना पड़ गया। शायद ये सब अतुल ने पहले से ही प्लान कर लिया था। वो जितनी परेशानियां झेल रहा था, शायद सोचता होगा कि मां-बाप को बताने से कोई फायदा नहीं, शायद इसी लिए उसने ये कदम उठाया।' रोते-रोते पवन कुमार ने बताया, '8 दिसंबर की देर रात छोटे बेटे विकास को मेल मिलने के बाद हम लोग 9 दिसंबर की सुबह बिहार से बेंगलुरु के लिए चले। शाम को यहां पहुंच गए थे। 10 दिसंबर को क्रिया-कर्म करने के बाद आज सुबह हम लोग बिहार के लिए निकले हैं।' अतुल की पत्नी ने पूरे परिवार पर केस किया था, लिहाजा अतुल तो बेंगलुरु से बनारस और फिर जौनपुर जाता था। इधर से मैं पूसा रोड से जौनपुर जाता था। मेरी उम्र 62 साल है। मेरी पत्नी 54 साल की है। मेरा छोटा बेटा विकास दिल्ली में रहता है।पिता ने कहा, 'अतुल देखता था कि मेरे माता-पिता भी परेशान हैं। जहां से न्याय मिलना था, वहां पेशकार से लेकर जज तक रिश्वत लेने को तैयार हैं। कहते थे कि 3 लाख रुपए दीजिए, 5 लाख रुपए दीजिए, तो आपका सेटलमेंट करा दिया जाएगा। नहीं तो परेशानी आपको ही होगी।' 'जब जज की ओर से रिश्वत की मांग की गई तो मेरे बेटे अतुल ने कहा कि आप ऐसा बोल रही हैं, तो ऐसे में तो मैं आत्महत्या कर लूंगा। इतने पैसे मैं कहां से दूंगा।' 'पहले जज की ओर से भरण-पोषण के लिए 40 हजार की रकम तय की गई, बाद में इसे 80 हजार रुपए कर दिया गया। आप सोच कर देखिए, कोई इंसान ऐसे में क्या करेगा।

## इंस्टाग्राम- फेसबुक पर फर्जी वीडियो पोस्ट करता है पति



**मधुबनी।** से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर पत्नी को ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। इसको लेकर महिला ने बुधवार को साइबर थाने में दूसरी बार शिकायत की है। इससे पहले 29 अक्टूबर 2024 को भी पीड़िता ने इस मामले को लेकर आवेदन दिया था। लेकिन, पति के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद महिला ने दूसरी बार पति के खिलाफ साइबर थाने में आवेदन दिया है। महिला का आरोप है कि पति अश्लील वीडियो बनाकर मेरे रिश्तेदारों को भेज रहा है। इससे हमारी पारिवारिक जीवन और सामाजिक छवि खराब हो रही है।पहली बार में महिला को इस बात की जानकारी नहीं थी कि उसका पति ही फेक आईडी बनाकर उस पर अश्लील वीडियो अपलोड कर रहा है। इस कारण उसने अज्ञात के खिलाफ आवेदन दिया था। वहीं, 2 दिन पहले उसे पता चला कि उसका पति ये काम कर रहा है। इसके बाद बुधवार को उसने अपने पति के खिलाफ साइबर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़ित महिला ने बताया कि 'वह पिछले 2 महीने से पुलिस थाने का चक्कर काट रही थी। लेकिन, उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। महिला का कहना है कि आरोपी लगातार अलग-अलग फेक क्ळ बनाकर अश्लील मैसेज और वीडियो परिजनों को भेज रहा है। पुलिस ने उसे पुपरी थाना और साइबर सेल के बीच दौड़ाया, लेकिन मामले पर ध्यान नहीं दिया।' जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा साइबर ऊरढ रश्मि कुमारी ने बताया कि 'आरोपी ने कई फेक अकाउंट्स बनाकर अश्लील वीडियो पोस्ट की है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

## अज्ञात वाहन कि ठोकर से युवक घायल, चल रहा इलाज




**मोतिहारी ।** में के डुमरियाघाट थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। इसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास के लोगों ने उसे डुमरियाघाट हॉस्पिटल में भर्ती कराया।वहा गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। युवक की पहचान डुमरिया घाड़ थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव निवासी 25 साल के सोनू कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में घायल सोनू के पिता ने बताया कि वह चौक पर गया था। चौक से घर आ रहा था, इस बीच अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। तभी इसकी सूचना हम लोगों को मिली। इसके बाद उसे लेकर मोतिहारी के सदर अस्पताल आए है। घटना के बाद आरोपी चालक फरार हो गया।

## बिहार एन.डी.ए की डिनर पार्टी, टॉपिक रहे लालू

### दिल्ली में बिहार विधानसभा चुनाव पर बनी रणनीति, पार्टी अपना सकती है महाराष्ट्र जीत का फॉमूर्ला

**पटना।** दिल्ली में JDU के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा के आवास पर मंगलवार रात बिहार NDA के सांसदों और नेताओं की बैठक हुई। बैठक में गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। इस दौरान कई बड़े और अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। मीटिंग के दौरान 2025 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा हुई। माना जा रहा है कि NDA महाराष्ट्र चुनाव में जीत का फॉमूर्ला बिहार विधानसभा चुनाव में भी अपना सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, NDA सांसदों की बैठक में RJD सुप्रीमो लालू प्रसाद का नीतीश कुमार पर बयान भी मुद्दा रहा। कई सांसदों ने लालू के आपत्तिजनक टिप्पणी को उनकी उम्र से जोड़ा। कहा, 'ज्यादा उम्र होने पर आदमी ठीक से तय नहीं कर पाता है कि वह बोल क्या रहा





है।' वहीं, कुछ सांसदों का कहना था, 'इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। वे ऐसी बातें बोलते रहते हैं। चूंकि यही लालू की आदत है, यही उनके संस्कार हैं।' राज्यसभा सांसद संजय झा के दिल्ली वाले आवास पर डिनर के बहाने NDA सांसदों बैठक बुलाई गई थी। इसमें दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा समेत केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा समेत बिहार से आने वाले सभी NDA सांसद भी मौजूद थे। इस दौरान अमित शाह ने सभी सांसदों से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, अमित शाह ने चुनाव से पहले NDA के पांचों घटक दलों को आपस में बेहतर समन्वय बनाने की बात कही। साथ ही राज्यभर में सम्मेलन और सभाएं करने की भी सलाह दी। मकर संक्रांति के बाद NDA के पांचों घटक दल हर जिले के बूथ स्तर और पंचायत स्तर तक के कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे। साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि बैठक में NDA का कोई दल अनुपस्थित ना रहे। जानकारी के मुताबिक, शाह ने ये सलाह दी है कि बूथ स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक जो बैठके होंगी, उसमें NDA के सभी पांचों दल के प्रदेश अध्यक्ष एक साथ मौजूद रहने चाहिए। सभी प्रदेश अध्यक्ष जब एक साथ होंगे तो ना कार्यकताओं के बीच में कोई कन्फ्यूजन रहेगा और ना ही मतदाताओं के बीच में।संजय झा के आवास पर हुए NDA दलों की बैठक में जीतन राम मांझी और चिराग पासवान की मौजूदगी के बीच अहम संदेश देने की कोशिश की गई। 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान ने जिस तरह से JDU के खिलाफ अपने उम्मीदवार उतारे थे, उसमें जदयू को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। ऐसे में 2025 के विधानसभा चुनाव में किसी पार्टी के बीच कोई मतभेद न रहे और ना ही मतदाताओं के बीच कोई संशय की स्थिति हो, इसलिए यह संदेश देने की कोशिश की गई कि सभी नेता एक साथ कार्यकताओं से मिलेंगे। जीतन राम मांझी की भी नीतीश कुमार के साथ जो अनबन की स्थिति रही है, उसे भी खत्म करने के लिए इस रणनीति पर काम किया जा रहा है।

# भारत रिफाइनरी, पेट्रोकेमिकल, एलएनजी रीगैसिफिकेशन की बढ़ा रहा क्षमता

### वैश्विक तेल कीमतों में गिरावट से भारत को आयात बिल में हो सकती है भारी बचत

**नई दिल्ली।**

भारत वैश्विक तेल और गैस उत्पादों के प्रमुख गंतव्य के रूप में उभरने की संभावना है। जब से भारत अपनी रिफाइनरी, पेट्रोकेमिकल, एलएनजी रीगैसिफिकेशन और पाइपलाइन क्षमता को बढ़ा रहा है, जबकि चीन की अर्थव्यवस्था में मंदी देखी जा रही है। रिपोर्ट के मुताबकि वैश्विक तेल कीमतों में कमजोरी बनी रहने की संभावना है, जो भारत के लिए फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि भारत कच्चे तेल की जरुरत का 80 फीसदी से ज्यादा आयात करता है।

वैश्विक तेल कीमतों में गिरावट से भारत को आयात बिल में भारी बचत हो सकती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के तेल और गैस उत्पादन में मामूली बढ़ोतरी की उम्मीद है, लेकिन यह निर्भर करेगा कि ओएनजीसी तय समय पर उत्पादन और नामांकन ब्लॉकों में गिरावट को कैसे कम करता है। भारत की एलएनजी पुनर्गैसीकरण क्षमता में चालू वित्त वर्ष 2025 में कम से कम 25 फीसदी की बढ़ोतरी की की संभावना है, जो भारत की वैश्विक एलएनजी अवशोषण क्षमता को और बढ़ाएगी।

रिफाइनिंग क्षेत्र में भारत अपनी क्षमता में 9 फीसदी की वृद्धि करने की उम्मीद कर रहा है, जिससे प्रतिदिन 0.5 मिलियन बैरल की बढ़ोतरी हो सकती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत का ऊर्जा संक्रमण तेज होगा और तेल और गैस कंपनियां अपने निवेश को इस क्षेत्र में शिफ्ट करेंगी। इसके अलावा पेट्रोकेमिकल्स से जुड़े रिफाइनरी ट्रांसफॉर्मेशन परियोजनाओं की शुरुआत की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की मांग में कमी आई है, खासकर डीजल की मांग में और इसे आगे और कम होने की संभावना है। एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसीएल को कमजोर तेल कीमतों से लाभ होने की उम्मीद है, जबकि ओएनजीसी को तेल कीमतों में गिरावट के जोखिम के कारण कम करें रेटिंग दी गई है। वैश्विक तेल कीमतों में गिरावट का दबाव बना रहेगा, लेकिन गैस की कीमतों में निकट भविष्य में वृद्धि की संभावना है।

# सीएनआई रिसर्च ने एक साल में दिया जबरदस्त रिटर्न, शेयरों में आई तूफानी तेजी

**नई दिल्ली।**

सीएनआई रिसर्च जिसने अपने प्रदर्शन से निवेशकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। बीते एक साल में इस पेनी स्टॉक ने निवेशकों को 654.59 फीसदी का जबरदस्त रिटर्न देकर सभी को हैरानी में डाल दिया है। इसके शेयरों में तूफानी तेजी दर्ज की गई है। कंपनी के शेयर मंगलवार को 17.19 रुपए के लेवल पर कामकाज की शुरुआत की और कुछ देर बाद पांच फीसदी के अपर सर्किट के साथ 17.28 रुपए के लेवल पर 52 वीक का नया हाई छुआ है। कारोबार के आखिर में बीएसई पर यह 4.98 फीसदी तेजी के साथ 17.28 रुपए के लेवल पर बंद हुआ। शेयर बाजार में कुछ शेयर ऐसे होते हैं जो निवेशकों को कम समय में ही शानदार रिटर्न देकर मालामाल कर देते हैं। अगर सीएनआई रिसर्च के शेयरों का प्रदर्शन देखें तो बीते एक हफ्ते में 27.34 फीसदी की तेजी आई है। इसने बीते एक महीने में 19.15 फीसदी का रिटर्न दिया है। बीते 3 महीने में 47.19 फीसदी तेजी आई है। इस साल 644.83 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। बीते 3 साल में कंपनी के शेयरों में 441.69 फीसदी मजबूती आई। मल्टीबैगर कंपनी सीएनआई रिसर्च का 52 वीक का हाई प्राइस 17.28 रुपए है। वहीं, 52 वीक का लो प्राइस 2.14 रुपए है। इस कंपनी का मार्केट कैप 263 करोड़ रुपए है। कंपनी रिसर्च फर्म के रूप में काम करती है।

# खाद्य पदार्थों में नरमी से खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 5.5 फीसदी हुई

**नई दिल्ली।**

खाद्य कीमतों में गिरावट के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित भारत की खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर 5.5 फीसदी रहने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि उम्मीद है कि खाद्य कीमतों में नरमी के कारण सीपीआई मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर 5.5 फीसदी रह जाएगी, जबकि अक्टूबर में यह 6.2 फीसदी थी। ऐसा खाद्य कीमतों में नरमी के कारण होगा, जबकि कोर कीमतों में तेजी और ईंधन कीमतों में लगातार गिरावट हो रही है। खाद्य कीमतों में कमी और कोर सीपीआई में कमी के कारण सूचकांक में गिरावट आएगी। कोर सीपीआई में वस्तुएं और सेवाएं शामिल हैं, लेकिन खाद्य और ईंधन शामिल नहीं हैं, जिनकी कीमतें अस्थिर मानी जाती हैं। अक्टूबर में सीपीआई मुद्रास्फीति बढ़कर 6.21 फीसदी रह गई, क्योंकि महीने के दौरान सब्जियों जैसे खाद्य पदार्थों की कीमतों में तेजी आई। यह पहली बार था, जब मुद्रास्फीति ने हाल के महीनों में आरबीआई की 6 फीसदी की ऊपरी सीमा को पार किया। खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में दर्ज 5.49 फीसदी से बढ़कर अक्टूबर में सब्जियों की कीमतों में 42.18 फीसदी बढ़ गई, क्योंकि इस साल मानसून के देर से वापस आने के कारण फसलों को नुकसान हुआ और बाजार में आपूर्ति कम हुई। आरबीआई गवर्नर ने पिछले सप्ताह कहा था कि भारत की विकास की कहानी अभी बरकरार है। मुद्रास्फीति में गिरावट आ रही है, लेकिन हम भविष्य में कई जोखिमों को नजरअंदाज नहीं कर सकते। इस जोखिम को कम नहीं आंका जा सकता। आरबीआई गवर्नर अर्थव्यवस्था के परिदृश्य के बारे में आशावादी थे, उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन अच्छी तरह से बना हुआ है।

## स्विग्गी के शेयर नीचे आए, मार्केट कैप भी गिरकर 1.16 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।**

ऑनलाइन फूड डिलीवर कंपनी स्विग्गी के शेयर बुधवार को 5 फीसदी नीचे आ गए। बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 5 फीसदी गिरकर 515.95 रुपए और 516.50 रुपए पर आ गया। शेयरों में गिरावट के साथ स्विग्गी का मार्केट कैप भी बीएसई पर गिरकर 1.16 लाख करोड़ रुपए रह गया। एंकर निवेशकों के लिए एक महीने की लॉक-इन अवधि खत्म होने के बाद निवेशकों ने मुनाफा वसूली के चलते स्विग्गी के शेयरों में गिरावट देखने को मिल रही है। लॉक-इन खत्म होने के बाद स्विगी के करीब 6.5 करोड़ के शेयर या कंपनी में 3 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी ट्रेड के लिए एलिजिबल हो गई। इससे निवेशकों के लिए आगे बढ़ने और 50 फीसदी हिस्सेदारी बेचने के दरवाजे खुल गए हैं। एंकर निवेशकों के अधिकार वाले शेष 50 फीसदी शेयरों की लॉक-इन अवधि 9 फरवरी 2025 को खत्म हो रही है। सुबह के कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 98.71 अंक या 0.12 फीसदी बढ़कर 81,608.76 पर पहुंच गया, जबकि एनएसई निफ्टी 45.65 अंक या 0.19 फीसदी बढ़कर 24,655.70 पर पहुंच गया। पिछले महीने स्विगी का आईपीओ एक्सचेंजों पर करीब 17 फीसदी प्रीमियम के साथ लिस्ट हुआ था। स्विगी के 11,327 करोड़ रुपए के इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) को बोली के लास्ट डे पूरी तरह से सब्सक्राइब किया था और यह इश्यू को 3.59 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद

**मुंबई।**




घरेलू शेयर बाजार बुधवार को हल्की बढ़त पर बंद हुआ। दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों के साथ ही उतार-चढ़ाव से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। कारोबार के अंत में 50 शेयरों वाले एनएसई निफ्टी के पीएसयू बैंक, मीडिया, एनर्जी और प्राइवेट बैंक सेक्टर में बिकवाली हावी रही जबकि ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल और रियलिटी सेक्टर में लिवाल का माहौल रहा। वहीं निवेशकों ने गुरुवार को जारी हाने वाले नवंबर के कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) डेटा को देखते हुए सावधानी बरती जिससे भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 16.09 अंक करीब 0.02 फीसदी की हल्की बढ़त के बाद 81,526.14 पर पहुंच गया। वहीं 50शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 31.75 अंक तकरीबन 0.13 फीसदी की बढ़त के बाद 24,641.80 स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, मारुति, भारती एयरटेल और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर लाभ में रहे जबकि , जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी, एसबीआई, रिलायंस, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक और टाइटन के शेयर नीचे आये। बाजार जानकारों के अनुसार, भारतीय बाजार में आज सूक्ष्म उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जो अमेरिकी सीपीआई मुद्रास्फीति डेटा जारी होने से पहले वैश्विक बाजारों में मौजूद मिश्रित भावनाओं को दिखाता है।जानकारों ने आगे कहा कि अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ, जबकि बॉन्ड यील्ड में हल्की बढ़त रही। इसके अलावाएफएमसीजी और फार्मास्यूटिकल्स सहित डिफेंसिव सेक्टर्स में तेजी देखी गई। चीन से प्रोत्साहन उपायों की संभावना से मेटल सेक्टर में तेजी रही। निफ्टी बैंक 186.35 अंक या 0.35 फिसदी फिसलने के बाद 53,391.35 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 157.55 अंक करीब 0.27 फीसदी की बढ़त के साथ 59,292.95 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 74.15 अंक करीब 0.38 फीसदी की बढ़त के साथ 19,657.35 पर बंद हुआ। बीएसई पर 2,148 शेयर लाभ में जबकि 1,836 नुकसान में बंद हुए, 112 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार की सपाट शुरुआत हुई। सुबह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 5.01 अंक करीब 0.01 फीसदी बढ़कर 81,515.06 पर कारोबार कर रहा था जबकि 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी 13.75 अंक तकरीबन 0.06 फीसदी की बढ़त के साथ 24,623.8 पर कारोबार कर रहा था। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन निफ्टी की वित्तीय सेवा और निजी बैंक सेक्टर में बिकवाली रही।


बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों के आने से लार्ज कैप शेयरों, विशेषकर बैंकिंग और आईटी में मजबूती है। निफ्टी बैंक 122.45 अंक तकरीबन 0.23 फीसदी नीचे आकर 53,455.25 पर था। वहीं निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 5.45 अंक या 0.01 फीसदी की गिरावट के साथ 59,129.95 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 53.45 अंक या 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,636.65 पर था।

# एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी को मिला बड़ा प्रोजेक्ट, शेयर 5.28 फीसदी उछले

### -कंपनी का शेयर बीएसई और एनएसई पर 27 नवम्बर को हुआ था लिस्ट

**नई दिल्ली।**

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के लिस्ट शेयर बुधवार को हाई डिमांड पर रहे और एनएसई पर कंपनी के 1.28 करोड़ शेयरों में कारोबार हुआ। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का शेयर प्राइस बुधवार को एनएसई पर 5.28 फीसदी चढ़कर 154.40 रुपए पर पहुंच गया। स्टॉक में यह तेजी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की एक सब्सिडियरी कंपनी को 500 मेगावाट के सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट मिलने के चलते आई है। एनटीपीसी ग्रीन ने कहा था कि सब्सिडयरी कंपनी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने 3.52 रुपए प्रति किलोवाट के टैरिफ पर 500 मेगावाट की सोलर एनर्जी क्षमता हासिल की है। इसमें कॉन्ट्रैक्ट पर सोलर क्षमता के साथ 250 मेगावाट 1000 मेगावाट के एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (ईएसएस) को स्थापित करना शामिल है। बता दें कि एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का शेयर बीएसई और एनएसई पर 27 नवम्बर 2024 को लिस्ट हुआ था। तब से अब तक स्टॉक अपने इश्यू प्राइस 108 रुपए की तुलना में 42.8 फीसदी का रिटर्न दे चुका है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी नॉन-हाइड्रो रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र की पब्लिक सेक्टर फर्म 'महारत्न' एनटीपीसी की पूरी तरह से मालिकाना हक वाली सहायक कंपनी है। 30 सितंबर, 2024 तक कंपनी की ऑपरेशनल कैपेसिटी 3,320 मेगावाट थी।




इसमें छह राज्यों में फैली 3,220 मेगावाट की सोलर परियोजनाएं और 100 मेगावाट के विंड प्रोजेक्ट शामिल हैं। कंपनी का कुल मार्केट कैप 1.26 लाख करोड़ है। सुबह 10-40 बजे एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयर 1.62 फीसदी या 2.37 रुपए चढ़कर 149.02 रुपए प्रति शेयर के भाव पर ट्रेड कर रहे थे। वहीं, एनएसई का निफ्टी-50 इस दौरान 0.27 फीसदी या 65.40 अंक चढ़कर 24,675.45 पर कारोबार कर रहा था।

# इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ रही संख्या, सरकार लागू कर रही प्रोत्साहन योजनाएं

### परिवहन मंत्रालय ने राज्यों को रोड टैक्स माफ करने की दी सलाह

**नई दिल्ली।**

भारत में रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की संख्या लगातार बढ़ रही है। देश में अब तक 28,55,015 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों और 2,57,169 चार पहिया वाहनों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, हाल ही में संसद में बताया गया था।

भारी उद्योग और इस्पात राज्य मंत्री ने लोकसभा में इसकी जानकारी दी थी। ओडिशा राज्य में रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या 1,45,479 है, और राज्य का अडोप्शन रेट 1.24 फीसदी है। भारत सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रोत्साहन के लिए कई योजनाएं लागू कर रही है।

फास्टर अडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (फेम) योजना, जो 1 अप्रैल, 2019 से शुरू हुई थी, इसके तहत 11,500 करोड़ रुपए का बजटीय समर्थन प्रदान किया है। इस योजना के जरिए ई-2व्हीलर, ई-3 व्हीलर, ई-4 व्हीलर, ई-बसों और ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों को बढ़ाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उद्योग के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का बजटीय परिव्यय 25,938 करोड़ रुपए है, जिसका उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है।

केंद्र सरकार ने एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) के लिए पीएलआई योजना को 18,100 करोड़ रुपए के बजटीय परिव्यय के साथ मंजूरी दी है, जिसका लक्ष्य 50 गीगावॉट घंटे की बैटरी के लिए घरेलू मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम स्थापित करना है। प्रधानमंत्री इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों के समर्थन के लिए 10,900 करोड़ रुपए का परिव्यय है।

सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों पर जीएसटी दर को 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दिया है और बैटरी से चलने वाले वाहनों को ग्रीन लाइसेंस प्लेट देने की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्हें परमिट की जरुरतों से भी छूट दी जाएगी।

## सीमेंट निर्माता कंपनियों ने बढाए 40 रुपये प्रति बोरी सीमेंट के दाम

**नई दिल्ली ।**

देश में घर बनाना अब और भी महंगा हो गया है। देश में सीमेंट के रेट 40 रुपये प्रति बोरी तक बढ़ गए हैं। जैसे ही सीमेंट की मांग बढ़ती है। उसके साथ सीमेंट निर्माता सीमेंट के दाम बढ़ा देते हैं। सीमेंट डीलर्स एसोसिएशन के अनुसार पश्चिमी भारत में 50 किलो की सीमेंट की बोरी 350 से लेकर 400 रुपये के बीच में बिक रही है। दिल्ली एनसीआर में सीमेंट की कीमत 340 से 395 रुपए के बीच में है। दक्षिण भारत में सीमेंट की बोरी 350 रुपए से 340 रुपए के बीच में बिक रही है। सीमेंट निर्माता कंपनियों ने डीलरों का मार्जिन घटा दिया है। वही सीमेंट के रेट निर्माताओं ने बढ़ा दिए हैं। सीमेंट कारोबार से जुड़े हुए लोगों का कहना है। अगले 6 महीने तक सीमेंट के रेट में तेजी बनी रहेगी। सीमेंट कंपनियां करटेल बनाकर मांग बढ़ने के साथ ही सीमेंट के दामों में वृद्धि कर देती हैं। जिसके कारण भारत में भवन निर्माण की लागत लगातार बढ़ती जा रही हैं।

## खरीदना हैं टाटा की कार..........जल्द खरीद लो यार, जनवरी से होगी महंगी

**मुंबई ।**

देश की दिग्गज ऑटोमोबाइल्स कंपनी टाटा मोटर्स की कारें खरीदना अगले साल से महंगा होगा। कंपनी ने बताया कि जनवरी 2025 से वह अपने पैसेंजर्स व्हीकल्स की कीमतों में 3 फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी। इसके पहले मारुति सुजुकी, ह्युंदै सहित कई कंपनियां दाम बढ़ाने का ऐलान कर चुकी हैं। टाटा मोटर्स ने कहा कि कच्चे माल की लागत और महंगाई दर बढ़ोतरी के असर को कुछ कम करने के लिए वह व्हीकल्स की कीमतों में बढ़ोतरी करने वाली है। जनवरी, 2025 से प्रभावी होने वाली बढ़ोतरी मॉडल और उनके वेरिएंट्स के आधार पर अलग-अलग होगी। टाटा मोटर्स के पैसेंजर व्हीकल्स फ्लीट में टियागो, टिगोर, पंच, नेक्सान, कर्व, हैरियर, सफारी सहित अन्य मॉडल की व्यापक रेंज है। इसके पहले मारुति सुजुकी, हुंदै, महिंद्रा एंड महिंद्रा और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर सहित कई ऑटो मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां भी अगले महीने से अपने गाड़ियों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा कर चुकी हैं। वहीं, लक्जरी ऑटो मैन्युफैक्चरर मर्सिडीज-बेंज इंडिया, ऑडी और बीएमडब्ल्यू ने भी लागत और ऑपरेटिंग खर्च में बढ़ोतरी का हवाला देकर जनवरी से कीमतें बढ़ाने की घोषणा की है। किआ इंडिया ने जनवरी से अपने सभी वाहनों की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की घोषणा की।

# क्विक कॉमर्स कारोबार में उतरेगी एमेजॉन, निर्यात लक्ष्य 80 अरब डॉलर रखा

**नई दिल्ली।**

क्विक कॉमर्स कारोबार में तेजी को देखते हुए एमेजॉन ने भी इस क्षेत्र में उतरने का फैसला किया है। इसके साथ ही कंपनी ने 2030 तक भारत से कुल निर्यात का लक्ष्य बढ़ाकर 80 अरब डॉलर कर दिया है। 'विकसित भारत' संकल्प के तहत 2025 तक कंपनी ने 20 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा है। एमेजॉन के शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि इस साल कंपनी ने 12 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया है और वह 2025 में 20 अरब डॉलर के अपने पिछले निर्यात लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। एमेजॉन की प्रतिस्पर्धी कंपनी वॉलमार्ट भी भारत से आपूर्ति लक्ष्य बढ़ा रही है। उसने 2027 से सालाना 10 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं की आपूर्ति का लक्ष्य रखा है। एमेजॉन इंडिया ने 15-मिनट में सामान की डिलिवरी करने की सेवा शुरू करने की योजना का खुलासा किया। एमेजान इंडिया के कंट्री हेड ने कहा कि कंपनी इस महीने बेंगलूरु में इसे प्रायोगिक तौर पर शुरू करेगी। हालांकि उन्होंने क्विक कॉमर्स योजना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा कि क्विक कॉमर्स में हमारा ध्यान सबसे तेजी के साथ कई वस्तुओं की आपूर्ति करने की है। हमने 42 हजार से ज्यादा विक्रेताओं से ऑर्डर के दिन या उसके अगले दिन करीब तीन करोड़ से ज्यादा उत्पादों की आपूर्ति की है। उन्होंने कहा कि भारत में बहुत कुछ ऐसा है जहां हम अभी तक नहीं पहुंचे हैं। हम बड़े शहरों में क्विक कॉमर्स की बात करते हैं लेकिन हमें देश के अन्य हिस्सों के बारे में भी सोचना चाहिए। निर्यात योजना के बारे उन्होंनेने कहा कि भारतीय एमएसएमई, विनिर्माताओं और स्टार्टअप के साथ ही मेड इन इंडिया उत्पादों की आपूर्ति के लिए एमेजॉन के वैश्विक बिक्री योजना के जरिये कंपनी ने 80 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य हासिल करने की योजना बनाई है। इनमें घरेलू व रसोई संबंधी उत्पाद, कपड़े और परिधान, खिलौने, स्वास्थ्य और पोषाहार, आयुर्वेद उत्पाद आदि शामिल हैं। एमेजॉन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने कहा कि भारत एमेजॉन के लिए प्रमुख बाजार है और हमारा दृष्टिकोण छोटे कारोबारों को डिजिटल बनाने, निर्यात को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के सरकार के नजरिये के अनुरूप है।




## वारी एनर्जीज के शेयरों में जबरदस्त उछाल, मॉड्यूल सप्लाई का मिला बड़ा ऑर्डर

### कंपनी ने 28 अक्टूबर 2024 को शेयर बाजार में किया था डेब्यू

**नई दिल्ली।** सोलर मॉड्यूल बनाने वाली कंपनी वारी एनर्जीज के शेयरों में बुधवार को जबरदस्त तेजी आई। बीएसई पर आज इंट्रा-डे ट्रेड में कंपनी के शेयर 7 फीसदी तक चढ़े। कंपनी के शेयरों में जबरदस्त तेजी से एक गीगावाट तक के सोलर मॉड्यूल की सप्लाई के लिए नया ऑर्डर मिला है। यह शेयर में बढ़त का लगातार पांचवां सत्र है। कंपनी ने 28 अक्टूबर, 2024 को शेयर बाजार में डेब्यू किया था। लिस्टिंग के बाद से वारी एनर्जीज के शेयर बाजार में धूम मचा रहे हैं। अपने इश्यू प्राइस से शेयर फिलहाल 97.70 फीसदी की बढ़त बनाए हुए हैं। वारी एनर्जीज ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि कंपनी को 10 दिसंबर को एक गीगावाट तक के सोलर मॉड्यूल की सप्लाई के लिए भारत में रिन्यूएबल पावर प्रोजेक्ट्स के स्वामित्व, विकास और संचालन के बिजनेस में संलग्न एक प्रतिष्ठित ग्राहक से ऑर्डर प्राप्त हुआ है। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक यह महत्वपूर्ण सप्लाई ऑर्डर वित्तीय वर्ष 2024-25 में शुरू होकर 2025-26 तक जारी रहेगा। हालांकि, कंपनी ने इस ऑर्डर के मूल्य का खुलासा नहीं किया है। बीएसई पर मंगलवार को कंपनी के शेयर 7.2 फीसदी बढ़कर अपने इंट्रा-डे हाई 3184.95 रुपए पर पहुंच गया। हालांकि कारोबार के अंत में वारी एनर्जीज के शेयर 5.55 फीसदी की बढ़त के साथ 3136.50 रुपए प्रति शेयर के भाव पर बंद हुआ। पिछले एक महीने में कंपनी के शेयरों ने 11.24 फीसदी का रिटर्न दिया है। वारी एनर्जीज के शेयर 28 अक्टूबर 2024 को स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्ट हुए। शेयर का इश्यू प्राइस 1503 रुपए था और लिस्टिंग के पहले दिन शेयर 2,336.80 के भाव पर बंद हुआ। इस तरह से कंपनी ने निवेशकों को 55.48 फीसदी का शानदार लिस्टिंग गेन दिया। फिलहाल कंपनी के शेयर अपने इश्यू प्राइस से 97.70 फीसदी की बढ़त पर हैं।

## नैचुरल हीट बढ़ने से खतरे में गारमेंट बिजनेस, 65 अरब डॉलर का हो सकता है नुकसान

### -पाकिस्तान, बांग्लादेश और वियतनाम में ब्रांडेड कंपनियां कराती हैं उत्पाद तैयार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान, बांग्लादेश और वियतनाम वह देश हैं जहां बड़ी और ब्रांडेड गारमेंट कंपनियां उत्पाद तैयार कराती हैं। जहां इन कपड़ों का निर्माण होता है वहां बहुत गर्मी पड़ती है। अब एक और समस्या सामने आ गई है कि पर्यावरण में बदलाव के कारण नैचुरल हीट में भी बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में इन कारखानों में काम करने वाले कर्मचारियों को गर्मी की दोगुनी मार झेलनी पड़ रही है। एक रिसर्च रिपोर्ट में पाया है कि अत्यधिक गर्मी या बाढ़ से बांग्लादेश, कंबोडिया, पाकिस्तान और वियतनाम के कपड़ा निर्यात उद्योग को 65 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। भारतीय करेंसी में यह 5.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा होगा। बता दें कि इस रिपोर्ट में रिटेलर्स और ब्रांड्स को यह सुझाव भी दिया गया है कि वे अपने कर्मचारियों के वेतन और हेल्थ पर खर्च को बढ़ाएं अत्यधिक हीट के कारण होने वाले कार्य दिवस के नुकसान की भरपाई हो सके। इसको देखते हुए अब यूरोपियन यूनियन ने नए नियम लागू किए हैं। यह नियम नाइकी, एचएंडएम और इन्हीं के जैसी अन्य गारमेंट कंपनियों को कानूनी रूप से इन परिस्थितियों को सुधारने के लिए बाध्य करती हैं। इन कंपनियों को ही पाकिस्तान, बांग्लादेश या वियतनाम में काम कर रहे अपने सप्लायर्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स में कूलिंग का पर्याप्त इंतजाम करना होगा। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के ग्लोबल लेबर इंस्टीट्यूट ने पाया है कि ढाका, हनोई, हो चि मिन्ह सिटी और कराची जैसे शहरों में 'वेट बल्ब' के दिनों में 42 फीसदी का उछाल आया है। वेट बल्ब तापमान मापने का एक तरीका है जिसमें 30.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान नोट किया जाता है। इसी पैमाने के मुताबिक जिस दिन तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा होता है उसे वेट बल्ब डे कहा जाता है और ऐसे दिनों में 2005-2009 के मुकाबले 2020-24 में 42 फीसदी का उछाल आया।

# स्मृति मंधाना के शतक के बावजूद हारा भारत, ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज 3-0 से जीती

**पर्थ (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के शतक के बावजूद भारत को तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 83 रन की हार के साथ 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा। अरुंधति रेड्डी (26 रन पर 4 विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से भारत ने वाका पर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 78 रन कर दिया था लेकिन अनाबेल सदरलैंड (95 गेंद में 110 रन, 9 चौके, 4 छक्के) के शतक से मेजबान टीम छह विकेट पर 298 रन का बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। सदरलैंड ने एशलेग गार्डनर (50) के साथ 5वें विकेट के लिए 96 और कप्तान तहलिया मैकग्रा (56) के साथ छठे विकेट के लिए 122 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

जवाब में भारतीय टीम मंधाना की 109 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 105 रन की पारी के बावजूद 45.1 ओवर में 215 रन पर सिमट गई। जब तक स्मृति क्रीज पर थी तब तक भारत की जीत की उम्मीद बंधी हुई थी लेकिन उनके आउट होने के साथ मेहमान टीम की सांत्वना जीत दर्ज करने की उम्मीद भी टूट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऑफ स्पिनर एशलेग ने 30 रन देकर पांच विकेट चटकाए। लेग स्पिनर एलेना किंग ने भी 27 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मंधाना को दूसरे छोर पर अन्य बल्लेबाजों से समर्थन नहीं मिला। एलेना ने हरलीन देओल (64 गेंद में 39 रन) को अपनी ही गेंद पर लपककर मंधाना के साथ उनकी दूसरे विकेट की 118 रन की साझेदारी का अंत किया जिसके बाद टीम ने लगातार विकेट गंवाए।


लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने पांचवें ओवर में ही रिचा घोष (02) का विकेट गंवा दिया जिन्हें मेगान शूट ने बोल्ड किया। टीम को कप्तान हरमनप्रीत कौर (22 गेंद में 12 रन) और जेमिमा रोड्रिग्ज (11 गेंद में 16 रन) से काफी उम्मीदें थी लेकिन इन दोनों ने निराश किया। सीनियर बल्लेबाज दीप्ति शर्मा भी खाता खोलने में नाकाम रहीं। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद फोएबे लिचफील्ड (25) और जॉर्जिया वोल (26) ने पहले विकेट के लिए 10.1 ओवर में 58 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। अपना पांचवां एकदिवसीय खेल रही अरुंधति ने हालांकि 11वें ओवर में चार गेंद के भीतर दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट करके ऑस्ट्रेलिया को दोहरा झटका दिया।

अरुंधति ने अंदर की ओर स्विंग होती गेंद पर पिछली मैच की शतकवीर वोल को बोल्ड किया जबकि बाएं हाथ की बल्लेबाज लिचफील्ड को बाहर की ओर स्विंग होती गेंद पर विकेटकीपर रिचा घोष के हाथों कैच कराया। अरुंधति ने इसके बाद ऑलराउंडर एलिस पैरी (04) को बोल्ड किया और फिर बेथ मूनी (10) को रिचा के हाथों कैच कराया जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर बिना विकेट के 58 रन से चार विकेट पर 78 रन हो गया। सदरलैंड और एशलेग ने इसके बाद पारी को संभाला।



सदरलैंड ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने स्पिनरों को निशाने पर रखा और 40वें ओवर में दीप्ति शर्मा पर दो चौके और एक छक्का मारा। दीप्ति ने 34वें ओवर में एशलेग को मीनू मनि के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। एशलेग ने 64 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके मारे। सदरलैंड को इसके बाद कप्तान तहलिया के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिली और दोनों ने तेजी से रन जुटाए तथा टीम का स्कोर 300 रन के करीब पहुंचाया। सदरलैंड ने पारी के अंतिम ओवर में दीप्ति पर मिड विकेट के ऊपर से छक्का जड़कर शतक पूरा किया लेकिन इसके बाद रन आउट हो गईं।

# इस्राइल के याहिल बने वाले एललोब्रेगाट ओपन 2024 के विजेता. भारत की तेजस्विनी को डब्ल्यूजीएम नार्म



**स्पोर्ट्स डेस्क ।** स्पेन के सबसे मजबूत टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम रखने वाले एललोब्रेगाट ओपन शतरंज 2024 का खिताब इज़राइल के ग्रांड मास्टर याहिल सोकोलोव्स्की नें अपने नाम कर लिया है ,यहिल नें पहले बोर्ड पर अंतिम राउंड में हमवतन इंटरनेशनल मास्टर ओर ब्रोंस्टेन से अपनी बाजी ड्रॉ करते हुए 7.5 अंक बना लिए थे और ऐसे में दूसरे बोर्ड पर खेल रहे टॉप सीड चिली के ग्रांड मास्टर क्रिस्टोबल हेनरिक विजाग्रा के पास मौका था की वह फीडे के ग्रांड मास्टर सव्वा वेतोखिन को पराजित कर पहले स्थान के लिए टाई कर सके पर इस बराबर चल रहे मुक़ाबले में ज्यादा प्रयास करना उन्हे भारी पड़ा और वह बाजी हार गए और ऐसे में 7 अंको के साथ सव्वा वेतोखिन दूसरे स्थान पर पहुँच गए ।

टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार क्रिस्टोबल को बेहतर टाईब्रेक में 6.5 अंको पर तीसरे स्थान के लिए इज़राइल के ग्रांड मास्टर इदों गोर्शतेन से दो ब्लिट्ज़ मुक़ाबले खेले जिसमें उन्होने दोनों मुक़ाबले जीतकर 2-0 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया ।

भारतीय महिला खिलाड़ी तेजस्वनी जी नें टूर्नामेंट में 5.5 अंक बनाते हुए 38वां स्थान हासिल किया , बड़ी बात है की इसटूर्नामेंट में उनकी वरीयता 82 थी और उन्होने 2375 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए अपनी लाइव रेटिंग को 2300 के करीब पहुंचाते हुए अपना दूसरा महिला ग्रांड मास्टर नार्म हासिल कर लिया है और इसके साथ ही अब उन्हे महिला ग्रांड मास्टर बनने के लिए करीब 53 रेटिंग अंक और अंतिम नार्म की जरुरत है ।

# रोहित आने वाले मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे: परांजपे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता जतिन परांजपे के अनुसार सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा भले ही दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में विफल रहे हों पर वह बचे हुए तीन मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। रोहित दिन-रात के दूसरे टेस्ट में मध्यक्रम में उतरे थे और दोनो ही पारियों में मिलाकर भी दो अंकों तक नहीं पहुंच पये। इससे पहले न्यूजीलैंड सीरीज में भी वह असफल रहे थे। इससे उनके पिछले 6 टेस्ट की औसत घटकर 11.83 हो गई है। रोहित को अपने गेंदबाजों का सभी तरीके से उपयोग नहीं करने के कारण भी आलोचना का सामना करना पड़ा था।

परांजपे ने कहा कि पिछली कुछ टेस्ट पारियों में उनका प्रदर्शन बहुत खराब रहा है पर मुझे लगता है कि फॉर्म अस्थायी है और क्लास स्थायी है। मुझे रोहित के अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर भरोसा है क्योंकि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वह मुंबई के खिलाड़ी हैं। जब चीजें कठिन होती हैं तो वे आपके खिलाफ जीत हासिल करने के लिए जाने जाते हैं। मुझे लगा कि एडिलेड में इस टेस्ट मैच में वह थोड़ा खराब थे पर मुझे भरोसा है कि वह वापसी करेंगे। उनकी बल्लेबाजी में कुछ भी गलत नहीं है, बस उन्हें मैदान पर एक या दो घंटे टिककर खेलने की जरूरत है।

परांजपे ने कहा, रोहित को 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के रूप में वापसी करनी चाहिए। सलामी बल्लेबाज के स्थान पर वापस आना उनके लिए एक आरामदायक क्षेत्र है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि वह यशस्वी जायसवाल के साथ शीर्ष स्थान पर वापस आएंगे। वहीं केएल राहुल को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेज जाएगा। मैंने यह भी सोचा कि पहले कुछ दिनों में वह अपनी कप्तानी में थोड़ा कमजोर थे और मुझे भरोसा है कि वह आने वाले तीन मैचों में अपनी पुराने अंदाज में दिखेंगे। वहीं परांजपे ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की कप्तानी की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले 3 से 4 साल में वह विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ कप्तान के तौर पर उभरे हैं। एडीलेड में उन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट लेकर बेहतरीन गेंदबाजी की थी।

# लिंडे का ऑलराउंड प्रदर्शन और मिलर की आतिशी पारी, दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को हराया

**डरबन(एजेंसी)।** जॉर्ज लिंडे (48 रन और चार विकेट) के हरफनमौल प्रदर्शन और डेविड मिलर (82) रनों की आतिशी पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 11 रनों से शिकस्त दी। जॉर्ज लिंडे को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

दक्षिण अफ्रीका के 183 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने बाबर आजम (शून्य) का विकेट तीसरे ही ओवर में गवां दिया। इसके बाद सईम अयूब ने कप्तान मोहम्मद रिजवान के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में ऐंडिले सिमेलाने ने सईम अयूब (31) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 10वें ओवर मे लिंडे ने उस्मान खान (नौ) को आउट किया।

तय्यब ताहिर (18), शाहीन शाह अफरीदी (9), इरफान खान (एक) और अब्बास अफरीदी (0) पर आउट हुए। हालांकि कप्तान मोहम्मद रिजवान एक छोर थामे खड़े रहे। 20वें ओवर में वेना मफाका ने मोहम्मद रिजवान को आउट कर पाकिस्तान के मैच जीतने की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। रिजवान ने 62 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (74) रनों की पारी खेली। हारिस रउफ (दो) और सुफियान मकीम (पांच) रन बनाकर नाबाद रहे।




वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 172 रन ही बना सकी और 11 रनों से मैच हार गई। वेस्टइंडीज की ओर से जॉर्ज लिंडे ने 21 रन देकर चार विकेट लिए। वेना मफाका को दो विकेट मिले। ऑटनील बाटमैन और ऐंडिले सिमेलाने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डेविड मिलर (82) और जॉर्ज लिंडे (48) रनों की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 183रन का स्कोर खड़ा किया।

कप्तान हाइनरिक क्लासन (12) और वेना मफाका (नाबाद (12) रनों का योगदान दिया। हालांकि दक्षिण अफ्रीका के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी और अबरार अहमद ने तीन-तीन विकेट झटके। अब्बास अफरीदी को दो विकेट मिले। सुफियान मकीम ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# रुट के पसंदीदा खिलाड़ी हैं हैरी ब्रूक

लंदन ।इंग्लैंड क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट अभी विश्व के चार सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं और उनकी गिनती , विराट कोहली, केन विलियमसन और स्टीव स्मिथ जैसे बल्लेबाजों के साथ होती है ।वहीं रूट के पसंदीदा खिलाड़ियों में विराट विलियमम्स और स्मिथ नहीं बल्कि एक नया बल्लेबाज हैरी ब्रूक है। ब्रूक ने हाल हीम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतकीय पारी खेली। इस पारी के बाद ही रूट उनके प्रशंसक हो गये ।इस अनुभवी बल्लेबाज ने कहा कि ब्रूक का बल्लेबाजी करने का स्टाइल ही उन्हें सबसे अलग और श्रेष्ठ बनाता है। रूट ने कहा कि, अगर आप मुझसे पूछें तो ब्रूक इस समय दुनिया के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं ।उनका खेल हर तरह से जबरदस्त है। वह दबाव को अच्छी तरह से झेल सकते हैं ।विपक्षी टीम पर दबाव डाल भी सकते हैं ।वह गेंदबाज के सिर के ऊपर से छक्का भी जड़ सकते हैं साथ ही वह स्पिन और सीम दोनों पर जमकर प्रहार कर सकते हैं ।इसलिए उन्हें गेंदबाजी करना सबसे कठिन है ।ब्रूक न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के शुरुआती दो मैचों में इंग्लैंड की जीत के हीरो रहे। उन्होंने दो टेस्ट मैचों में 171,123 और 55 रन की अर्धशतकीय पारी खेली है ।ब्रूक ने अभी तक अपने करियर में 23 टेस्ट मैच खेले हैं और 61.62 की शानदार औसत से 2280 रन बनाए हैं ।



# दबाव सिर्फ उस्मान ख्वाजा पर नहीं, बल्कि पूरे शीर्ष क्रम पर है : डेविड वॉर्नर

नई दिल्ली ।पूर्व बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा है कि मौजूदा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के लिए रन बनाने की जिम्मेदारी केवल सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा पर नहीं है, बल्कि पूरे शीर्ष छह पर है जिन्हें टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण पर काम का बोझ कम करने के लिए बड़ा प्रदर्शन करने की जरूरत है ।ख्वाजा ने सीरीज की शुरुआत खराब की है, पहले दो टेस्ट में सिर्फ 34 रन ही बना पाए हैं। शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में उनकी असमर्थता लंबे समय से चल रही है, ऑस्ट्रेलिया के लिए अपनी पिछली 16 पारियों में उन्होंने सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है। हालांकि ख्वाजा अकेले नहीं हैं जो इस परेशानी से जूझ रहे हैं ।स्टीव स्मिथ ने तीन पारियों में सिर्फ 19 रन बनाए हैं जबकि मार्नस लाबुशेन ने एडिलेड में 64 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत की है। वार्नर ने कहा, 'मुझे लगता है कि दबाव सिर्फ 'उज्जी' पर नहीं, बल्कि पूरे शीर्ष क्रम पर है ।ट्रैविस ने शानदार शतक बनाया और हम जानते हैं कि वह ऐसा करने में सक्षम है। लेकिन हर कोई इसका समर्थन कर रहा है ।यह सिर्फ एक खिलाड़ी की बात नहीं है, बल्कि शीर्ष छह खिलाड़ियों ने बहुत ज़्यादा रन बनाए और सुनिश्चित किया कि तेज गेंदबाज़ों को आराम दिया जाए। पहला मैच तेज गति वाला टेस्ट था, लेकिन इस आखिरी मैच में मिचेल स्टार्क हमेशा की तरह गुलाबी गेंद से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे ।' वार्नर ने नाथन मैकस्वीनी का भी समर्थन किया, जिन्होंने भारत के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ चुनौतीपूर्ण शुरुआत की है ।एडिलेड में पहली पारी में केवल 39 रन बनाने के बावजूद वार्नर ने मैकस्वीनी के स्वभाव और तकनीक की प्रशंसा की ।



# चैंपियंस ट्रॉफी से हटने पर पाकिस्तान को होगा भारी नुकसान

**मस्कट (एजेंसी)।** कराची ञ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगर चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन को लेकर चल रहे गतिरोध के कारण अगले साल फरवरी मार्च में होने वाली इस 50 ओवर की प्रतियोगिता से हटने का फैसला करता है तो उसको राजस्व के भारी नुकसान के अलावा मुकदमों का भी सामना कर पड़ सकता है और वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अलग-थलग भी पड़ सकता है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की प्रतियोगिताओं के आयोजन से जुड़े एक वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासक ने बुधवार को पीटीआई को बताया कि अगर आईसीसी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) हाइब्रिड मॉडल को पूरी तरह से स्वीकार करने से इनकार करते हैं तो पीसीबी के लिए टूर्नामेंट से हटने का फैसला करना आसान नहीं होगा।

इस अधिकारी ने कहा, 'पाकिस्तान ने न केवल आईसीसी के साथ मेजबानी से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, बल्कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य सभी देशों की तरह उसने आईसीसी के साथ सदस्यों की अनिवार्य भागीदारी से संबंधित समझौते (एमपीए) पर भी हस्ताक्षर किए हैं। आईसीसी की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमपीए पर हस्ताक्षर करने के बाद ही कोई सदस्य देश आईसीसी प्रतियोगिताओं से होने वाली कमाई का हिस्सा पाने का हकदार होता है।'

अधिकारी में कहा, 'सबसे महत्वपूर्ण बात किया है कि आईसीसी ने अपनी सभी प्रतियोगिताओं के लिए प्रसारक से समझौता किया है जिसमें उसने गारंटी दी है कि चैंपियंस ट्राफी सहित आईसीसी की प्रतियोगिताओं में उसके सभी सदस्य देश भाग लेंगे।' आईसीसी पिछले सप्ताह चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाइब्रिड मॉडल से करवाने पर सहमति हासिल करने में सफल रहा था। इसके अनुसार भारत अपने मैच दुबई में खेलेगा। इसके अलावा आईसीसी की 2027 तक होने वाली प्रतियोगिताओं में यह व्यवस्था बरकरार रहेगी। इसकी हालांकि अभी तक औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। अगर यह समझौता हो जाता है तो इसका मतलब होगा कि पाकिस्तान 2027 तक होने वाली आईसीसी प्रतियोगिताओं के लिए भारत का दौरा करने के लिए बाध्य नहीं होगा।

प्रशासक ने कहा कि अगर पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से हटता है तो आईसीसी और यहां तक कि आईसीसी कार्यकारी बोर्ड में शामिल अन्य 16 सदस्य देश भी उसके खिलाफ मुकदमा कर सकते हैं। प्रसारक भी यह रास्ता अपना सकता है क्योंकि पाकिस्तान के बाहर हो जाने से सभी हितधारकों को नुकसान होगा। उन्होंने इसके साथ यह भी खुलासा किया कि पीसीबी को कार्यकारी बोर्ड के अन्य सदस्यों से ठोस समर्थन नहीं मिला।




# क्रिकेट के साथ पढ़ाई को तवज्जो दे रहे वेंकटेश, आईपीएल में 23.75 करोड़ में बिकने के बाद कर रहे पीएचडी

**स्पोर्ट्स डेस्क।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की नीलामी में 23.75 करोड़ रुपए की भारी कीमत पर खरीदे गए वेंकटेश अय्यर हमेशा की तरह जमीन क्रिकेट के साथ-साथ पढ़ाई को भी तवज्जो दे रहे हैं। कुछ वर्षों में अपने IPL वेतन को 20 लाख रुपए से बढ़कर 20 करोड़ रुपए से अधिक होते देखने के बावजूद वेंकटेश अपनी पढ़ाई का विचार नहीं छोड़ रहे हैं। दरअसल एक इंटरव्यू में कोलकाता नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर ने खुलासा किया कि वह पहले से ही MBA कर चुके हैं और अब PHD कर रहे हैं। वेंकटेश इस समय भले ही 29 साल के हैं लेकिन वह पहले से ही उस समय के बारे में सोच रहे हैं जब वह 60 साल के होंगे।

एक इंटरव्यू में वेंकटेश ने खुलासा किया कि वह मध्य प्रदेश (राज्य घरेलू टीम) टीम में आने वाले खिलाड़ी से पहला सवाल यही पूछते हैं कि क्या वह अपनी शिक्षा जारी रख रहे हैं या नहीं। उन्होंने कहा, 'मैं एक रूढ़िवादी परिवार से आता हूं, इसलिए मध्यवर्गीय माता-पिता को यह समझाना कठिन है कि मैं केवल क्रिकेट ही अपनाऊंगा। लेकिन यह दूसरा तरीका था। मैं पढ़ाई में अच्छा था। मेरे माता-पिता चाहते थे कि मैं खेल में अच्छा प्रदर्शन करूं। ठीक है, अगर कोई नया आदमी एमपी (मध्य प्रदेश) टीम में आता है, तो सबसे पहली बात मैं उससे पूछता हूं, 'पढ़ाई कर रहे हो कि नहीं?' (आप पढ़ रहे हैं या नहीं?) शिक्षा आपके मरने तक आपके साथ रहेगी, एक क्रिकेटर 60 साल तक नहीं खेल सकता। आपको समझना होगा कि एक शेल्फ लाइफ होती है।'

वेंकटेश ने कहा, 'उसके बाद, यदि आप वास्तव में जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करना चाहते हैं, तो आपको शिक्षित होना होगा। शिक्षा मुझे खेल से एकदम अलग कर सकती है। मैं हर समय खेल के बारे में नहीं सोचना चाहता, इससे दबाव बढ़ता है यदि मैं एक ही समय में दो काम कर सकता हूं, तो मैं करूंगा। एक शिक्षित व्यक्ति होने के नाते मुझे मैदान पर भी बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलती है, ऐसी स्थिति होगी जब यह सिर्फ कौशल के बारे में नहीं होगा बल्कि यह होगा कि आप इसे ले सकते हैं या नहीं, एक बेहतर निर्णय। मैं चाहता हूं कि क्रिकेटर न केवल क्रिकेट के बारे में ज्ञान लें बल्कि सामान्य ज्ञान भी लें। यदि आप अपना स्नातक या स्नातकोत्तर पूरा कर सकते हैं, तो आपको निश्चित रूप से ऐसा करना चाहिए। मैं अब अपनी PHD कर रहा हूं। अगली बार आप डॉ. वेंकटेश अय्यर के रूप में मेरा साक्षात्कार लेंगे।



# स्टार शटलर पीवी सिंधु ने पीएम मोदी को दिया शादी का निमंत्रण, साथ थे होने वाले पति



नई दिल्ली । भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने अपने होने वाले पति वेंकट दत्त साई के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उनके फ्प्यार, स्नेह और मार्गदर्शनफ् के लिए उन्हें धन्यवाद दिया ।सिंधु 22 दिसंबर को वेंकट के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली हैं ।पीएम मोदी के साथ अपनी मुलाकात पर विचार करते हुए, सिंधु पीएम मोदी की उनके साथ बैडमिंटन और वेंकट के साथ डेटा पर चर्चा करने की क्षमता से आश्चर्यचकित रह गईं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा– आपके साथ समय बिताना हमेशा बहुत खास होता है ।सर ।हम आपके प्यार, स्नेह और मार्गदर्शन के लिए बहुत आभारी हैं ।यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि आप मेरे साथ बैडमिंटन और दत्ता के साथ डेटा पर इतनी सहजता से चर्चा कैसे कर सकते हैं ।एक्स पर निर्मला सीतारमण कार्यालय द्वारा साझा किए गए एक दृश्य में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने वेंकट के साथ वित्त मंत्री से भी मुलाकात की ।

# पूर्व क्रिकेट केविन कुरेन का बेटा बेन जिम्बाब्वे टीम में शामिल




हरारे ।जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर केविन कुरेन के बेटे बेन कुरेन को अफगानिस्तान के खिलाफ सीमित ओवरों की टी20 और एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम में शामिल किया है ।बाएं हाथ के बल्लेबाज बेन कुरेन ने साल 2018 से 2022 के बीच नॉर्थम्पटनशायर के लिए खेला है ।उनके नाम घरेलू प्रतियोगिताओं में 50 ओवर और लाल गेंद वाली घरेलू प्रतियोगिताओं में सबसे अधिक रन हैं ।केविन कुरेन ने साल 2005 से 2007 तक जिम्बाब्वे के मुख्य कोच रहने से पहले 1983 और 1987 के बीच जिम्बाब्वे के लिए 11 एकदिवसीय मैच खेले थे ।उनके भाई टॉम और सैम ने इंग्लैंड के लिए तीनों प्रारूपों में खेला है ।टॉम 2019 एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड टीम के सदस्य थे ।आखिरी बार वह 2021 में इंग्लैंड के लिए खेले थे ।वहीं, सैम ऑस्ट्रेलिया की 2022 टी20 विश्व कप विजेता टीम के लिए फाइनल में मैन ऑफ द मैच रहे थे ।दूसरी ओर बेन कुरेन ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में हुए आईसीसी अंडर–19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था ।किया था ।उन्होंने जिम्बाब्वे की ओर से तब 8 विकेट लिए थे ।इसके अलावा जिम्बाब्वे की टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है ।

# क्या घोड़े को भी एथलीट होने पर मिलने चाहिए मैडल? इटली लागू कर चुका है कानून

**नई दिल्ली (एजेंसी)** । उन्हें एथलीट कहा जाए या उपकरण, या फिर उन्हें वही कहा जाए जो वे हैं, घोड़े। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) उन्हें एथलीटों के साथ जोड़ना चाहता है लेकन लेकिन घुड़सवारों ने ऐसी किसी चीज के लिए जोर देने के खिलाफ सावधानी बरतने का आग्रह किया है जो आगे चलकर चीजों को 'जटिल% कर सकती है। दिल्ली उच्च न्यायालय असल में ईएफआई के प्रशासन पर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है जिसमें उस पर निजी क्लबों और संस्थानों को मतदान का अधिकार देकर राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। यह मामला ईएफआई से मान्यता प्राप्त राजस्थान की इकाई ने दायर किया गया है जो चाहता है कि यह अधिकार केवल राज्य संघों के पास हो। एक सुनवाई के दौरान ईएफआई ने यह असंबंधित दलील दी जिसने खेल का अनुसरण करने वालों के साथ-साथ इसमें शामिल लोगों की भी रुचि जगाई।

एशियाई खेल 1998, 2002 और 2006 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे राजेश पट्टू ने ईएफआई की पूरी दलील को खारिज करते हुए कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि घोड़ा एथलीट है या उपकरण क्योंकि वह भारतीय घुड़सवारी महासंघ के चुनावों में मतदान नहीं करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईएफआई इस तरह की अप्रासंगिक दलील देकर अदालत का समय बर्बाद कर रहा है। इसका निर्वाचन मंडल से कोई लेना-देना नहीं है जो कि मुख्य मामला है। ओलंपिक (टोक्यो ओलंपिक 2021) के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार फवाद मिर्जा घोड़ों को एथलीट के रूप में वर्गीकृत करने के पक्ष में हैं लेकिन उन्होंने इस तरह के कदम से आने वाली जटिलताओं के बारे में चेतावनी भी दी।

उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से मैं अपने घोड़े को एक एथलीट मानता हूं। मैं अपने घोड़े को एक पेशेवर और उच्च श्रेणी के एथलीट के रूप में देखता हूं। दूसरी ओर यदि आप उन्हें कानूनी चीजों के संबंध में, कानूनी व्यक्ति के रूप में, कानून के माध्यम से, या उन्हें पुरस्कृत करके मानवीय बनाने की कोशिश करते हैं तो यह काफी कठिन और जटिल हो जाता है। मिर्जा ने कहा कि वे आखिरकार जानवर हैं और अगर आप मानवीय चीजों और विचारों तथा कानून को जोड़ने की कोशिश करते हैं तो मुझे लगता है कि यह स्थिति को जटिल बनाता है। मिर्जा और पट्टू दोनों फिलहाल जर्मनी के सारब्रुकेन में ट्रेनिंग ले रहे हैं।

घुड़सवारी खेल की अंतरराष्ट्रीय संचालन संचालन संस्था अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी महासंघ (एफईआई) का संविधान एथलीट को 'एफईआई प्रतियोगिता में भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति के रूप में परिभाषित करता है। ऐसा व्यक्ति राइडर, ड्राइवर, लंगर या वॉल्टर तक सीमित नहीं हो सकता है। एफईआई के 2023 के कानून में घोड़े की नहीं बल्कि एथलीट की परिभाषा है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एफईआई एथलीट और घोड़ों को अलग-अलग सूचीबद्ध करता है। ईएफआई भी एफईआई का एक सदस्य महासंघ है लेकिन ऐसा लगता है कि इसने इटली से सीख ली है जो कानून के माध्यम से घोड़ों को एथलीट के रूप में वर्गीकृत करने वाला पहला देश है।



# आरक्षण की मांग, कर्नाटक में लगी 'आग', सुरक्षाकर्मियों से भी भिड़े

## लिंगायत समुदाय ने किया प्रदर्शन पुलिस ने भांजी लाठियां

बेलगावी

कर्नाटक के बेलगावी में मंगलवार को लिंगायत पंचमसाली समुदाय का आरक्षण की मांग को लेकर जारी प्रदर्शन हिंसक हो गया। पुलिस ने समुदाय के धार्मिक प्रमुख बसवजय मृत्युंजय स्वामीजी के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज किया है। प्रदर्शनकारी पुलिस द्वारा की गई बैरिकेडिंग को तोड़कर विधान सौध की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। लिंगायत पंचमसाली समुदाय के लोगों और सुरक्षाकर्मियों के बीच में झड़प की खबर सामने आई है।

1 बेलगावी में मंगलवार को लिंगायत पंचमसाली समुदाय ने किया हिंसक प्रदर्शन

2 समुदाय के धार्मिक प्रमुख बसवजय मृत्युंजय स्वामीजी के नेतृत्व में आगे बढ़े

3 लोगों और सुरक्षाकर्मियों के बीच में झड़प की खबर सामने आई हैं



### प्रदर्शनकारियों ने दी थी विधान सौध की घेराबंदी की चेतावनी

प्रदर्शनकारियों ने पहले ही कहा था कि अगर उनकी मांग को नहीं माना गया तो वे विधान सौध की घेराबंदी करेंगे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। इसके बाद पुलिस ने विपक्षी भाजपा के कई विधायकों और मृत्युंजय स्वामीजी के साथ-साथ उनके कई समर्थकों को एहतियातन हिरासत में ले लिया है।इस घटना के बाद सड़क पर फटे हुए जूते बिखरे हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं, पुलिस बाकी प्रदर्शनकारियों से बहस करती हुई नजर आई।

### विधानसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी

इस बहस के दौरान सदन में हंगामा देखने को मिला। जिस कारण विधानसभा की कार्यवाही को कई बार स्थगित करना पड़ा। इस मामले पर आज भी विधानसभा में चर्चा होनी थी। माना जा रहा था कि इस दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव की स्थिति देखने को मिल सकती है, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा के निधन के कारण सदन की कार्यवाही पूर्व कांग्रेस और भाजपा के दिग्गज नेता के सम्मान में दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

### बातचीत के लिए बुलाया, लेकिन वे नहीं आए: सिद्धारमैया

इस झड़प को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का भी बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि पंचमसाली समुदाय के नेताओं को चर्चा के लिए बुलाया गया था, लेकिन वे नहीं आए। लोकतंत्र में लड़ने का अधिकार है और हम लड़ने के अधिकार का विरोध नहीं कर रहे हैं।

### कांग्रेस और भाजपा आमने सामने

लिंगायत पंचमसाली समुदाय के लोगों द्वारा जारी इस विरोध प्रदर्शन ने कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक विवाद को भी जन्म दिया है। सोमवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन पंचमसाली संप्रदाय के कोटा आंदोलन के राजनीतिक नेताओं में से एक भाजपा के बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सहित कांग्रेस के विधायकों के साथ तीखी बहस की।

### सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे लाठीचार्ज के वीडियो

इस लाठीचार्ज के कई वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किए जा रहे हैं, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि सड़कों पर फटे हुए जूतों से लेकर सारा सामान बिखरा हुआ है और पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जोरदार बहस हुई। लाठीचार्ज के दौरान तो एक प्रदर्शनकारी के सिर से खून भी निकल आया, उसके सिर पर लगी पट्टी खून में सन गई और उसकी सफेद शर्ट खून से लथपथ हो गई है। पुलिस उसे गिरफ्तार करने ही वाली थी, लेकिन अन्य लोगों ने उसे घेर लिया। झड़प में लोगों ने रकारी वाहनों और विधायकों के वाहनों को भी नुकसान पहुंचा।

## खबर संक्षेप

### टीबी की घटनाओं में 17.7 फीसदी की गिरावट




नई दिल्ली। भारत को क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन की दिशा में विश्व स्तर पर मान्यता मिली है। देश में वर्ष 2015 से 2023 तक टीबी की घटनाओं में 17.7 प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक क्षय रोग रिपोर्ट 2024 के अनुसार यह दर वैश्विक औसत गिरावट 8.3 प्रतिशत से दोगुनी है। इसके अलावा पिछले 10 वर्षों में भारत में टीबी के कारण होने वाली मौतों में भी 21.4 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आई है। इसे देश की बहपत बड़ी उपलब्धि बताया जा रहा है।

### गुरुग्राम के पब में हमला बम फेंके, एक स्कूटी जली



गुरुग्राम। चंडीगढ़ के बाद अब साइबर सिटी गुरुग्राम के पब में हमला हुआ है। गुरुग्राम के सेक्टर 29 मार्केट में ह्यूमन पब में सुतली बम से हमला किया गया है। पब के बाहर बम फेंकने से एक स्कूटी जलकर राख हो गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि गुरुग्राम के सेक्टर 29 मार्केट में ह्यूमन पब में मंगलवार सुबह 5.15 बजे बम से हमला किया गया। एक बाद एक दो सुतली बम फेंके गए। दोनों बम फट गए। इससे आग लग गई। चपेट में आने से एक स्कूटी जल गई।

### सतारा में प्रस्ताव पारित बैलेट पेपर से होंगे चुनाव



सतारा। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद तमाम विपक्षी दलों की तरफ से ईवीएम को नतीजों को लेकर असंतोष जताया गया। इस कड़ी में महाराष्ट्र के दो गांवों की तरफ से एक प्रस्ताव पारित किया गया है कि वे आगामी सभी विधानसभा चुनावों में सिर्फ बैलेट पेपर का इस्तेमाल करेंगे। सतारा जिले की कोलेवाड़ी ग्राम सभा ने भविष्य में बैलेट पेपर से चुनाव कराने का संकल्प लिया है। इस तरह यह राज्य का दूसरा गांव बन गया है जिसने ईवीएम के खिलाफ ऐसा प्रस्ताव पारित किया है।

## शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने एक बार फिर दी चेतावनी

# दिल्ली में 14 को कूच करेंगे किसान 101 किसानों का जत्था करेगा मार्च

### किसान नेता सरवन पंढेर ने किया एक बड़ा ऐलान

### आमरण अनशन का 15वां दिन, सरकार ने नहीं किया संपर्क

नई दिल्ली

शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने एक बार फिर दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि अब हम लोग 14 दिसंबर को दिल्ली की ओर मार्च करेंगे। हमारे प्रदर्शन को 303 दिन पूरे हो चुके हैं और किसानों का आमरण अनशन भी 15वें दिन पर पहुंच गया है। हमने हमेशा बातचीत का स्वागत किया है. सरकार की ओर से किसी ने हमसे संपर्क नहीं किया.उन्होंने कहा कि दोनों संगठनों ने तय किया है कि हम 14 दिसंबर को 101 किसानों का जत्था भेजेंगे। बुधवार को आंदोलन की सफलता की प्रार्थना करेंगे। हम उन किसानों की रिहाई की मांग करते हैं जिन्हें प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया है। मैं अपने फिल्मी सितारों, गायकों और धार्मिक नेताओं से अनुरोध करना चाहता हूं कि कृपया प्रदर्शन करते हुए हमारे विरोध का प्रचार करें।



### किसानों ने मांगों का पिटारा खोला

सुरक्षा बलों द्वारा दिल्ली की ओर मार्च रोके जाने के बाद 13 फरवरी से किसान पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले हुए हैं। किसानों ने इससे पहले 13 फरवरी और 21 फरवरी को दिल्ली की ओर मार्च करने का प्रयास किया था, लेकिन सीमा बिंदुओं पर तैनात सुरक्षा बलों ने उन्हें रोक दिया था। फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी के अलावा, किसान कर्ज माफी, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन, बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं, पुलिस मामलों को वापस लेने और 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय' की मांग कर रहे हैं। भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 को बहाल करना और 2020-21 में पिछले आंदोलन के दौरान मरने वाले किसानों के परिवारों को मुआवजा देना भी उनकी मांगों का हिस्सा है।

### पिछले दिनों भी की थी कोशिश

इससे पहले संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले 101 किसानों के जत्थे ने 6 और 8 दिसंबर को पैदल दिल्ली जाने की दो कोशिशें की थीं, लेकिन हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। इस दौरान किसानों और सुरक्षाबलों के बीच टकराव जैसी स्थिति बनी, जिसके बाद किसानों को पीछे धकेलने के लिए आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान कई किसान घायल भी हुए।

### डल्लेवाल और दिलबाग की हालत ठीक नहीं

इस बीच किसान संगठनों के बड़े नेता शंभू बॉर्डर से खनौरी बॉर्डर पहुंच गए हैं। किसानों ने यहां मंगलवार को सामूहिक भूख हड़ताल रखा। सोमवार को किसान नेता काका सिंह कोटडा ने मंच से कहा कि संयुक्त मोर्चा के प्रमुख जगजीत डल्लेवाल की सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। उनका वजन करीब 11 किलो कम हो गया है। वह काफी कमजोरी महसूस कर रहे हैं। उन्हें चक्कर आते रहते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक डल्लेवाल के लिवर फंक्शन टेस्ट खराब आ रहे हैं। पंधेर ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शंभू बॉर्डर पर लगातार हरियाणा पुलिस व सुरक्षा बलों की ओर से किसान नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। शुक्रवार को दिल्ली कूच करने गए जत्थे में शामिल किसान नेता सुरजीत सिंह फूल को घायल किया गया। वहीं रविवार को रेस्क्यू टीम में शामिल किसान नेता दिलबाग सिंह को घायल किया गया। दिलबाग सिंह की हालत ठीक नहीं है और उन्हें इमरजेंसी में शिफ्ट किया जा रहा है।

### गिरफ्तार लोगों को तुरंत छोड़ें

किसान नेता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि हमारे प्रदर्शन को 303 दिन हो चुके हैं, हमारा आमरण अशन 15वें दिन में पहुंच चुका है। लेकिन अभी तक सरकार ने हमसे कोई संपर्क नहीं किया है। पंढेर ने जोर देकर बोला है कि जिन भी किसानों को प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया है, उन्हें तुरंत छोड़ा जाए।



### एमएसपी हमारी प्राथमिकता

इसके अलावा एमएसपी को लेकर तो किसानों की मांग काफी पुरानी चल रही है। पिछली बार के आंदोलन में कृषि कानून विवाद के केंद्र में थे, लेकिन तब भी एमएसपी को लेकर आश्वासन प्राथमिकता में रखा गया था। अब फिर उसी मांग के साथ फिर सरकार से तकरार हो गई है।

## मथुरा-बरेली राजमार्ग पर भीषण हादसा

# केंटर और ओवरलोड मैजिक की भिड़ंत, 7 लोगों की मौत



हाथरस

यहां के गांव जैतपुर के निकट केंटर और मैजिक की भिड़ंत में साढ़े तीन माह के बच्चे सहित 7की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोडर व अन्य वाहनों की मदद से घायलों को उपचार के लिए बागला जिला अस्पताल पहुंचाया। इधर, लोडर वाहनों व एंबुलेंस से मृतकों के शवों को लाया गया। इस सवारी मैजिक वाहन में क्षमता से अधिक सवारियां भरी हुई थीं। सवारी मैजिक में करीब 21 लोग बैठे हुए थे। यह मैजिक हाथरस से सिकंदराराऊ की ओर जा रही थी। वहीं केंटर सिकंदराराऊ से हाथरस की ओर आ रहा था। आमने सामने की भिंड़त में दोनों वाहन पलट गए। मौके पर चित्कार मच गई। इस सवारी मैजिक वाहन में एक ही परिवार के करीब 10 लोग एटा में गांव नगला इमलिया में कैंसर पीड़ित को देखने के लिए जा रहे थे। मामले की सूचना पर डीएम, एसपी सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे गए। पशुपतिनाथ कोल्ड स्टोरेज के पास हुई सड़क हादसे में सूचना पर सीओ सिकंद्राराऊ एवं थाना प्रभारी हाथरस जंक्शन मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे।

### मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख देंगे: योगी

हाथरस हादसे का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और गंभीर घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। एसपी निपुण अग्रवाल एवं डीएम हाथरस राहुल पांडेय हादसे पर नजर बनाए हुए हैं। मौके पर पहुंचकर दोनों ने स्थलीय निरीक्षण किया ।अस्पताल पहुंचकर घायलों के बारे में जानकारी की। घायलों के उपचार के लिए दिशा निर्देश दिए।

### बेस्ट बस दुर्घटना: ड्राइवर 21 तक हिरासत में

मुंबई। यहां की एक अदालत ने बेस्ट बस दुर्घटना में शामिल ड्राइवर को 21 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इस दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई थी और 42 अन्य घायल हो गए थे। ड्राइवर संजय मोरे पर 'गैर इरादतन हत्या' का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में बीएमसी ने समिति का भी गठन किया है। बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) उपक्रम द्वारा संचालित बस ने सोमवार रात करीब 9.30 बजे कुर्ला (पश्चिम) में एसजी बर्वे मार्ग पर कई वाहनों और पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। मोरे को दुर्घटना के बाद हिरासत में लिया गया और बाद में उसे भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

## नवनियुक्त आरबीआई गवर्नर बोले

# सभी दृष्टिकोणों को समझकर अर्थव्यवस्था को सर्वोत्तम करेंगे

नई दिल्ली

राजस्व सचिव और नवनियुक्त आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा 11 दिसंबर को पदभार संभालेंगे। नियुक्ति के बाद



उन्होंने कहा कि वह सभी दृष्टिकोणों को समझने और अर्थव्यवस्था के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करेंगे। वित्त मंत्रालय के बाहर संवाददाताओं सवालों का जवाब पर मल्होत्रा ने कहा कि कोई भी हो उसे क्षेत्र, सभी दृष्टिकोणों को समझना होगा और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम कार्य करना होगा। 56 वर्षीय मल्होत्रा वर्तमान में वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव हैं, उन्हें सोमवार शाम को सरकार ने केंद्रीय बैंक के अगले गवर्नर के रूप में शक्तिकांत दास का स्थान लेने के लिए नामित किया है।

## केजरीवाल ने दी 5 गारंटियां

# ऑटो ड्राइवर की बेटी की शादी में 1 लाख देंगे, 10 लाख इंश्योरेंस भी

नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने प्रचार तेज कर दिया है। दिल्ली के पूर्व सीएम और आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के ऑटो चालकों को साधने के लिए कदम उठाए हैं। केजरीवाल ने ऐलान किया है कि ऑटो चालकों का 10 लाख तक का इंश्योरेंस होगा। केजरीवाल कोंडली पहुंचे, जहां वह एक ऑटो चालक के घर दोपहर का भोजन किया। पूर्व सीएम ने एक ऑटो चालकों की बेटी की शादी में 1 लाख रुपए की सहायता का भी ऐलान किया है। उन्होंने ऑटो चालकों को लेकर और भी कई ऐलान किए हैं। केजरीवाल ने कहा कि मैं आज ऑटो चालकों के लिए 5 चीजों की घोषणा कर रहा हूं, जिन्हें फरवरी में दिल्ली में दोबारा सत्ता में



आने पर लागू किया जाएगा। सबसे पहले हम ऑटो चालक की बेटी की शादी पर एक लाख देंगे। ऑटो चालकों को अपनी वर्दी बनवाने के लिए दिवाली और होली पर 2500 रुपए दिए जाएंगे। हम प्रत्येक ऑटो चालक को 10 लाख रुपए का जीवन बीमा और 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा देंगे। ऑटो चालकों के बच्चों की प्रतियोगी परीक्षाओं की पढ़ाई की फीस सरकार देगी।

## सुक्खू सरकार में 'शर्मिंदगी' का गजब का हाल

# हिमाचल में कुकर का लिया किराया रोडवेज बस का यह टिकट वायरल

मंडी

समोसे पर फजीहत कराने के बाद अब हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार रोडवेज बस में कुकर का किराया काटकर एक बार फिर शर्मिंदगी झेलने को तैयार है। सुक्खू सरकार में एचआरटीसी बस के अंदर खाना बनाने वाले कुकर का किराया लिया गया है। कंडक्टर ने सवारी के साथ कुकर का टिकट भी काटा, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यहां बसों में लगेज पॉलिसी को लेकर लगातार विवाद उठ रहा है। रोडवेज बसों में अब यात्रियों को अपने साथ लेकर चलने वाले सामान का भी किराया भरना पड़ रहा है। यहा मामला मंडी से सामने आया है।



### नई लगेज पॉलिसी से मचा बवाल

सवारी मंडी से औट तक जा रहा था, ऐसे में उसके कुकर के कंडक्टर ने 23 रुपए किराए के तौर पर वसूल किए। वैसे मंडी से औट की दूरी 42 किलोमीटर, जिसका एक सवारी का किराया 92 है। बस की नई लगेज पॉलिसी के बाद 5किलो से कम वजन वाले सामान का एक चौथाई किराया वसूला जा रहा है। 1 से 6 किलो वाले सामान का एक चौथाई टिकट लेने के आदेश हैं।





## महाकुंभ में संस्कृति का भी संगम कराएगी योगी सरकार

# गायन, वादन, नृत्य के साथ काव्यरस से लोग होंगे सराबोर

प्रयागराज

महाकुंभ में संस्कृति का भी संगम होगा। योगी सरकार द्वारा यहां गायन, वादन, नृत्य समेत हर विधा के कलाकारों को मंच मुहैया कराया जाएगा। 10 जनवरी से 24 फरवरी तक यहां अनेक सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी, जिसमें कवि सम्मेलन भी शामिल है। श्रद्धालु, पर्यटन व कल्पवासी वीर रस, श्रृंगार रस, हास्य रस, करुण रस, भक्ति रस आदि में कविताओं का श्रवण करेंगे। कवि सम्मेलन में मेजबान उत्तर प्रदेश के साथ ही अन्य प्रदेशों के कवि भी शामिल होंगे। विष्णु सक्सेना, बुद्धिनाथ मिश्र, अशोक चक्रधर, हरिओम पंवार, कुमार विश्वास, शैलेश लोढ़ा, मनोज मुंतशिर, विनीत चौहान, अनामिका अंबर, गजेंद्र सोलंकी, दिनेश रघुवंशी सुनील जोगी सरीखे कवियों का काव्य पाठ भी प्रस्तावित है।

### 10 जनवरी से 24 फरवरी तक अनेक सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी



### स्थानीय कवियों को भी मिलेगा मंच

10 जनवरी से कवि सम्मेलन प्रारम्भ होगा। इसमें स्थानीय कवियों को भी योगी सरकार अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराएगी। पहले दिन वाराणसी के अनिल चौबे, प्रयागराज के श्लेष गौतम, रायबरेली के अभिजीत मिश्रा, आजमगढ़ के भालचंद्र त्रिपाठी, सोनभद्र की विभा सिंह श्रोताओं को कविताएं सुनाएंगी। 11 जनवरी को प्रयागराज के शैलेंद्र मधुर, रायबरेली के नीरज पांडेय, ललितपुर के पंकज पंडित, लखनऊ के शेखर त्रिपाठी, प्रयागराज की आभा माथुर कविता पाठ करेंगी। 16 जनवरी को देहरादून के नामचीन कवि बुद्धिनाथ मिश्र, देवास के शशिकांत यादव, इंदौर के अमन अक्षर, प्रयागराज के हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी शामिल होंगे।

### हरिओम पवार वीर रस, विष्णु सक्सेना श्रृंगार रस से करेंगे मनोरंजन

महाकुंभ में होने वाले सांस्कृतिक संगम में कई नामचीन कवि रहेंगे। इसमें अशोक चक्रधर व विष्णु सक्सेना का भी काव्य पाठ होगा। दोनों कवियों का 18 जनवरी को कार्यक्रम प्रस्तावित है। 19 को कवयित्री अनामिका अंबर, सुरेंद्र दुबे, गजेंद्र सोलंकी काव्य पाठ करेंगे। वीर रस के सशक्त हस्ताक्षर डॉ. हरिओम पवार का काव्य पाठ 21 जनवरी को संभावित है। हास्य कविताओं से युवाओं के चहेते बने सुदीप भोला भी इसी दिन अपना काव्य पाठ करेंगे। नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती 23 जनवरी को गौरव चौहान का काव्य पाठ होगा। युवाओं के जेहन में छाए स्वयं श्रीवास्तव व मणिका दुबे का काव्यपाठ 24 जनवरी को प्रस्तावित है।

### विश्वास, सुनील, दिनेश और शैलेश करेंगे कविता पाठ

27 जनवरी को सुनील जोगी और अपनी कविता से अलग पहचान बनाने वाली कविता तिवारी 31 जनवरी को महाकुंभ के मंच पर रहेंगी। फरीदाबाद के दिनेश रघुवंशी का काव्य पाठ 8 फरवरी और 22 फरवरी को कुमार विश्वास का काव्य पाठ होना प्रस्तावित है। 'तारक मेहता' के किरदार के रूप में घर-घर में पसंद किए जाने वाले शैलेश लोढ़ा भी महाकुंभ में अपनी कविताओं की छाप छोड़ेंगे। मनोज मुंतशिर, दिनेश दिग्गज आदि कलाकारों की कविताओं का भी काव्य पाठ श्रोताओं को अभिभूत करेगा।

## तमिलनाडु के सीएम स्टालिन बोले


# मैं अडाणी से कभी नहीं मिला जेपीसी जांच की मांग उठाई

चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को बताया कि उन्होंने उद्योगपति गौतम अडाणी से कभी मुलाकात नहीं की। स्टालिन ने सवाल किया कि क्या भाजपा और उसकी सहयोगी पीएमके अडाणी मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) जांच के लिए तैयार हैं। विधानसभा में पीएमके नेता जीके मणि की ओर से उठाए गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए स्टालिन ने कहा कि उनका उस उद्योगपति से कोई संबंध नहीं है, जिसके बारे में पीएमके और भाजपा यह 'गलत सूचना' अभियान चलाकर फैला रही है कि उसका (सीएम का) उनसे (अडाणी से) संबंध है। स्टालिन ने मणि की ओर इशारा करते हुए पूछा



किबिजली मंत्री सेंथिल बालाजी पहले ही विस्तृत तरीके से बता चुके हैं। मेरा और अदाणी का कोई संबंध नहीं है। क्या आप इस मुद्दे पर जेपीसी जांच के लिए तैयार हैं?कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दल रिश्वतखोरी के आरोपों में अडाणी और कंपनी के अन्य अधिकारियों पर अमेरिकी अदालत में अभियोग चलाए जाने के बाद जेपीसी जांच की मांग कर रहे हैं।



# फिल्म 'पुष्पा 2' की सुनामी वर्ल्डवाइड 800 करोड़ पार

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' देश की पहली फिल्म साबित हुई है जिसने सबसे पहले वर्ल्डवाइड 500 करोड़ क्लब में एंट्री मारी है। पहले ही वीकेंड में ये फिल्म अपने 500 करोड़ के बजट को पार कर गई है। रिपोर्ट का मुताबिक, इस फिल्म ने रविवार को 141.5 करोड़ रुपए की कमाई की है और कुल मिलाकर फिल्म ने 529.45 करोड़ का आंकड़ा रविवार को ही पार कर लिया है। इस फिल्म ने अब तक तेलुगू में 198.55 करोड़, हिन्दी में 285.7 करोड़, तमिल में 31.1 करोड़, कन्नड़ में 3.55 और मलयालम में 10.55 करोड़ की कमाई कर डाली है।

लाइफ Style

# मलाइका

## वीडियो ने इंटरनेट पर मचाया तहलका

दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट से दीपिका पादुकोण की झलक देखने के बाद फैंस ने उम्मीद भी नहीं की थी कि मलाइका अरोड़ा भी उन्हें सरप्राइज देने वाली है। हाल ही में मलाइका अरोड़ा को एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट में देखा गया।

एक्ट्रेस को उनके हिट गानों का लुत्फ उठाते और सिंगर के साथ मंच पर झूमते हुए देखा गया। लेकिन, ये शाम और हसीन तब बन गई जब दोनों ने मंच पर एक-दूसरे को गले लगाया। अब, एपी ढिल्लों और मलाइका अरोड़ा का एक वीडियो इंटरनेट पर छाया हुआ है जो इसी इवेंट का है। एपी ढिल्लों का मुंबई में एक कॉन्सर्ट था और इस इवेंट में मलाइका अरोड़ा भी मौजूद रहीं। अपने स्टाइल के लिए जानी जाने वाली बॉलीवुड की 'छैंया छैंया' गर्ल हल्के मेकअप और खुले बालों के साथ स्लीवलेस ब्लैक ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उनका ये लुक कॉन्सर्ट में सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रहा था। वहीं अब सोशल माडिया पर मलाइका और ढिल्लों का एक वीडियो सामने आया है जो चर्चा में बना हुआ है। इस वीडियो में, हम मलाइका को मंच पर जाते हुए देख सकते हैं। जहां वह एक दूसरे को गले लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं एक वीडियो में, एपी ढिल्लों अपने दिल की बात करते नजर आ रहे हैं। जब एक्ट्रेस मंच से वापस आ रही थी तो सिंगर ने खुलासा किया कि वह उनकी बचपन से क्रश हैं और इस खुलासे के बाद कॉन्सर्ट में मौजूद लोगों उनके लिए तालियां बजाने लगे।



हॉलीवुड मसाला



# हैली ने जोश से की सगाई

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेत्री हैली स्टेनफेल्ड और जोश एलन ने सगाई कर ली है। एक्टर ने ये न्यूज फैंस के साथ शेयर करते हुए एक इंस्टाग्राम पोस्ट की। फोटो में हैली को घुटनों पर बैठकर जोश को प्रपोज करते हुए देखा जा सकता है। तस्वीर में जोश को फूलों से बनें एक आर्क के सामने घास पर घुटने के बल बैठा हुए देखा जा सकता है। वहीं हैली उन्हें किस करने के लिए झुकी हुई हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में सगाई की तारीख भी बताए जो कि 11*22*24 है।




# रिच के साथ रिलेशनशिप में आए जॉनी डेप...

**लॉस एंजिलिस।** जॉनी डेप को पूरी दुनिया एक ऐसे कलाकार के तौर पर जानती है जो स्क्रीन पर आते ही सबको अपना दीवाना बना लेता है। जॉनी पिछले कुछ सालों से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर टॉक ऑफ द टाउन बने हुए हैं। अंबर हर्ड से तलाक के दौरान खबरें आई थीं कि एक्टर एडवोकेट जोएल रिच के साथ रिलेशनशिप में आए थे। हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि दोनों एक दूसरे को लेकर खासा सीरियस नहीं थे। अब 'पायरेट्स ऑफ कैरेबियन' स्टार एक बार फिर गॉसिप गलियारों में चर्चा का विषय बन गए हैं। जिसकी वजह स्पेनिश इन्फ्लुएंसर जेस बोर्डिउ हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ महीने पहले स्पेनिश इन्फ्लुएंसर जेस बोर्डिउ का एक वीडियो सोशल मीडिया काफी वायरल हुआ था।



# बॉलीवुड सितारों ने जमकर लुटाया प्यार...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा आज अपना 43वां जन्मदिन मना रही हैं। अभिनेत्री के जन्मदिन पर फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारों और उनके दोस्तों ने शुभकामनाएं दीं। दीया मिर्जा ने बॉलीवुड की कई हिट और बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। अभिनय के साथ-साथ दीया पर्यावरण को लेकर भी काफी सजग रहती हैं और उनसे जुड़े जागरूकता कार्यक्रमों का हिस्सा बनती हैं। 'रहना है तेरे दिल में' की अभिनेत्री को सबसे पहले बधाई देने वालों में करीना कपूर खान भी शामिल थीं, जिन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक प्यारा सा संदेश लिखा। दीया मिर्जा के जन्मदिन पर करीना कपूर खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर उनकी एक शानदार ब्लैक-एंड-व्हाइट तस्वीर पोस्ट की, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, हैप्पी बर्थडे खूबसूरत दीया, ढेर सारा प्यार।



# दूसरे बच्चे की प्लानिंग पर शरमा गए...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन से हाल ही में ऐश्वर्या राय के साथ दूसरे बच्चे के बारे में पूछा गया तो वो शरमा गए। अभिषेक और ऐश्वर्या, आराध्या बच्चन के माता-पिता हैं, जो सिंगल चाइल्ड हैं। हालांकि, रितेश देशमुख के शो 'केस तो बनता है' में अभिषेक बच्चन आए और इस दौरान एक्टर से दूसरे बच्चे की प्लानिंग के बारे में सवाल किया गया। रितेश ने अभिषेक से कहा, 'अमिताभ जी, ऐश्वर्या, आराध्या और आप अभिषेक। ये सारे नाम 'ए' अक्षर से शुरू होते हैं। तो जया आंटी और श्वेता ने ऐसा क्या कर लिया...' इससे अभिषेक बच्चन जोर से हंसने लगे। रितेश ने कहा, 'आराध्या के बाद?' अभिषेक ने जवाब दिया, 'नहीं अभी अगली पीढ़ी जो आएगी तब देखेंगे ना।' ऐश्वर्या राय के साथ दूसरे बच्चे के सुझाव पर अभिषेक बच्चन शरमा गए।

टीवी मसाला





# वरुण धवन का पोल डांस देख शरमाए एटली

**मुंबई।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का दूसरा सीजन अब खत्म होने जा रहा है। होस्ट कपिल शर्मा ने इसका ऐलान कर दिया है। कपिल शर्मा ने बताया कि 14 दिसंबर को 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो 2' का आखिरी एपिसोड होगा। यानी उस दिन इसका फिनाले हो जाएगा।

# बेटी दुआ को सीने से लगाए दिखीं दीपिका नन्ही परी का छिपाया चेहरा...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने हाल ही में बेंगलुरु में गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ के संगीत कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अभिनेत्री ने कॉन्सर्ट को खूब एन्जॉय किया। दिलजीत के कॉन्सर्ट के बाद अब अभिनेत्री मुंबई लौट आई हैं। इस दौरान उन्हें अपनी बेटी दुआ पादुकोण सिंह के साथ स्पॉट किया गया। इस दौरान उन्होंने अपनी बेटी को सीने लगाए रखा और उनका चेहरा भी छिपाती नजर आईं। पैपराजी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, दीपिका अपनी बेटी को गोद में लिए हुए मुंबई के कलिना हवाई अड्डे से बाहर निकलती हुई दिखाई दे रही हैं। अभिनेत्री एक साधारण लाल गाउन में बेहद




खूबसूरत लग रही थीं, क्योंकि उन्होंने अपनी छोटी बच्ची को गोद में उठाया हुआ था। दिलजीत के बेंगलुरु कॉन्सर्ट के दौरान दीपिका मंच पर शामिल हुईं। इस दौरान दिलजीत ने अभिनेत्री की तारीफ की। उन्होंन उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा, "हमने उन्हें बड़े पर्दे पर देखा है, बहुत खूबसूरत। उन्होंने अपने दम पर बॉलीवुड में जगह बनाई है। आपको गर्व होना चाहिए, हम सभी को गर्व है।" दीपिका ने दिलजीत के हिट ट्रैक 'लवर्स' पर उनके साथ थिरकते हुए वहां मौजूद

# खलनायक का सबसे खतरनाक लुक देख थर्राए फैन....



*मुंबई। टाइगर श्रॉफ 'बागी' बनकर फिर लौट रहे हैं और इस बार उनका अंदाज और भी इंटेंस होने वाला है। टाइगर श्रॉफ की फ्रेंचाइजी फिल्म 'बागी 4' का लेटेस्ट पोस्टर रिलीज हो गया है, जिसमें वह बेहद खूंखार लुक में दिखाई दे रहे हैं। टाइगर श्रॉफ स्टारर इस फिल्म के पिछले तीन पार्ट ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था और अब चौथे पार्ट को लेकर लोगों में जबरदस्त क्रेज है। अब पोस्टर में संजय दत्त का किरदार और लुक सामने आ गया है, जिसने सभी को हैरान कर दिया है। केजीएफ 2 और शमशेरा के बाद, अभिनेता एक बार फिर एक खलनायक की भूमिका निभाते नजर आएंगे। टाइगर श्रॉफ के पोस्टर में उन्हें बाथरूम में कमोड पर बैठे हुए दिखाया गया है। वह खून से लथपथ था।*




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.